

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

# समाज जागरण

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्ष: 1 अंक: 311 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) मंगलवार 29 अगस्त 2023 http://samajjagran.in पृष्ट - 12 मूल्य 5 रुपया


# अमरमणि की रिहाई के बाद अब संतोष राय पहुंचा सुप्रीम कोर्ट

## मधुमिता हत्याकांड में क्या था इसका रोल

**समाज जागरण**

लखीमपुर खीरी. यूपी के बहुचर्चित मधुमिता शुक्ला हत्याकांड में मुख्य दोषी पूर्व कैबिनेट मंत्री अमरमणि त्रिपाठी और उनकी पत्नी मधुमणि त्रिपाठी की रिहाई हो चुकी है. दोनों की रिहाई होने के बाद अब मधुमिता हत्याकांड का दोषी संतोष राय भी समय से पहले रिहाई को लेकर सुप्रीम कोर्ट पहुंचा है. संतोष राय ने भी अमरमणि त्रिपाठी और मधुमणि त्रिपाठी की रिहाई हवाला देते हुए सुप्रीम कोर्ट से गुहार लगाई है कि वो सरकार को उसकी रिहाई पर फैसला करने के निर्देश जारी करें. हत्याकांड में शूटर्स के रूप में संतोष राय शामिल था.

सुप्रीम कोर्ट में अर्जी लगाते हुए संतोष राय की ओर से कहा गया कि जब तक उसकी दया याचिका पर फैसला न हो तब तक उसे अंतरिम जमानत दी जाए. खास बात ये है कि उसकी याचिका पर सुनवाई भी 25 अगस्त को उसी बेंच के सामने हुई, जिसने मधुमिता शुक्ला की बहन निधि शुक्ला की अर्जी पर सुनवाई की और अमरमणि त्रिपाठी और मधुमणि त्रिपाठी की रिहाई पर रोक लगाने से इनकार कर दिया था.

### यूपी और उत्तराखंड सरकार को पहले ही दी रिहाई अर्जी

अब संतोष की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट एक सितंबर को सुनवाई करेगा. इस दौरान यूपी सरकार और उतराखंड सरकार को जवाब दाखिल करना है. वकील हर्षवर्धन विशेन द्वारा दाखिल याचिका में



संतोष राय ने कहा है कि उसने केंद्र, यूपी और उतराखंड सरकार को समय से पहले रिहाई की अर्जी दाखिल की है और अब तक उस पर फैसला नहीं किया गया है.


लखीमपुर खीरी. यूपी के बहुचर्चित मधुमिता शुक्ला हत्याकांड में मुख्य दोषी पूर्व कैबिनेट मंत्री अमरमणि त्रिपाठी और उनकी पत्नी मधुमणि त्रिपाठी की रिहाई हो चुकी है. दोनों की रिहाई होने के बाद अब मधुमिता हत्याकांड का दोषी संतोष राय भी समय से पहले रिहाई को लेकर सुप्रीम कोर्ट पहुंचा है. संतोष राय ने भी अमरमणि त्रिपाठी और मधुमणि त्रिपाठी की रिहाई हवाला देते हुए सुप्रीम कोर्ट से गुहार लगाई है कि वो सरकार को उसकी रिहाई पर फैसला करने के निर्देश जारी करें. हत्याकांड में शूटर्स के रूप में संतोष राय शामिल था.

सुप्रीम कोर्ट में अर्जी लगाते हुए संतोष राय की ओर से कहा गया कि जब तक उसकी दया याचिका पर फैसला न हो तब तक उसे अंतरिम जमानत दी जाए. खास बात ये है कि उसकी याचिका पर सुनवाई भी 25 अगस्त को उसी बेंच के सामने हुई, जिसने मधुमिता शुक्ला की बहन निधि शुक्ला की अर्जी पर सुनवाई की और अमरमणि त्रिपाठी और मधुमणि त्रिपाठी की रिहाई पर रोक लगाने से इनकार कर दिया था.

### यूपी और उत्तराखंड सरकार को पहले ही दी रिहाई अर्जी

अब संतोष की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट एक सितंबर को सुनवाई करेगा. इस दौरान यूपी सरकार और


### जेल में कितनी काटी सजा?

उसने बताया है कि वो 27 मार्च 2023 को छूट के साथ 18 साल 1 महीने 14 दिन की कुल अवधि के लिए और छूट के साथ 21 साल 10 महीने 15 दिन की अवधि के लिए जेल में बंद हैं. याचिकाकर्ता छूट और समयपूर्व रिहाई के लिए विचार किए जाने का पात्र है. अदालत सरकार को मामले पर विचार करने का निर्देश दे.

### सुप्रीम कोर्ट में वकील ने रखा ये तर्क

हर्षवर्धन विशेन ने दलील दी है कि सह-अभियुक्त मधुमणि त्रिपाठी और अमरमणि त्रिपाठी की याचिका पर भी सुप्रीम कोर्ट ने अधिकारियों को उनके द्वारा समय पूर्व रिहाई के लिए दायर आवेदन पर विचार करने का निर्देश दिया था. इसी तरह सुप्रीम कोर्ट उसके मामले पर भी तुरंत फैसला करने को कहे. तब तक उसे अंतरिम जमानत पर रिहा किया जाए.


उतराखंड सरकार को जवाब दाखिल करना है. वकील हर्षवर्धन विशेन द्वारा दाखिल याचिका में संतोष राय ने कहा है कि उसने केंद्र, यूपी और उतराखंड सरकार को समय से पहले रिहाई की अर्जी दाखिल की है और अब तक उस पर फैसला नहीं किया गया है.


हरियाणा विधानसभा मानसून सत्र का दूसरा दिन

## नूंह में हिंसा के लिए कांग्रेस जिम्मेदार- अनिल विज

चण्डीगढ़, 28 अगस्तः( विनोद कश्यप) । नूंह हिंसा मामला को लेकर हरियाणा के गृहमंत्री अनिल विज का सदन बड़ा बयान देकर माहौल में गर्मी पैदा कर दी है। उन्होंने कहा कि अभी तक जितने लोग गिरफ्तार हुए हैं उनसे हुई जांच के आधार पर यह सामने आया है कि इस हिंसा की जिम्मेदार कांग्रेस है।

अनिल विज ने कहा कि फिरोजपुर झिरका से कांग्रेस विधायक मामन खान के खिलाफ सबूत मिले हैं जांच के दौरान यह सामने आया है उनकी गतिविधियों को लेकर उन्हें नोटिस जारी किया गया है और जांच में शामिल होने के लिए कहा गया है। उन्होंने नूंह मसले कर कहा कि हमारे देश में हर धर्म तो धार्मिक गतिविधियां करने की इजाजत है। इसलिए नूंह में ब्रज यात्रा की।

अनिल विज ने दोबारा बोलना शुरू किया और कहा कि वहां अभी तक 500 लोग गिरफ्तार हुए हैं और जो जांच हुई है उससे से नजर आ रहा है कि ये सब कांग्रेस का किया धरा है।

## चंद्रयान थ्री की सफलता में फतेहपुर की भी बेटी का रहा महत्वपूर्ण योगदान...

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर। डॉ. प्रियंका मिश्रा पुत्री रंजना मिश्रा एवं भूपेंद्र मिश्रा का बचपन और प्राथमिक शिक्षा दीक्षा स्थानीय आवास विकास कालोनी (फतेहपुर) में ही रहकर हुई। इसके पश्चात प्रियंका इसरो में साइंटिस्ट के रूप में सेवाएं देने लगी। चंद्रयान थ्री मिशन में सफलता के लिए उनका भी अद्वितीय योगदान रहा है। गौरतलब है कि भारत के अंतरिक्ष अन्वेषण



के प्रयासों के लिए एक महत्वपूर्ण अद्वितीय क्षण में डॉ. प्रियंका मिश्रा एक प्रतिष्ठित वैज्ञानिक चंद्रयान थ्री के मिशन लीड के रूप में एक अत्यद्भुत मील का पत्थर साबित हो चुकी हैं। देश उनके इस महत्वपूर्ण चंद्रमा मिशन में की गई नारी शक्ति की असाधारण क्षमता और योगदान के लिए जिले से लेकर इसरो तक गर्व से उनका स्वागत करता है।

## हलवाई ट्रेड का साक्षात्कार 29 अगस्त को

समाज जागरण बलिया : प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजनातर्गत वर्ष 2023-24 के अंतर्गत जनपद में बढई, लोहार, राजमिस्त्री, कोहार, बसफोर, मोची, हलवाई, दर्जी ट्रेड का आवेदन 10 दिवसीय प्रशिक्षण के लिए 03 जुलाई से 03 अगस्त तक आवेदन आमंत्रित किए गए थे।

जिसमें हलवाई तथा दर्जी को छोड़कर शेष ट्रेड के आवेदन 28 अगस्त तक आमंत्रित किए गए हैं तथा हलवाई ट्रेड का स-क्षात्कार (इंटरव्यू ) 29 अगस्त को प्रातः 11 बजे जिला ग्राम उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केंद्र में होगा। सभी आवेदन को अपने मूल प्रमाण पत्र के साथ में लाना अनिवार्य है, जिससे अभ्यर्थी का मिलान किया जा सके। विशेष जानकारी के लिए किसी भी कार्य दिवस में जिला उद्योग केंद्र से प्राप्त की जा सके।

# रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने PM मोदी को किया फोन, चंद्रयान-3 की दी बधाई

## कहा- G20 समिट में नहीं हो पाऊंगा शामिल


**नई दिल्ली.** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से टेलीफोन पर बातचीत की. दोनों शीर्ष नेताओं ने द्विपक्षीय सहयोग के कई मुद्दों पर प्रगति की समीक्षा की और जोहान्सबर्ग में हाल ही में संपन्न ब्रिक्स शिखर सम्मेलन सहित आपसी चिंता के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान किया.

प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने एक बयान में यह जानकारी दी. पीएमओ के मुताबिक, टेलीफोन पर हुई इस बातचीत के दौरान राष्ट्रपति पुतिन ने 9-10 सितंबर को नई दिल्ली में होने वाले जी-20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने में असमर्थता व्यक्त की और प्रधानमंत्री को बताया कि इस बैठक में रूस का प्रतिनिधित्व रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव करेंगे.

रूस के इस निर्णय का सम्मान करते हुए प्रधानमंत्री ने भारत की जी-20 अध्यक्षता के तहत सभी पहलों के लिए रूस के निरंतर समर्थन के लिए राष्ट्रपति पुतिन को धन्यवाद दिया. पीएमओ के मुताबिक, दोनों नेताओं ने संपर्क में बने रहने पर सहमति जताई.

### 9-10 सितंबर को दिल्ली में होगा G-20 सम्मेलन

क्रेमलिन ने शुक्रवार को ही व्लादिमीर पुतिन के ह्यव्यस्त कार्यक्रमह्ल का हवाला देते हुए ऐलान किया था कि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन 9-10 सितंबर को नई दिल्ली में होने वाले जी20 शिखर सम्मेलन में



व्यक्तिगत रूप से शिरकत नहीं करेंगे. क्रेमलिन ने बताया था कि पुतिन का मुख्य उद्देश्य अब भी यूक्रेन में 'विशेष सैन्य अभियान' है.

विश्व के जी20 नेताओं का शिखर सम्मेलन नई दिल्ली में नौ से 10 सितंबर तक होगा. शिखर सम्मेलन के भारत में विश्व के नेताओं की सबसे बड़ी बैठकों में से एक होने की उम्मीद है. भारत ने एक दिसंबर 2022 को इंडोनेशिया से जी20 की अध्यक्षता हासिल की थी.

### ब्रिक्स सम्मेलन में भी पुतिन नहीं हुए थे शामिल

रूस ने 24 फरवरी, 2022 को यूक्रेन के खिलाफ एक ह्यविशेष सैन्य अभियानह्ल शुरू किया था. भारत संबंधित यूक्रेन विवाद को बातचीत और कूटनीति के जरिए सुलझाने पर जोर देता रहा है. आधिकारिक तास समाचार एजेंसी ने क्रेमलिन के प्रवक्ता के हवाले से कहा था, 'उनका (पुतिन) वास्तव में व्यस्त कार्यक्रम है. और जाहिर है मुख्य ध्यान अभी भी विशेष सैन्य अभियान है. इसलिए सीधी यात्रा अभी एजेंडे में नहीं है.' जोहानिसबर्ग में हाल ही में समाप्त हुए ब्रिक्स शिखर सम्मेलन को पुतिन ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से संबोधित किया था और उनका प्रतिनिधित्व रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने किया था.

राष्ट्रपति पुतिन ने कोविड-19 के बाद हुए पहले प्रत्यक्ष ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग न लेने का फैसला किया था क्योंकि अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय (आ-ईसीसी) ने यूक्रेनी बच्चों को रूस में निर्वासित करने की एक कथित योजना को लेकर मार्च में उनके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया था. दक्षिण अफ्रीका आईसीसी से जुड़ा हस्ताक्षरकर्ता है और आशंका थी कि वह पुतिन के आने पर उनकी गिरफ्तारी कराने में मदद करता.

## हरियाणा के विभिन्न क्षेत्रों में बनाया जाएगा बस अड्डा - मूलचंद शर्मा

**समाज जागरण**

चण्डीगढ़, 28 अगस्तः( विनोद कश्यप) । हरियाणा सरकार प्रदेशवासियों को हर प्रकार की सुविधाएं देने के हर सफल प्रयास करती रहती है। एक बार फिर हरियाणा के परिवहन मंत्री मूलचन्द शर्मा द्वारा नए बस अड्डों के निर्माण की घोषणा की गई है। इन बस अड्डों का निर्माण हरियाणा के अनेक जिलों में होगा। क्योकि आज भी कई इसी जगह है जहां बसों की सुविधाएँ उपलब्ध नही है। बस स्टैंड न होने के कारण उस जगह के लोगों को बहूत दूर जाना पड़ता है। इन्ही चीजों को ध्यान में रखते हुए परिवहन मंत्री ने ऐलान किया कि सोनीपत, फर-ीदाबाद, गुरुग्राम व करनाल में नए बस अड्डो का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि अभी इन जिलों में बस अड्डे शहर के काफी अंदर की तरफ है व भीड़भाड़ वाली स्थानों पर ट्रैफिक लगा रहता है । जिसके कारण इनमें बहूत ज्यादा समय बर्बाद हो जाता है। परंतु अब इनको शहर के बाहर की तरफ बनाया जाएगा।

हरियाणा के परिवहन मंत्री मूलधन शर्मा द्वारा पिछले मंगलवार के दिन सोनीपत जिले का भ्रमण किया गया था। उन्होंने जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक में शामिल हुए। जिसमें बहूत से लोगों की शिकायतें थीं। मूलचंद शर्मा द्वारा बताया गया कि इस विषय में शीघ्र ही संबंधित डिपो के महाप्रबंधक से बात-चीत की जाएगी।

## आदेश रंजन ने क्षेत्रीय बैडमिंटन में प्रथम स्थान प्राप्त किया

### होनहार विरवान के होत चीकने पात की कहावत को आदेश रंजन ने चरितार्थ किया

नोएडा होनहार विरवान के होत चीकने पात की कहावत को चरितार्थ करते हुए सरस्वती शिशु मंदिर सेक्टर 12 के छात्र आदेश रंजन ने बैडमिंटन के कयी मुकाम हासिल किया। नैनीताल में आयोजित क्षेत्रीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में सेक्टर 12 सरस्वती शिशु मंदिर के छात्र एवं पाकेट 7 सेक्टर 82 के रहने वाले छात्र आदेश रंजन ने प्रथम स्थान प्राप्त कर मेंडल पर कब्जा किया।

आदेश रंजन ने पिछले साल गाज़ियाबाद में आयोजित विभागीय खेल कूद प्रतियोगिता में बैडमिंटन में मेंडल जीत कर लाया था।

हापुड़ में 20 अगस्त में आयोजित बैडमिंटन प्रतियोगिता में भी मेंडल और प्रमाण पत्र जीते थे।

मेरठ में 24 अगस्त को विद्या भारती प्रान्तीय दलीय खेलकूद प्रतियोगिता में भी अच्छा प्रदर्शन किया और मेंडल और प्रमाण पत्र हासिल किया।

और 26 अगस्त को नैनीताल में आयोजित विद्या भारती कीक क्षेत्रीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल कर विद्यालय और परिवार का मान बढ़ाया है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि इस बच्चे के लिए कोई कोच भी नहीं रखा गया है।और खेल से संबंधित परिवार के किसी भी





सदस्य का कोई भी संबंध भी नहीं रहा है। यह अपने आप में बहुत ही सोचनीय विषय भी है।

इस जीत को लेकर आज सेक्टर 82 पाकेट 7 में एक खुशी का माहौल बना हुआ है। आदेश रंजन के घर पर बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। लोग मिठाइयां खिलाकर खुशी का इजहार करते रहे। हमारे जिला संवाददाता ने आदेश रंजन के घर पर पहुंच कर उनके परिजनों से बातचीत की।

हमारे जिला संवाददाता से आदेश रंजन के चाचा गोरे लाल ने एक बातचीत में बताया कि यह लड़का शुरू से ही खेल जगत में रूचि रखता था और आज इस बच्चे ने हमारे पूरे परिवार का नाम रोशन किया है।

उन्होंने आगे बताया कि हम लोग मूलतः बिहार के रहने वाले हैं। आदेश रंजन के पिता रंजन कुमार गांव में ही रहते हैं उनसे जब फोन पर बात हुई तो वह बहुत भावुक हो गए और रूंधे गले से उन्होंने खुशी का इजहार किया ।यह उनकी खुशी दिल में नहीं समा रही थी। आदेश रंजन के चाचा गोरे लाल ने कहा कि पिछले कई सालों से हम सपरिवार बच्चों की पढ़ाई के लिए नोएडा आ गये। स-रस्वती शिशु मंदिर सेक्टर 12 में पांचवीं में पढ़ता है। रोज सुबह जल्दी उठना और पार्कों में जाकर दौड़-भाग करना आदेश रंजन की दिनचर्या बनी हुई है। आदेश रंजन ने अपने विद्यालय और परिवार का नाम रोशन किया है। इस कामयाबी में प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग करने वाले लोगों का दिल से शुक्रिया अदा किया।

# ब्राह्मण स्वयंसेवक संघ ने किया भगवान भोलेनाथ का भव्य रुद्राभिषेक

शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ,
समाज जागरण

बलिया : ब्राह्मण स्वयंसेवक संघ जनपद बलिया के तत्वाधान में भगवान भोलेनाथ का भव्य रुद्राभिषेक का कार्यक्रम श्री तिलेश्वर नाथ महादेव मंदिर कुकुरहा चोगड़ा पर किया गया। पवित्र सावन मास में ब्राह्मण स्वयंसेवक संघ के द्वारा जन कल्याण के वास्ते यह आयोजन हुआ।

भव्य रुद्राभिषेक का कार्यक्रम पंडित आशीष पराशर एवं अरुण तिवारी के नेतृत्व में पांच पंडितों के द्वारा भगवान भोलेनाथ का रुद्राभिषेक संपन्न हुआ। मुख्य यजमान के रूप में संगठन के प्रदेश महासचिव राजेश कुमार मिश्र, पूर्व अध्यक्ष नगर पंचायत चितबड़ागांव केसरी नंदन त्रिपाठी,



जिला महासचिव विष्णु कुमार मिश्र, जिला सचिव सत्येंद्र पाण्डेय एवं आजमगढ़ मंडल प्रभारी /पत्रकार ओम प्रकाश पाण्डेय रहे। इस अवसर पर हवन पूजन एवं प्रसाद वितरण किया गया तथा चंद्रयान तीन के सफलता के लिए भगवान का आभार व्यक्त किया गया तथा जन कल्याण के लिए प्रार्थना भी हुई। इस अवसर पर प्रीति पाण्डेय, राज कुमारी पाण्डेय, अर्चना मिश्रा, सोनी तिवारी, मधु, दयाशंकर तिवारी,

### श्री तिलेश्वर नाथ मंदिर में

**-कुकुरहा चोगड़ा के शिवमंदिर में उमड़ा भक्तों के आस्था का सैलाब**

**-जन कल्याण के लिए ब्राह्मण स्वयंसेवक संघ का धार्मिक आयोजन**

रत्नाकर दुबे, उमाशंकर पांडेय, सरोज दुबे, मनीष दुबे, सुरेंद्र द्विवेदी, आनंद प्रकाश त्रिपाठी, राहुल तिवारी, मुन्ना तिवारी, आत्मा पांडेय, अतुल पांडेय, विजय पांडेय, शुभम ओझा, अनूप पांडेय सहित सैकड़ो की संख्या में ब्राह्मण बंधु उपस्थित रहे। इस अवसर पर संघ के शिक्षक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष सुरेंद्र दिवेदी के द्वारा भव्य भंडारे का आयोजन किया गया।

# रक्षा बंधन - ज्योतिषाचार्य गिरधर गोपाल

## रक्षा बंधन पर संशय क्यों ? मिश्रा जी

दैनिक समाज जागरण

**कामाख्या नारायण मिश्रा पत्रकार टुंडी**

ज्योतिषाचार्य गिरधर गोपाल मिश्रा जी के अनुसार रक्षा बंधन का पूर्व सावन माह की पूर्णिमा को मनाया जाता है। यह पर्व भाई-बहन के प्यारे, स्नेह, आशीर्वाद का पर्व है। इस वर्ष " विक्रम संवत 2080 के अनुसार 31/08/2023 को मनाया जायेगा, क्योंकि इस वर्ष 30/08/1023 को पूर्वाहन 10:22 मिनट को पूर्णिमा आ रहा है, और पूर्णिमा के साथ साथ भद्रा (विष्टि) लग रही है। भद्रा भी पृथ्वी लोक में है। शास्त्रों के अनुसार भदा आकाश लोक और पाताल लोक की भद्रा लाभदायक होती है। पृथ्वी लोक की भदा कष्टप्रद होती है। इसलिए भद्रा में रक्षा बंधन के पर्व को मनाना वर्जित है। भद्रा 30.08.2023 को रात्रि 8:58 मिनट पर समाप्त होगा । जैसा कि हम सब जानते है कि रात्रि में रक्षा बंधन का कार्य नहीं करना चाहिए, इस कारण इस वर्ष रक्षा बंधन का पर्व` 2023 को प्रातः सूर्योदय उपरांत मनाया जायेगा ।



अब इसमें कई लोगों के मन में ऐसा प्रश्न उठेगा कि प्रतिपदा तिथि को रक्षा बंधन कैसे मनायें ? इस प्रश्न का उत्तर देते हुए ज्योतिषाचार्य गिरधर गोपाल मिश्रा जी बतातें है कि सनातन धर्म के, "निर्णय सिंधु " ग्रंथ के आधार पर जिस तिथि में सूर्योदय हो, और वह तिथि तीन घटी तक रहें तो अगले सूर्योदय तक उसी तिथि का मान होगा। अंतः 31/08/2013 को पूरे दिन पूर्णिमा का मान होगा । इस कारण इस वर्ष रक्षा बंधन का पर्व 31/08/2013 को मनाना अति उत्तम होगा ।

# रक्षा बंधन पर्व की आस्था हृदय में बसाकर रखें

दैनिक समाज जागरण

पौराणिक ग्रंथों में ह्यआध्यात्मिक क्षेत्रह्ल के नाम से अलंकृत भारतवर्ष में मनाये जाने वाले व्रत- पर्व के साथ उनकी अलग अलग मान्यताएं जुड़ी हैं। यही वजह है कि भादोमास के इस रक्षाबंधन के त्यौहार को भी सर्वत्र भाई बहन के त्यौहार के रूप में मान्यता मिली हुई है। मूलतः रक्षाबंधन बहिन के स्नेह और भाई के प्रतिज्ञा और बलिदान का पर्व हैं। बहिन पर किसी भी प्रकार की विपत्ति की संभावना होने पर भाई उसकी रक्षा करने की प्रतिज्ञा से बंध जाते हैं वही रक्षाबंधन का मूल सारांश हैं भाईयों की कलाई पर बांध गये राखी के पवित्र धागों के भीतर कितनी मर्मस्पर्शी भावनाएं छिपी हुई हैं, यह तो केवल किसी बंधन के स्नेहिल हाथों से अपनी कलाई में राखी वाने वाला भाई ही बता सकता है। बहनें भाईयों की कलाई पर बांधे गये रक्षा धागों के माध्यम से एक प्रकार से भाई को प्रतिज्ञा के लिए आग्रह करती हैं की जरूरत पड़ने पर वे उनकी सुरक्षा करेंगे। भारतीय परंपरा में फलीफूली इस रक्षाबंधन में दोहरा अर्थ समाहित है , अपनी रक्षा की कामना करने वाली बहन अपने भाई की दीघार्यु और कल्याण के लिये मंगल कामनाएं करती हैं तो वही अपने सुरक्षा के लिए भाई से आश्वासन चाहती हैं। वैसे देखा गया है हमारे देश का प्रायः प्रत्येक पर्व पारिवारिक एवं सामायिक संबंधो को परिपुष्ट करता आ रहा है, हर त्यौहार समाज के लोगों में ऐसी भावनाओं का प्रसार प्रचार करती रही कि जिससे लोगों के बीच आपसी प्रेम और भाईचारा पनपे। लोग एक दूसरे के नजदीक आयें। वहीं अब तो आज के इस भौतिकवादी युग में इन त्यौहारों की भूमिका और भी अधिक और स्नेहिल हो चली है।

अब समाज में वैमनस्यता साप्रदायिकता का जहर काफी हद तक घुल चुका है, तब ऐसे विषम परिस्थितियों में रक्षाबंधन का पर्व वासंती बयार बनकर समाज में व्याप्त कलुषता की धूल उड़ाती हुई सामाजिक नवजीवन का प्राण ,अंग प्रत्यंग में भर जाती है। स्नेह दायित्व के इस पर्व नेतो अब हिंदु मुस्लिम और इसाई जैसे जैसे वर्गभेद की दीवार भी गिरा दी है। अब तो हर कौम के भाई बहन रक्षा बंधन के पर्व में सम्मिलित होकर भाईबहन के अटूट बंधन को और भी मजबूत बना रहे हैं। आज के इस बदलते हुये परिवेश में जब आदमी मशीन बनता जा रहा है, और समाज में कृत्रिमता और पूंजीवादी प्रभाव ने जीवन में तेज रफ्तार भर दिया है। वहीं मान्यताओं में भी जबरदस्त बदलाव भी आ रहा हैं। पाश्चात्य सभ्यता की चकाचौध में इस पवित्र रिश्ते का महत्व बरकरार रहे यह ख्याल हम सभी को रखना होगा। कहीं ऐसा न हो कि प्रतिस्पर्धा की इस दुनिया में भाई बहनों के रक्षाबंधन पर्व में निहित पवित्र भावना का ही लोप हो जाए।



**- सुरेश सिंह बैस शाश्वत**

# परमाणु परीक्षण विरोधी अंतरराष्ट्रीय दिवस

परमाणु परीक्षण विरोधी अंतरराष्ट्रीय दिवस प्रत्येक वर्ष 29 अगस्त को मनाया जाता है। इसका उद्देश्य लोगों में परमाणु हथियारों से होने वाले नुकसान एवं उनके दुष्प्रभावों के बारे में उन्हें जागरुक करना है। 2 दिसम्बर, 2009 को संयुक्त राष्ट्र महासभा के 64वें सत्र में 29 अगस्त को परमाणु परीक्षण विरोधी अंतरराष्ट्रीय दिवस के रूप में घोषित किया गया था। यह पहली बार वर्ष 2010 में मनाया गया था।

कजाखिस्तान द्वारा सेमीपलातिन्स्क में 29 अगस्त, 1991 को किये गये परमाणु परीक्षण के खिलाफ प्रस्ताव लाया गया था, जिसे अन्य देशों ने भी समर्थन प्रदान किया। यह दिवस संयुक्त राष्ट्र के सदस्य राष्ट्रों, अंतर सरकारी और गैर-सरकारी संगठनों और मीडिया को सूचित, शिक्षित और परमाणु हथियार परीक्षण पर प्रतिबंध लगाने की आवश्यकता पर बल देता है। प्रत्येक वर्ष इस अवसर पर विभिन्न सभाएं, सम्मेलन, प्रदर्शनियां एवं प्रतियोगिताएं आयोजित कराई जाती हैं।

**विश्व भर में परमाणु परीक्षण**

बीसवीं सदी में कई देशों ने परमाणु परीक्षण किए थे। पहला परमाणु परीक्षण अमेरिका ने 16 जुलाई, 1945 में किया था, जिसमें 20 किलोटन का परीक्षण किया गया था। अब तक का सबसे बड़ा परमाणु परीक्षण सोवियत रूस में अक्टूबर, 1961 को किया गया था, जिसमें 50 मेगाटन के हथियार का परीक्षण किया गया था। 2009 में उत्तरी कोरिया ने परमाणु परीक्षण किया था, जिसे विश्व के अधिकांश देशों ने निंदनीय बताया। विश्व के परमाणु शक्ति संपन्न राष्ट्रों ने अब तक कम से कम 2000 परमाणु परीक्षण किये हैं।

**परमाणु अप्रसार संधि**

परमाणु अप्रसार संधि (नॉन प्रॉलिफरेशन ट्रीटी) को एनपीटी के नाम से जाना जाता है। इसका उद्देश्य विश्व भर में परमाणु हथियारों के प्रसार को रोकने के साथ-साथ परमाणु परीक्षण पर अंकुश लगाना है। 1 जुलाई, 1968 से इस समझौते पर हस्ताक्षर होना शुरू हुआ। अभी इस संधि पर हस्ताक्षर कर चुके देशों की संख्या 190 है। जिसमें पांच के पास आण्विक हथियार हैं। ये देश हैं- अमेरिका, ब्रिटेन, फ्राँस, रूस और चीन।

सिर्फ चार संप्रभुता संपन्न देश इसके सदस्य नहीं हैं। ये हैं- भारत, इजरायल, पाकिस्तान और उत्तरी कोरिया। एनपीटी के तहत भारत को परमाणु संपन्न देश की मान्यता नहीं दी गई है। जो इसके दोहरे मापदंड को प्रदर्शित करती है। इस संधि का प्रस्ताव आयरलैंड ने रखा था और सबसे पहले हस्ताक्षर करने वाला राष्ट्र फिनलैंड था।

इस संधि के तहत परमाणु शक्ति संपन्न राष्ट्र उसे ही माना गया है, जिसने 1 जनवरी, 1967 से पहले परमाणु हथियारों का निर्माण और परीक्षण कर लिया हो। इस आधार पर ही भारत को यह दर्जा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नहीं प्राप्त है। क्योंकि भारत ने पहला परमाणु परीक्षण 1974 में किया था। उत्तरी कोरिया ने इस सन्धि पर हस्ताक्षर किये, फिर इसका उल्लंघन किया एवं इससे बाहर आ गया।

व्यापक परमाणु परीक्षण प्रतिबंध संधि

व्यापक परमाणु परीक्षण प्रतिबंध संधि (सीटीबीटी) को ही कांप्रेहेन्सिव टेस्ट बैन ट्रीटी कहा जाता है। यह एक ऐसा समझौता है, जिसके जरिए परमाणु परीक्षणों को प्रतिबंधित किया गया है। यह संधि 24 सितंबर, 1996 को अस्तित्व में आयी। अब तक इस पर 183 देशों ने हस्ताक्षर कर दिए हैं।

भारत और पाकिस्तान ने सीटीबीटी पर अब तक हस्ताक्षर नहीं किया है। इसके तहत परमाणु परीक्षणों को प्रतिबंधित करने के साथ यह प्रावधान भी किया गया है कि सदस्य देश अपने नियंत्रण में आने वाले क्षेत्रें में भी परमाणु परीक्षण को नियंत्रित करेंगे।

**123 समझौता**

'123 समझौता' नाम से प्रसिद्ध यह समझौता अमेरिका के परमाणु ऊर्जा अधिनियम 1954 की धारा 123 के तहत किया गया है। इसलिए इसे 123 समझौता कहते हैं। सत्रह अनुच्छेदों के इस समझौते का पूरा नाम है- "भारत सरकार और संयुक्त राज्य अमेरिका की सरकार के बीच नाभिकीय ऊर्जा के शांतिपूर्ण प्रयोग के लिए सहयोग का समझौता।"

इसके स्वरूप पर भारत और अमेरिका के बीच 1 अगस्त, 2007 को सहमति हुई। अमेरिका अब तक लगभग पच्चीस देशों के साथ यह समझौता कर चुका है। इस समझौते के अभिलेख में अमेरिका ने भारत को आणविक हथियार संपन्न देश नहीं माना है, बल्कि इसमें यह कहा गया है कि आणविक अप्रसार संधि के लिए अमेरिका ने भारत को विशेष महत्व दिया है।

वैश्विक परमाणु शक्तियों को आपस में हथियारों की होड़ से बचकर परमाणु ऊर्जा का मानवता की भलाई के लिए उपयोग करना चाहिए। जापान में परमाणु बम से हुई त्रासदी विश्व के लिए एक कटु उदाहरण है। भविष्य में होने वाले किसी भी परमाणु परीक्षण के विरोध में पूरे विश्व को एकसाथ खड़ा होना चाहिए तथा सभी परमाणु हथियारों से संपन्न देशों को परमाणु निरस्त्रीकरण की दिशा में कार्य करना चाहिए।

# साहित्य समालोचना

मेरी रचना कितनी प्रिय है,
मित्रों को कैसी लगती हैं,
समालोचना खुलके करिये
आदित्य को अच्छी लगती है।

कहा किसी ने खाद, सिंचाई,
विधिवत खेती में रुचि लीजे,
बंजर भूमि भी बने उपजाऊ,
फसल मिले मेहनत से ताऊ।

लिख लोढ़ा, पढ़ पत्थर मानव,
छिपी सम्पदा प्राप्त न होती,
आशीर्वाद बिना गुरुवर के,
काव्य कला चरितार्थ न होती।

पाषाण सदृश जब हृदय रहेगा,
बिन गुरूकृपा भक्ति नहीं होगी,
गुरूकृपा, गुरुज्ञान मिले जब,
दुर्गम मंज़िल सुगम ही होगी ।

भावना नही विचलित होती,
बिना भाव की हृदय हीनता,
साधुवाद ! कविता रचना की,
कवि की सृजनात्मक क्षमता।

कविता सुंदर तब बन जाती,
जब उद्गारों से भरी हुई हो,
कोई त्रुटी नहीं दिखती तब,
काव्य कल्पना जब सजती हो।

रचना भावों से भरी हुई हो,
कल्पना सार्थक दिख जाती,
कवि का प्रयास सुंदर लगता,
बेहद सरस रुचिर बन जाती ।

सद्भावों के संदेश और,
रचना जो प्रेषित करते हैं,
वह मित्रों, रिश्तेदारों को,
उसी रूप में उन्हें भेजते हैं ।

कविता, रचनायें पढ़ कर,
तारीफ सभी मिल करते हैं,
आदित्य तुम्हारे लेखों की,
प्रतीक्षा निरंतर करते हैं ।

उक्त प्रशंसा व समालोचना,
मित्रों प्रोत्साहन देती रहती ।
आदित्य मिले उत्साह ये जब,
लेखनी यूँ ही चलती रहती ।



कर्नल आदि शंकर मिश्र, आदित्य लखनऊ

# शिर्षक-हाँ मैं मजदूर हूँ

हाँ.. मैं मजदूर हूँ
आधार स्तम्भ हु देश का,
अर्थव्यवस्था की नींव हु
हाँ मैं मजदूर हु।

जेठ की चिलचिलाती धूप हो,
या हो सावन की बौछार।
पत्थरों को तोड़ता मै,
रुकते नही मेरे प्रहार।
हाथों में पड़ते छाले,
थक कर मैं चूर हु,
हाँ.. मैं मजदूर हूँ।

खुद झोपड़ी में रहता,
महल गैरों के सजाता हु।
खुद चीथड़ों से तन ढकता,
कपड़े दूसरों के लिये बनाता हूँ।
अनवरत मै करता मेहनत,
ऊर्जा से भरपूर हूँ।
हाँ... मैं मजदूर हूँ।

अगर मैं ना रहूं तो....
कौन बुनेगा धागों को?
कौन खेतों में हल चलाएगा?
कौन बनाएगा मॉलों को?
कौन नहरों में नीर बहायेगा?
कैसे बनेंगे मंदिर मस्जिद,
कौन गुरुद्वार बनाएगा?
मैं ही सजाता हूँ धरती को,
मैं बेरंग वह नूर हूँ।
इसलिए तो गर्व से कहता हूँ..
हाँ....मैं "मजदूर"हूँ
हाँ.... मैं"मजदूर"हूँ



**बिंदु अग्रवाल, किशनगंज, बिहार**

# ओणम

ओणम, केरल का एक प्रमुख त्यौहार है। जिस तरह उत्तरी भारत में दशहरे का त्योहार बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है, उसी प्रकार केरल में ओणम का त्योहार मनाया जाता है। अन्तर केवल इतना है कि दशहरे में दस दिन पहले राम लीलाओं का आयोजन होता है और ओणम से दस दिन पहले घरों को फूलों से सजाने का कार्यक्रम चलता है।

**मनाने का समय**

ओणम को मलयाली कैलेण्डर कोलावर्षम के पहले महीने 'छिंगम' यानी अगस्त-सितंबर के बीच मनाने की परंपरा चली आ रही है। ओणम के पहले दिन जिसे अथम कहते हैं, से ही घर-घर में ओणम की तैयारियां प्रारंभ हो जाती है और दस दिन के इस उत्सव का समापन अंतिम दिन जिसे 'थिरुओनम' या 'तिरुओणम' कहते हैं, को होता है।

**ओणम का अर्थ**

वास्तव में ओणम का अर्थ है "श्रावण"। श्रावण के महीने में मौसम बहुत खुशगवार हो जाता है, चारों तरफ हरियाली छा जाती है, रंगझबिरंगे फूलों की सुगन्ध से सारा चमन महक उठता है। केरल में चाय, अदरक, इलायची, काली मिर्च तथा धान की फसल पक कर तैयार हो जाती है। नारियल और ताड़ के वृक्षों से छाए हुए जल से भरे तालाब बहुत सुन्दर लगते हैं। लोगों में नयीझनयी आशाएँ और नयीझनयी उमंगें भर जाती हैं। लोग खुशी में भरकर श्रावण देवता और फूलों की देवी का पूजन करते हैं।

**तैयारियाँ**

ओणम के त्योहार से दस दिन पहले बच्चे प्रतिदिन बागों में, जंगलों में तथा फुलवारियों में फूल चुनने जाते हैं और फूलों की गठिरयाँ बाँधझबाँधकर अपने घर लाते हैं। घर का एक कमरा फूल घर बनाया जाता है। फूलों की गठिरयाँ उसमें रखते हैं। उस कमरे के बाहर लीपझपोत कर एक चौंक तैयार किया जाता है और उसके चारों तरफ गोलाई में फूल सजाए जाते हैं। दरवाजों, खिड़कियों और सब कमरों को फूलों की मालाओं से सजाया जाता है। जैसे - जैसे ओणम का मुख्य त्योहार निकट आता है, वैसे - वैसे फूलों की सजावट बढ़ती जाती है।

**मूर्ति की स्थापना**

इस तरह से आठ दिन तक फूलों की सजावट का कार्यक्रम चलता है। नौवें दिन हर एक घर में विष्णु भगवान की मूर्ति स्थापित की जाती है। औरतें विष्णु भगवान की पूजा के गीत गाती हैं और ताली बजाकर गोलाई में नाचती हैं। इस नाच को 'थप्पतिकलि' कहते हैं। बच्चे वामन अवतार के पूजन के गीत गाते हैं। इन गीतों को 'ओणम लप्ण' कहते हैं। रात को हर घर में गणेश जी तथा श्रावण देव की मूर्ति स्थापित की जाती है और उनके सामने मंगलदीप जलाए जाते हैं। इस दिन एक विशेष प्रकार का पकवान बनाया जाता है, जिसे 'पूवड़' कहते हैं।

**मुख्य त्योहार**

दसवें दिन ओणम का मुख्य त्योहार मनाया जाता है। जो कि त्रयोदशी के दिन होता है। इस दिन घर के सभी सदस्य सुबह सवेरे उठ कर स्नान कर लेते हैं और घर का बुजुर्ग सबको नयेझनये कपड़े पहनने के लिए देता है। लड़कियाँ एक विशेष प्रकार का पकवान, जिसे 'वाल्लसन' कहते हैं, बना कर श्रावण देवता, गणेश जी, विष्णु भगवान, वामन भगवान तथा फूलों की देवी पर चढ़ाती हैं और लड़के तीर चलाकर उस चढ़ाये हुए पकवान को वापस लौटा कर प्रसाद के रूप में ग्रहण करते हैं।

**तिरू ओणम**

तिरू ओणम के दिन प्रातः नाश्ते में भूने हुए या भाप में पकाए हुए केले खाए जाते हैं। इस नाश्ते को 'नेन्द्रम' कहते हैं। यह एक खास केले से तैयार होता है, जिसे 'नेन्द्रम काय' कहते हैं। यह केले केवल केरल में ही पैदा होते हैं। उस दिन का खाना चावल, दाल, पापड़ और केलों से बनाया जाता है और बहुत स्वादिष्ट भोजन बनाए जाते हैं और हर एक घर में पूजापाठ तथा धार्मिक कार्यक्रम होते हैं।

**प्राचीन परम्परायें**

यह हस्त नक्षत्र से शुरू होकर श्रवण नक्षत्र तक का दस दिवसीय त्योहार है। हर घर के आँगन में महाबलि की मिट्टी की त्रिकोणात्मक मूर्ति, जिस को 'तृक्काकारकरै अप्पन' कहते हैं, बनी रहती है। इसके चारों ओर विविध रंगों के फूलों के वृत्त चित्र बनाए जाते हैं। प्रथम दिन जितने वृत्त रचे जाते हैं, उसके दोगुनेझतिगुने तथा अन्त में दसवें दिन दस गुने तक वृत्त रचे जाते हैं। केरल के लोगों के लिए यह उत्सव बंसतोत्सव से कम नहीं है। यह उत्सव केरल में मधुमास लेकर आता है। यह दिन सजनेझधजने के साथझसाथ दुःखझदर्द भूलकर खुशियाँ मनाने का होता है। ऐसी मान्यता है कि तिरुवोणम के तीसरे दिन महाबलि पाताल लोक लौट जाते हैं। जितनी भी कलाकृतियाँ बनाई जाती हैं, वे महाबलि के चले के बाद ही हटाई जाती हैं। यह त्योहार केरलवासियों के साथ पुरानी परम्परा के रूप में जुड़ा है। ओणम वास्तविक रूप में फसल काटने का त्योहार है, पर अब इसकी व्यापक मान्यता है।

**पौराणिक आख्यान**

कहा जाता है कि जब परशुरामजी ने सारी पृथ्वी को क्षत्रियों से जीत कर ब्राह्मणों को दान कर दी थी, तब उनके पास रहने के लिए कोई भी स्थान नहीं रहा, तब उन्होंने सह्याद्रि पर्वत की गुफा में बैठ कर जल देवता वरुण की तपस्या की। वरुण देवता ने तपस्या से खुश होकर परशुराम जी को दर्शन दिए और कहा कि तुम अपना फरसा समुद्र में फैंको। जहाँ तक तुम्हारा फरसा समुद्र में जाकर गिरेगा, वहीं तक समुद्र का जल सूखकर पृथ्वी बन जाएगी। वह सब पृथ्वी तुम्हारी ही होगी और उसका नाम परशु क्षेत्र होगा। परशुराम जी ने वैसा ही किया और जो भूमि उनको समुद्र में मिली, उसी को वर्तमान को 'केरल या मलयालम' कहते हैं। परशुराम जी ने समुद्र से भूमि प्राप्त करके वहाँ पर एक विष्णु भगवान का मन्दिर बनवाया था। वही मन्दिर अब भी 'तिरूक्ककर अप्पण' के नाम से प्रसिद्ध है और जिस दिन परशुराम जी ने मन्दिर में मूर्ति स्थापित की थी, उस दिन श्रावण शुक्ल की त्रियोदशी थी। इसलिए उस दिन 'ओणम' का त्योहार मनाया जाता है। हर एक घर में विष्णु भगवान की मूर्ति स्थापित करके उसकी पूजा की जाती है।

**वामन कथा**

राक्षस नरेश महाबली, विष्णु भगवान के भक्त प्रह्लाद का पौत्र था। वह उदार शासक और महापराक्रमी था। राक्षसी प्रवृत्ति के कारण महाबलि ने देवताओं के राज्य को बलपूर्वक छीन लिया था। दुराग्रही व गर्वझदर्प से भरे राजा बलि ने देवताओं को कष्ट में डाल दिया। तब परेशान देवताओं ने भगवान विष्णु से सहायता की गुहार लगाई। प्रार्थना सुन भगवान श्री विष्णु ने वामन, अर्थात बौने के रूप में महर्षि कश्यप व उनकी पत्नी अदिति के घर जन्म लिया। एक दिन वामन महाबलि की सभा में पहुँचे। इस ओजस्वी, ब्रह्मचारी नवयुवक को देखकर एकाएक महाबलि उनकी ओर आकर्षित हो गया। महाबलि ने श्रद्धा से इस नवयुवक का स्वागत किया और जो चाहे माँगने को कहा।

श्री वामन ने शुद्धिकरण हेतु अपने लघु पैरों के तीन कदम जितनी भूमि देने का आग्रह किया। उदार महाबलि ने यह स्वीकार कर लिया। किन्तु जैसे ही महाबलि ने यह भेंट श्रीवामन को दी, वामन का आकार एकाएक बढ़ता ही चला गया। वामन ने तब एक कदम से पूरी पृथ्वी को ही नाप डाला तथा दूसरे कदम से आकाश को। अब तीसरा कदम तो रखने को स्थान बचा ही नहीं था। जब वामन ने बलि से तीसरा कदम रखने के लिए स्थान माँगा, तब उसने नम्रता से अपना मस्तक ही प्रस्तुत कर दिया। वामन ने अपना तीसरा कदम मस्तक पर रख महाबलि को पाताल लोक में पहुँचा दिया। बलि ने यह बड़ी उदारता और नम्रता से स्वीकार किया। चूँकि बलि की प्रजा उससे बहुत ही स्नेह रखती थी, इसीलिए श्रीविष्णु ने बलि को वरदान दिया कि वह अपनी प्रजा को वर्ष में एक बार अवश्य मिल सकेगा। अतः जिस दिन महाबलि केरल आते हैं, वही दिन ओणम के रूप में मनाया जाता है। इस त्योहार को केरल के सभी धर्मों के लोग मनाते हैं।

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# महान स्वतंत्रता सेनानी व कुशल संगठनकर्ता थे, निष्काम कर्म योगी डॉ० हार्डिकर - डॉ० संजय

## *पुण्यतिथि पर सेवा दल संस्थापक को दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि

**दैनिक समाज जागरण अनिल कुमार मिश्रा /वरीय संवाददाता विश्वनाथ आनंद मगध प्रमंडल.**

पटना (बिहार )- कांग्रेस सेवा दल के संस्थापक निष्काम कर्म योगी स्व० डॉ० नारायण सुब्बाराव हार्डिकर की 48वीं पुण्यतिथि सदाकत आश्रम पटना में बिहार प्रदेश कांग्रेस सेवा दल द्वारा श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया. सभा मे उपस्थित पदाधिकारियों, कार्यकताओं सहित सभी कांग्रेस जनों ने स्व० सेवा दल संस्थापक के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी. इस अवसर पर बिहार प्रदेश कांग्रेस सेवा दल के प्रदेश अध्यक्ष डॉ० संजय यादव ने कहा कि सेवा दल के संस्थापक डॉ० हार्डिकर महान स्वतंत्रता सेनानी होने के साथ निष्काम कर्म योगी थे. एक कुशल और दूरदर्शी संगठन कर्ता के रूप में पूरे देश मे सेवा दल का संगठन का



विस्तार किया था. डॉ यादव ने आगे कहा कि डॉ हार्डिकर का जन्म 7 मई 1889 को धारवाड़ (कर्नाटक प्रदेश) में हुआ था. सन 1923 में उन्होंने सेवादल की स्थापना की थी.आजादी की लड़ाई में भी उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी. वे 1952 से 1962 तक राज्यसभा के सदस्य भी रहे थे.1960 में उन्हें 'पद्मभूषण' से अलंकृत किया गया था. उनके आदर्शों और विचारों पर चलते हुये सभी को कांग्रेस सेवा दल का गाँव- गाँव तक विस्तार करना है. यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी. इस अवसर पर श्रद्धाजंलि अर्पित करने वालों में बिपिन झा, आशुतोष प्रसाद, राजकुमार, रूमा सिंह, अशोक कुमार, उमेश प्रसाद सहित बड़ी संख्या में सेवा दल पदाधिकारी, कार्यकर्ता और कांग्रेस जन शामिल थे.

# श्री श्री 108 श्रीमद्भागवत कथा के रसपान ज्ञान के बिना मनुष्यों का जीवन अधूरा- सुश्री अनुराधा सरस्वती.

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल**

औरंगाबाद ( बिहार)- बिहार के औरंगाबाद जिला मुख्यालय स्थित (साइन मंदिर निकट) क्लब रोड स्नेह सदन के समीप श्री श्री 108 श्रीमद् भागवत कथा का भव्य आयोजन किया गया . जिसमें आचार्य श्री अंजनी शरण शास्त्री जी महाराज वाराणसी एवं सुविख्यात कथा वाचिका सुश्री अनुराधा सरस्वती जी अयोध्या से पहुंचकर श्रद्धालुओं, भक्तों को श्रीमद् भागवत कथा का विस्तार पूर्वक व्याख्या करते हुए रसपान कराया. वहीं उपस्थित भक्तों श्रद्धालुओं ने कथा सुनकर आनंद उठाया. सु विख्यात कथा वाचिका सुश्री अनुराधा सरस्वती जी उपस्थित श्रद्धालुओं, भक्तों को संबोधित करते हुए कहा कि श्री श्री 108 श्री श्रीमद् भागवत कथा के ज्ञान रसपान के बिना मनुष्यों का जीवन अधूरा है . उन्होंने आगे



कहा कि मनुष्यों को अपने जीवन सफल बनाने के लिए श्रीमद् भागवत कथा सुननी चाहिए. और जीवन में अनुकरण करने की जरूरत है. ऐसे तो सुविख्यात कथा वाचिका सुश्री अनुराधा सरस्वती जी के मुख वाणी से कथा सुनने के लिए महिलाएं, पुरुषों , श्रद्धालुओं ,भक्तों की भीड़ पंडालो मे उमड़ी थी . व्यवस्थापको द्वारा भक्तों श्रद्धालुओं को बैठने की व्यवस्था किया गया था . वहीं दूसरी तरफ पंडालो को रंगीन वोल्वो एवं रंगीन कागजों के माध्यम से आकर्षक तरीके से सजाया गया था. जो देखते बन रहा था . वहीं उपस्थित श्रद्धालुओं भक्तों को प्रसाद के रूप में मिठाइयां दी गई . ऐसे तो कार्यक्रम के दौरान ध्वनि विस्ता-रक यंत्र लगाया गया था . जिससे पूरे शहर मंत्रों के उच्चारण से गुंजमान हो उठा. और पूरा शहर भक्तिमय वातावरण में हो गया .

# नीट पास करने पर सांसद ने दी बधाई

दैनिक समाज जागरण अविनाश कुमार जिला संवाददाता औरंगाबाद बिहार



सदर प्रखंड के फेसर थाना क्षेत्र के हुसैनाबाद गांव के रहने वाले रौनक राज ने ठीी३ नीट निकाला परिवार वालों मे खुशी का माहौल आशीर्वाद और शुभकामना देने के लिए काराकाट के सांसद महाबली सिंह ने हुसैनाबाद गांव पहुंचा और रविंद्र कुमार यादव के पुत्र रोशन राज को आशीर्वाद दिया और शुभकामना महाबली सिंह ने कहा कि रोशन राज शुरू से ही मेहनती लड़का है और आज गांव का नाम रोशन किया बहुत खुशी की बात है ऐसे ऐसे छात्र गांव के साथ देश का नाम रोशन करते हैं

# युवा अधिवक्ता ईमानदारी से समर्पित होकर करें वकालत

दैनिक समाज जागरण अविनाश कुमार जिला संवाददाता औरंगाबाद बिहार

औरंगाबाद जिला विधिज्ञ संघ में दिवंगत युवा अधिवक्ता संतोष कुमार स्नेही की पुन्यतिथि मनाई गई.



अध्यक्षता जिला विधिज्ञ संघ के अध्यक्ष रसिक बिहारी सिंह और संचालन अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने किया, सर्वप्रथम उनके तैलचित्र पर माल्यार्पण कर उनके व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला गया.

जिला विधिज्ञ संघ के अध्यक्ष रसिक बिहारी सिंह ने कहा कि आज युवा अधिवक्ताओं को दिवंगत संतोष स्नेही से प्रेरणा लेनी चाहिए और पुरी निष्ठा और समर्पण के अपने मुवक्किल का पक्ष न्यायालय में रखना चाहिए.

महासचिव नागेंद्र सिंह ने कहा कि युवा अधिवक्ताओं का शुरूआती वकालत बहुत ही संघर्ष भरा होता है जिसमें हमेशा सीखते रहने का जुनून लाभप्रद होता है. वरीय अधिवक्ता हरिहर प्रसाद सिंह ने कहा कि युवा अधिवक्ताओं को धैर्य और संयम से वकालत शुरू कर पुरी लगन और निष्ठा से हर तथ्य को अपने वाद के पक्ष में बेहिचक न्यायालय में प्रस्तुत करना चाहिए.

वरीय अधिवक्ता उदय कुमार सिन्हा ने कहा कि वकालत एक सम्मानित पेशा है हमेशा विधार्थी जैसा पढ़ने की आदत सभी जगह इज्जत दिलातीं है.

इस अवसर पर योगेश कुमार पांडेय, विनोद कुमार, देवीनंदन सिंह,संत सिंह, सुजीत कुमार सिंह, काली प्रसाद, चन्द्रशेखर पांडे, नृपेश्वर सिंह देव, क्षितिज रंजन, अशोक कुमार सिंह, प्रदीप कुमार सिन्हा, प्रमोद कुमार सिंह,मिनु खां,अभय कुमार सिंह, सिद्धार्थ, सिद्धेश्वर शर्मा, रामानुज शर्मा, अखिलेश पाठक, मिथलेश यादव,लोरिक यादव, रामनरेश प्रसाद , विश्वेश्वर नाथ मिश्रा,डायमंड,शशी सहित अन्य उपस्थित थे.

# ग्रामीणों से जदयू के पूर्व विधायक लगातार कर रहे हैं संपर्क, संपर्क के दौरान कई महत्वपूर्ण बातों पर की चर्चा।

**दैनिक समाज जागरण संजीत पटेल, संवाददाता**

नबीनगर। ग्राम संसद; सद्भाव की बात और राज्य सरकार की उपलब्धियों पर चर्चा के लिए जनता दल (यूनाइटेड) के कार्य कताओं के द्वारा नबीनगर प्रखंड के सोनौरा पंचायत अंतर्गत ग्राम नावाडीह पुनपुन नगर ,बैरिया पंचायत अंतर्गत ग्राम बैरिया, सिमरी-धमनी पंचायत अंतर्गत ग्राम सिमरी में जनता के साथ संवाद करते हुए श्री नीतीश कुमार के द्वारा किए गए कार्य एवं उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए औरंगाबाद के पूर्व सांसद सह नबीनगर के पूर्व विधायक वीरेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि लगभग 18 वर्ष पूर्व बिहार की जनता ने पूरी आशा और विश्वास के साथ राज्य की बागडोर श्री नीतीश कुमार को सौंपी। श्री कुमार ने सत्ता में आते ही बिहार में कानून का राज स्थापित करने और न्याय के साथ विकास के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। समाज के सभी वर्गो को साथ लेकर उन्होंने सुशासन, पारदर्शिता एवं समावेशी विकास के सिद्धांतो पर स-रकार की नीव रखी। शुरूआत से अभी तक सुशासन के कार्यक्रम बनाये रखे। उन्होंने पूरी इमानदारी एवं लगन से ह्यसुशासन के कार्यक्रमह्ल पर आधारित नीतियों, कार्यक्रमों एवं योजनाओं का क्रियान्वयन किया। उपलब्धियों, संभावनाओं एवं चुनौतियों से परिपूर्ण इस यात्रा में श्री नीतीश कुमार को राज्य की जनता का भरपूर सहयोग एवं समर्थन मिला। कुछ वर्षो की अवधि में ही उन्होंने कई सार्वजनिक संस्थाओं एवं व्यवस्थाओं का पुनर्निर्माण किया। इस सफर में जहाँ एक ओर प्रभावी विधि व्यवस्था, कानून का राज स्थापित करने में सफलता मिली, वहीं दूसरी ओर मानव संसाधन के साथ-साथ उत्तम आधारभूत संरचना के विकास में श्री नीतीश कुमार ने कई नई ऊचाइयाँ हासिल की है। लोगों के मन में सुरक्षा एवं निश्चय का माहौल बना, जिसका प्रभाव शहर तथा गांवों में आर्थिक तथा सामाजिक गतिविधियों में देखा जा सकता है। समाज के कमजोर, साधनहीनता एवं विकास से वंचित वर्गो को प्राथमिकता देते हुए उन्होंने बिहार के विकास की एक नई दिशा की कल्पना की ।

इसी परिकल्पना में नीतीश कुमार ने पंचायती राज के चुनाव में एकल पद सहित विभिन्न पदों पर अनुसूचित जाति/ जनजाति ,अति पिछड़ा वर्ग एवं महिलाओं को आरक्षण देकर समाज में सदियों से व्याप्त असंतोष को दूर किया



राज्य में विधि-व्यवस्था बहाल कर कानून का राज स्थापित किया। बिना कोई भेदभाव के संगठित अपराध पर कड़ाई से अंकुश लगाया गया। न्यायालयों से समन्वय कर त्वरित विचरण प्रणाली की व्यवस्था लागू की गई और न्यायालायों द्वारा बड़ी संख्या में अपराधियों को सजा सुनाई गई। जनसंख्या के अनुपात में पुलिस बल मे नियुक्ति सहित, पुलिस को सभी आवश्यक संसाधन के साथ-साथ उनके आधुनिकीकरण पर विशेष ध्यान दिया गया। असामाजिक तत्वों के द्वारा जहाँ कहीं भी कलह पैदा करने या सांप्रदायिक स्थिति पैदा करने की कोशिश की गई तो उन्होंने त्वरित कार्यवाई करते हुए लोगों से संवाद कायम कर उनके सहयोग तथा प्रशासनिक हस्तक्षेप से इन घटनाओं को नियंत्रित किया । इन प्रभावी कार्यवाईयों से जहाँ एक ओर नाग-रकों के मन में सुरक्षा का भाव जागा, वहीं दूसरी ओर अपराधियों मे कानून का डर स्थापित हुआ। आज लोग कभी भी और किसी भी समय निजी एवं सामाजिक गतिविधियों के लिए अपने घरों से निकल सकते हैं। सुरक्षा एवं उत्साह के इस अहसास को आंकड़ों में नहीं मापा जा सकता।

जीरो टोलरेंस की निति अपनाकर भ्रष्टाचार के विरुद्ध श्री नीतीश कुमार की मुहीम जारी है` कानूनी एवं संस्थागत व्यवस्था कर भ्रष्ट लोक सेवकों के विरुद्ध प्रभावकारी कार्यवाई सुनिश्चित की गई है` निगरानी अन्वेषण ब्यूरो, विशेष निगरानी इकाई एवं आर्थिक अपराध इकाई के द्वारा भ्रष्टाचार में संलिप्त, आय से अधिक संपत्ति उपार्जित करने एवं पद का दुरूपयोग करने वाले लोक सेवकों के विरुद्ध मामले दर्ज कर उन्हें सजा दिलाने और उनकी अवैध संपत्ति को जब्त करने की ठोस कार्यवाइयां की गई हैं। देश में पहली बार जब्त अवैध संपत्तियों के भवनों में गरीब और निःशक्त बच्चों के लिए विद्यालय खोले गए। पूर्व सांसद ने श्री नीतीश कुमार के कार्यकाल में किए गए जनकल्याणकारी योजनाओं एवं विकास योजनाओं पर गहन चर्चा करते हुए उपस्थित कार्यकताओं से सरकार की उपलब्धियों पर गहन चर्चा करते हुए सरकार के उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।

इस भ्रमण कार्यक्रम में वीरेंद्र कुमार सिंह पूर्व सांसद औरंगाबाद सह पूर्व विधायक नबीनगर, प्रदेश महासचिव सह नबीनगर विधानसभा के प्रभारी राजू गुप्ता, जिला के उपाध्यक्ष सूर्यवंश सिंह ,बारुण प्रखंड के प्रभारी तथा जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार सिंह, जिला उपाध्यक्ष सह प्रभारी नबीनगर प्रखंड विभूति नारायण पांडे, राज्य परिषद सदस्य अनिल कुमार यादव,किसान एवं सहकारिता प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष बृजमोहन मेहता ,अत्यंत पिछड़ा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष जितेंद्र कुमार चंद्रवंशी ,बारुण प्रखंड के उपाध्यक्ष सह मीडिया प्रभारी केदार यादव,सरपंच संघ के अध्यक्ष सरपंच संघ के अध्यक्ष राकेश कुमार सिंह, अलख देव यादव, अत्यंत पिछड़ा के जिला महासचिव राम लखन भगत पूर्व मुखिया, पूर्व मुखिया रामा पांडे, मुखिया प्रतिनिधि संतोष गौतम, पैक्स अध्यक्ष अरविंद सिंह,रणजीत सिंह, राजकुमार मेहता, मुखिया प्रतिनिधि काली सिंह,जय राम सिंह, राजपुर पंचायत प्रभारी विनय सिंह,जिला परिषद और जदयू जिला महासचिव सोनौर पंचायत के अध्यक्ष अनिल सिंह,सेनौरा पंचायत के प्रभारी ओमप्रकाश प्रजापति,बबन सिंह, मुन्ना सिंह,अमन कुमार, अशोक यादव, पप्पू शर्मा, बसंत ठाकुर, अभय सिंह, रामबचन सिंह, रजनीश कुमार यादव,आदि कार्यकताओं ने भाग लिया।

# नबीनगर के लापता युवक का स्वर्णरेखा नदी से शव बरामद

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) 28 अगस्त 2023 औरंगाबाद जिले के नगर पंचायत नबीनगर के वार्ड नम्बर 6 निवासी शिवाम कुमार उम्र 20 वर्ष जो चार दिन पूर्व से लापता था उसका शव अमौना गांव बेलाई पंचायत के समीप रामरेखा नदी से बरामद किया गया। शिवम कुमार के पिता धर्मेंद्र सिंह, ग्राम लखुई पोस्ट सिमरी धमनी थाना माली। वर्तमान मे क्षत्रिय नगर वार्ड नंबर 6 नगर पंचायत के निवासी है



द्वारा थाने मे अपने पुत्र के लापता की सूचना देते हुए 26 तारीख को नबीनगर थाना मे रिपोर्ट लिखाया गया कि उनका पुत्र शिवम कुमार जो उन्ही के साथ रहता है 23 तारीख को शाम मे घर से बाहर निकला था जब रात तक वापस नहीं लौटा तब उसकी खोज बीन परिजनों एवम रिश्तेदार के यहां की गई।

प्रशासन द्वारा अमौना गांव के नजदीक रामरेखा नदी मे शव मिलने की सुचना पर शव का शिनाख्त पिता धर्मेंद्र सिंह द्वारा किया गया। शव मिलने से तरह तरह की चर्चा होने लगी और आशंका जताई गई की शौच जाने के क्रम में पैर फिसल कर नदी मे गिरने और डूबने की वजह से मौत हुई है। फिलहाल मौत की वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही पता चल सकेगा।

# नीतीश कुमार के नेतृत्व मे बिहार मे कानून का राज : बीरेंद्र सिंह

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) 28 अगस्त 2023 आज औरंगाबाद जिले के नबीनगर प्रखंड के ग्राम पंचायत सोनौरा, बैरिया और सिमरी धमनी पंचायत मे ग्राम संसद; सद्भाव के तहत पूर्व सांसद रूम नबीनगर के पूर्व विधायक बीरेंद्र सिंह ने कहा की मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व मे आज बिहार मे कानून का राज कायम है। राज्य सरकार की उपलब्धियों पर चर्चा के लिए जनता दल (यूनाइटेड) के कार्य कताओं के द्वारा नबीनगर प्रखंड के सोनौरा पंचायत अंतर्गत ग्राम नावाडीह पुनपुन नगर ,बैरिया पंचायत अंतर्गत ग्राम बैरिया, सिमरी-धमनी पंचायत अंतर्गत ग्राम सिमरी में जनता के साथ संवाद करते हुए श्री नीतीश कुमार के द्वारा किए गए कार्य एवं उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए औरंगाबाद के पूर्व सांसद सह नबीनगर के पूर्व विधायक वीरेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि लगभग 18 वर्ष पूर्व बिहार की जनता ने पूरी आशा और विश्वास के साथ राज्य की बागडोर श्री नीतीश कुमार को सौंपी। श्री कुमार ने सत्ता में आते ही बिहार में कानून का राज स्थापित करने और न्याय के साथ विकास के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। समाज के सभी वर्गो को साथ लेकर उन्होंने सुशासन, पारदर्शिता एवं समावेशी विकास के सिद्धांतो पर सरकार की नीव रखी। श-रूआत से अभी तक सुशासन के कार्यक्रम बनाये रखे। उन्होंने पूरी इमानदारी एवं लगन से ह्यसुशासन के कार्यक्रमह्ल पर आधारित नीतियों, कार्यक्रमों एवं योजनाओं का क्रियान्वयन किया। उपलब्धियों, संभावनाओं एवं चुनौतियों से परिपूर्ण इस यात्रा में श्री



नीतीश कुमार को राज्य की जनता का भरपूर सहयोग एवं समर्थन मिला।कुछ वर्षो की अवधि में ही उन्होंने कई सार्वजनिक संस्थाओं एवं व्यवस्थाओं का पुनर्निर्माण किया। इस सफर में जहाँ एक ओर प्रभावी विधि व्यवस्था, कानून का राज स्थापित करने में सफलता मिली, वहीं दूसरी ओर मानव संसाधन के साथ-साथ उत्तम आधारभूत संरचना के विकास में श्री नीतीश कुमार ने कई नई ऊचाइयाँ हासिल की है। लोगों के मन में सुरक्षा एवं निश्चय का माहौल बना, जिसका प्रभाव शहर तथा गांवों में आर्थिक तथा सामाजिक गतिविधियों में देखा जा सकता है। समाज के कमजोर, साधनहीनता एवं विकास से वंचित वर्गो को प्राथमिकता देते हुए उन्होंने बिहार के विकास की एक नई दिशा की कल्पना की ।

इसी परिकल्पना में नीतीश कुमार ने पंचायती राज के चुनाव में एकल पद सहित विभिन्न पदों पर अनुसूचित जाति/ जनजाति ,अति पिछड़ा वर्ग एवं महिलाओं को आरक्षण देकर समाज में सदियों से व्याप्त असंतोष को दूर किया। राज्य में विधि-व्यवस्था बहाल कर कानून का राज स्थापित किया। बिना कोई भेदभाव के संगठित अपराध पर कड़ाई से अंकुश लगाया गया। न्यायालयों से समन्वय कर त्वरित विचरण प्रणाली की व्यवस्था लागू की गई और न्यायालायों द्वारा बड़ी संख्या में अपराधियों को सजा सुनाई गई। जनसंख्या के अनुपात में पुलिस बल मे नियुक्ति सहित, पुलिस को सभी आवश्यक संसाधन के साथ-साथ उनके आधुनिकीकरण पर विशेष ध्यान दिया गया। असामाजिक तत्वों के द्वारा जहाँ कहीं भी कलह पैदा करने या सांप्रदायिक स्थिति पैदा करने की कोशिश की गई तो उन्होंने त्वरित कार्यवाई करते हुए लोगों से संवाद कायम कर उनके सहयोग तथा प्रशासनिक हस्तक्षेप से इन घटनाओं को नियंत्रित किया । इन प्रभावी कार्यवाईयों से जहाँ एक ओर नागरिकों के मन में सुरक्षा का भाव जागा, वहीं दूसरी ओर अपराधियों मे कानून का डर स्थापित हुआ। आज लोग कभी भी और किसी भी समय निजी एवं सामाजिक गतिविधियों के लिए अपने घरों से निकल सकते हैं। सुरक्षा एवं उत्साह के इस अहसास को आंकड़ों में नहीं मापा जा सकता।

जीरो टोलरेंस की निति अपनाकर भ्रष्टाचार के विरुद्ध श्री नीतीश कुमार की मुहीम जारी है` कानूनी एवं संस्थागत व्यवस्था कर भ्रष्ट लोक सेवकों के विरुद्ध प्रभावकारी कार्यवाई सुनिश्चित की गई है` निगरानी अन्वेषण ब्यूरो, विशेष निगरानी इकाई एवं आर्थिक अपराध इकाई के द्वारा भ्रष्टाचार में संलिप्त, आय से अधिक संपत्ति उपार्जित करने एवं पद का दुरूपयोग करने वाले लोक सेवकों के विरुद्ध मामले दर्ज कर उन्हें सजा दिलाने और उनकी अवैध संपत्ति को जब्त करने की ठोस कार्यवाइयां की गई हैं। देश में पहली बार जब्त अवैध संपत्तियों के भवनों में गरीब और निःशक्त बच्चों के लिए विद्यालय खोले गए।

पूर्व सांसद ने श्री नीतीश कुमार के कार्यकाल में किए गए जनकल्याणकारी योजनाओं एवं विकास योजनाओं पर गहन चर्चा करते हुए उपस्थित कार्यकताओं से स-रकार की उपलब्धियों पर गहन चर्चा करते हुए सरकार के उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। इस भ्रमण कार्यक्रम में वीरेंद्र कुमार सिंह पूर्व सांसद औरंगाबाद सह पूर्व विधायक नबीनगर, प्रदेश महासचिव सह नबीनगर विधानसभा के प्रभारी राजू गुप्ता, जिला के उपाध्यक्ष सूर्यवंश सिंह ,बारुण प्रखंड के प्रभारी तथा जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार सिंह, जिला उपाध्यक्ष सह प्रभारी नबीनगर प्रखंड विभूति नारायण पांडे, राज्य परिषद सदस्य अनिल कुमार यादव,किसान एवं सहकारिता प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष बृजमोहन मेहता ,अत्यंत पिछड़ा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष जितेंद्र कुमार चंद्रवंशी ,बारुण प्रखंड के उपाध्यक्ष सह मीडिया प्रभारी केदार यादव,सरपंच संघ के अध्यक्ष सरपंच संघ के अध्यक्ष राकेश कुमार सिंह, अलख देव यादव, अत्यंत पिछड़ा के जिला महासचिव राम लखन भगत पूर्व मुखिया, पूर्व मुखिया रामा पांडे, मुखिया प्रतिनिधि संतोष गौतम, पैक्स अध्यक्ष अरविंद सिंह,रणजीत सिंह, राजकुमार मेहता, मुखिया प्रतिनिधि काली सिंह,जय राम सिंह, राजपुर पंचायत प्रभारी विनय सिंह,जिला परिषद और जदयू जिला महासचिव सोनौर पंचायत के अध्यक्ष अनिल सिंह,सेनौरा पंचायत के प्रभारी ओमप्रकाश प्रजापति,बबन सिंह, मुन्ना सिंह,अमन कुमार, अशोक यादव, पप्पू शर्मा, बसंत ठाकुर, अभय सिंह, रामबचन सिंह, रजनीश कुमार यादव सहित अन्य कार्यकताओं ने भाग लिया।

# आहार में डूबने से एक 10 वर्षीय बच्चे की मौत, परिजनों में मचा कोहराम

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) 28 अगस्त 2023 औरंगाबाद जिले के नबीनगर प्रखंड के नरारी कला खुर्द थाना क्षेत्र के लखैपुर गांव में आहर मे डूबने से एक 10 वर्षीय बच्चे की मौत हो गयी। मृत बच्चे की पहचान नरारी कला खुर्द थाना क्षेत्र के लखैपुर गांव निवासी राजेश शर्मा के 10 वर्षीय पुत्र रोहित कुमार के रुप मे की गयी है।जानकारी अनुसार रोहित अपने दोस्त के साथ आहर मे नहाने गया था।नहाने के क्रम मे गहरी पानी मे डूब गया और दम तोड़ दिया।घटना की जानकारी मिलते ही घटनास्थल पर नरारी कला खुर्द थाना पुलिस ने पहुँच मामले की जानकारी ली। तथा शव को आहर से निकाल पंचनामा कर अंत्यपरिक्षण हेतू सदर अस्पताल भेज दिया। शव को देखते ही



परिजन दहाड़ मार कर रोने लगे। इस घटना से गांव में मायूसी छा गई। परिजनों का रोकर बुरा हाल है। मामले मे नरारी कला खुर्द थानाध्यक्ष विरेन्द्र कुमार सिंह ने बताया की नहाने के क्रम मे आहर मे डूबने से बच्चे की मौत हो गयी है। शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# पीएमजेडीवाई खाताधारकों को कुल 33.98 करोड़ रुपे कार्ड जारी किए गए हैं

ह्यप्रधानमंत्री जन धन योजना (पीएमजेडीवाई)ह्ल - वित्तीय समावेशन के लिए राष्ट्रीय मिशन के सफल कार्यान्वयन के नौ साल आज पूरे हो गए हैं।

ह्यपीएमजेडीवाईह्ल की घोषणा प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 15 अगस्त 2014 को अपने स्वतंत्रता दिवस संबोधन में की थी। 28 अगस्त 2014 को इस योजना की श-रूआत करते हुए प्रधानमंत्री ने इस अवसर को दरअसल गरीबों को एक दुष्चक्र से मुक्ति दिलाने का जश्न मनाने का त्योहार बताया था।

दुनिया की सबसे बड़ी वित्तीय समावेशन पहलों में इसे भी शामिल किए जाने के मद्देनजर वित्त मंत्रालय वित्तीय समावेशन आधारित अपने उपायों के जरिए हाशिये पर पड़े और आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों को वित्तीय समावेशन एवं आवश्यक सहायता प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। वित्तीय समावेशन (एफआई) के तहत समान और समावेशी विकास के साथ-साथ समाज के उन असुरक्षित समूहों जैसे कि निम्न-आय समूहों और कमजोर वर्गों को किफायती लागत पर वित्तीय सेवाएं मुहैया कराने को बढ़ावा दिया जाता है जिनकी पहुंच बुनियादी बैंकिंग सेवाओं तक नहीं है।

वित्तीय समावेशन के जरिए गरीबों की बचत राशि को औपचारिक वित्तीय प्रणाली में लाया जाता है और यह गांवों में रह रहे उनके परिवारों को धन भेजने का अवसर प्रदान करता है। इसके अलावा यह उन्हें सूदखोर साहूकारों के चंगुल से बाहर निकालता है।

ह्यपीएमजेडीवाईह्ल की 9वीं वर्षगांठ पर केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमन ने अपने संदेश में कहा, ह्यपीएमजेडीवाई की अगुवाई में ठोस उपायों के 9 साल के महत्वपूर्ण दौर और डिजिटल बदलाव ने भारत में वित्तीय समावेशन में क्रांति ला दी है। यह अत्यंत प्रसन्नता की बात है कि जन धन खाते खोलकर 50 करोड़ से भी अधिक लोगों को औपचारिक बैंकिंग प्रणाली में लाया गया है। इन खातों में से लगभग 55.5 प्रतिशत खाते महिलाओं के हैं, और 67 प्रतिशत खाते ग्रामीण/अर्ध-शहरी क्षेत्रों में खोले गए हैं। इन खातों में कुल जमा राशि बढ़कर 2 लाख करोड़ रुपये से भी अधिक हो गई है। इसके अलावा, इन खातों के लिए लगभग 34 करोड़ ह्यरुपे कार्डह्ल बिना किसी शुल्क के जारी किए गए हैं, जिसके तहत 2 लाख रुपये का दुर्घटना बीमा कवर भी प्रदान किया जाता है।

श्रीमती सीतारमन ने कहा, ह्यसमस्त हितधारकों, बैंकों, बीमा कंपनियों और सरकारी अधिकारियों के आपसी सहयोग से पीएमजेडीवाई एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में उभर कर सामने आई है,

# शराब छापेमारी करने गई पुलिस टीम पर शराब माफीयाओ ने किया हमला, तीन पुलिसकर्मी घायल , एक युवक सहित तीन महिला हिरासत में

**दैनिक समाज जागरण अविनाश कुमार जिला संवाददाता औरंगाबाद बिहार**

औरंगाबाद जिले में शराब के खिलाफ छापेमारी करने गई पुलिस टीम पर ग्रामीणों ने हमला कर दिया। इस हमले में तीन पुलिसकर्मी घायल हो गए जिन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल औरंगाबाद लाया गया। इसके बाद बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया। इस घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया।

जानकारी के अनुसार मामला जिले के रिसियप थाना क्षेत्र के घेउरा गांव का है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि इलाके में अवैध देसी शराब का निर्माण होता है, जिसके आधार पर थानाध्यक्ष संजय कुमार के नेतृत्व में पुलिस की टीम छापेमारी करने गई थी जिसमें शराब माफियाओं ने पुलिस की टीम पर हमला बोल दिया। इसके बाद हंगामे और बवाल की सूचना पर जिला मुख्यालय से बड़ी संख्या में पुलिस की कई टीमें मौके पर पहुंची और मौके से एक युवक सहित तीन महिलाओं को हिरासत में लिया गया है जिसने पुलिस पूछ-ताछ कर रही है। इधर पुलिस द्वारा आगे की करवाई की जा रही है।

# डीपीआईआईटी ने 'सोलर डीसी केबल एंड फायर सर्वाइवल केबल' और 'कास्ट आयरन उत्पादों' के लिए गुणवत्ता नियंत्रण आदेश अधिसूचित किए

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के उद्योग संवर्धन एवं आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) ने हाल ही में 25 अगस्त, 2023 को 'सोलर डीसी केबल एंड फायर सर्वाइवल केबल' और 'कास्ट आयरन उत्पादों' के लिए 2 और नए गुणवत्ता नियंत्रण आदेश (क्यूसीओ) अधिसूचित किए हैं, जो अधिसूचना की तिथि से छह महीने से प्रभावी होंगे।

सोलर डीसी केबल और फायर सर्वाइवल केबल (क्वालिटी कंट्रोल) ऑर्डर, 2023 में फोटोवोल्टिक सिस्टम के लिए इलेक्ट्रिक केबल शामिल है जिसे मुख्य रूप से फोटोवोल्टिक सिस्टम के विभिन्न तत्वों जैसे सौर पैनल श्रेणियों के इंटरकनेक्शन के लिए उपयोग में लाया जाता है। इन केबलों का उपयोग चरम मौसम की स्थिति में उच्च यांत्रिक शक्ति के साथ लचीले और स्थाई प्रतिष्ठानों के लिए इनडोर और आउटडोर किया जा सकता है। फायर सर्वाइवल केबल को प्रत्यक्ष आग के तहत एक निर्धारित न्यूनतम अवधि के लिए उच्च तापमान को सहन करने के लिए डिजाइन किया गया है। इसका उपयोग परमाणु ऊर्जा संयंत्रों, हवाई अड्डों, मेट्रो रेल, रिफाइनरियों, ऊंची इमारतों, शॉपिंग मॉल और सिनेमा थिएटरों आदि में किया जाता है।

कास्ट आयरन उत्पाद (क्वालिटी कंट्रोल) ऑर्डर, 2023 में विभिन्न कच्चा लोहा उत्पादों जैसे मैनहोल कवर, कास्ट आयरन पाइप, मॉलेबल आयरन फिटिंग और ग्रे आयरन कास्टिंग से संबंधित मानक शामिल हैं।

क्यूसीओ की अधिसूचना से पहले, प्रमुख उद्योग संघों और उद्योग के सदस्यों के साथ उनके इनपुट के लिए व्यापक हितधारक परामर्श आयोजित किए गए थे।

# तीन वर्ष के बाद भी राजस्व कर्मचारी का नहीं हुआ तबादला

## सीओ ने आरटीआई के उत्तर में जानकारी दी कि चार राजस्व कर्मचारियों में गंगाराम टुड्डू का अंचल कार्यालय में तीन वर्षों से पदस्थापित

**बीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

अंचल कार्यालय में तीन वर्ष के बाद सरकारी कर्मचारियों का तबादला दूसरे कार्यस्थल पर कर दिया जाता है।जिस कर्मचारी का तबादला तीन वर्ष के बाद भी नहीं होता, वह सुर्खियां बटोरने लगता है। ऐसी ही सुर्खियां किशनगंज अंचल में तैनात राजस्व कर्मचारी गंगाराम टुड्डू भी बटोर रहा है। शहर के वासियों का आरोप है कि गंगाराम टुड्डू राजस्व कर्मचारी कार्य बिना रिश्वत दिए नहीं कर रहा है। वसूली के लिए अपने कार्यालय में दलाल रखता है।रिश्वत की कमाई के बदौलत वह तीन वर्ष के बाद तबादला के कानून को ठेंगा दिखाने कामयाब हैं। उसके साथ ही किशनगंज अंचल में पदस्थापित तीन राजस्व कर्मचारियों का किशनगंज अंचल से तबादला हो चुका है। लेकिन राजस्व कर्मचारी गंगाराम टुड्डू के तबादले का उसके पदस्थापना काल से इंतजार कर रहे रैयत ने कहा कि डीएम किशनगंज के द्वारा जिले में तीन वर्ष या अधिक


कार्यालय अंचल अधिकारी किशनगंज।

समय से कार्यरत राजस्व कर्मचारियों का तबादला कर दिया गया है। स्थानान्तरित कर्मियों को 10 जुलाई से पहले नवपदस्थापित कार्यालयों में योगदान हेतु विरमित करना सुनिश्चित करने का आदेश दिए गए हैं। रैयत का कहना है कि किशनगंज अंचल कार्यालय में चार राजस्व कर्मचारी एक साथ योगदान किए थे। परंतु राजस्व कर्मचारी गंगाराम टुडू का तीन वर्ष बीतने के बाद भी स्थानांतरण नहीं किया गया।

इस संबंध में अन्य राजस्व कर्मचारियों के द्वारा जानकारी दी गई की सभी कर्मचारी एक साथ अंचल कार्यालय में योगदान किए थे और गंगाराम टुड्डू का स्थानांतरण नहीं किया गया है। जो कानूनन गलत है। इससे पहले रैयत की तरफ से बताया गया कि राजस्व कर्मचारी टुड्डू मनमानी आपत्ति लगाकर दाखिल खारिज को अस्वीकृत कर देता हैं। किशनगंज शहर के लोगों ने बताया कि उनकी पहुंच इतनी है कि स्थानांतरण भी रुकवा लिया हैं।

केस स्टडी 01: सुंन्दरायण मौजा का न्यायालय में आपसी बंटवारे को लेकर टाइटल सूट केस चल रहा है। लेकिन न्यायालय द्वारा दाखिल खारिज करने संबंधित किसी प्रकार का रोक या आदेश नहीं जारी किया गया है। इसके बावजूद राजस्व कर्मचारी टुड्डू द्वारा दाखिल खारिज नहीं किया जा रहा है।

केस स्टडी 02: घोरामाड़ा एवं ढेकसरा मौजा पर भी केस है फिर भी अन्य राजस्व कर्मचारी दाखिल खारिज कर रहे हैं।

गंगाराम टुड्डू किशनगंज अंचल में पूरा कर चुके हैं तीन वर्ष:

अंचल अधिकारी से सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत मांगी गई सूचना में जानकारी दी गई है कि राजस्व कर्मचारी भवन झा, सत्यमूर्ति रजक, इस्लामुद्दीन एवं गंगाराम टुड्डू जुलाई 2020 से इस अंचल में पदस्थापित थे। भवन झा, सत्यमूर्ति रजक एवं इस्लामुद्दीन 8 जुलाई 2023 तक इस अंचल में कार्यरत थे परंतु स्थानांतरण के फलस्वरूप उन्हें नवपदस्थापित स्थान पर योगदान करने हेतु विरमित कर दिया गया। गंगाराम टुड्डू राजस्व कर्मचारी वर्तमान में इस अंचल में तीन वर्षों कार्यरत हैं. जिसका स्थानांतरण नहीं किया गया है।

# डीएम ने किया सुरजापुरी उपन्यास 'पोरेर बेटी' का विमोचन

## उक्त पुस्तक की रचनाकार मिली कुमारी को डीएम ने दी शुभकामनाएं

**राहुल साह: दैनिक समाज जागरण किशनगंज**

दिनांक 28/08/23 को खगड़ा स्थित सम्राट अशोक भवन में स्थानीय रचनाकार मिली कुमारी द्वारा रचित प्रथम सुरजापुरी उपन्यास पुस्तक 'पोरेर बेटी' का विमोचन जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री के कर-कमलों द्वारा सम्पन्न हुआ।

इस अवसर पर जिला परिषद अध्यक्षा नुदरत महजबीं, अनुमंडल पदाधिकारी अमिताभ गुप्ता, नप के कार्यपालक पदाधिकारी प्रवीण कुमार, पूर्व नप उपाध्यक्ष व वार्ड आयुक्त मोहम्मद कलीम प्रमुखतः उपस्थित थे। डीएम व अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर विमोचन समारोह का शुभारंभ किया।

विमोचन पश्चात जिला पदाधिकरी ने लेखिका का उत्साहवर्धन कर भविष्य में और साहित्य रचने की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि सुरजापुरी बोली व संस्कृति को आगे बढ़ाने के लिए जिला प्रशासन यथा संभव सहयता करेगा और सुरजापुरी बोली में जो भी साहित्य रचे जायेंगे, उसका भी संरक्षण व संवर्द्धन किया जायेगा।

स्वागत करते हुए लेखिका मिली कुमारी ने कहा कि उनकी जानकारी में सूरजापुरी बोली में अबतक कोई उपन्यास नहीं लिखा गया है। 'पोरेर बेटी' पहला सुरजापुरी उपन्यास है। वह अपनी 'पोरेर बेटी' शीर्षक प्रथम उपन्यास के साथ साहित्यक क्षेत्र में अपने पहले कदम के साथ इतिहास बनाने को तैयार है। कहा कि किशनगंज की स्थानीय बोली सुरजापुरी को साहित्यक क्षेत्र में स्थान देकर, सुरजापुरी बोली को एक भाषा के रूप में स्थापित करने के संकल्प के साथ साहित्यक क्षेत्र में प्रवेश कर चुकी है।



लेखिका ने आगे कहा कि इस सुरजापुरी उपन्यास की रचना कर सुरजापुरी बोली को ही नहीं बल्कि, सुरजापुरी समाज के रहन-सहन, खान-पान, ग्रामीण जीवन-यापन को जन-जन तक पहुंचाने का जिम्मा उठाया है।

इस सुरजापुरी उपन्यास 'पोरेर बेटी' जिसका अर्थ पराई बेटी है, में एक लड़की की भावनाओं को दशार्या है जो अपनी पहचान को लेकर भ्रमित है, सशंकित है। लड़कियों को कहा जाता है कि हम अपने माता-पिता के घर मेहमान होते है। हमारा वास्तविक घर हमारा ससुराल होता है। परन्तु जिन लड़कियों को सुसराल में अपनी बेटी न मानकर पराई बेटी कहा जाता है या पराए जैसा व्यव्हार किया जाता है। उस परिस्थिति में लड़कियों को अपने अस्तित्व को लेकर मन में कई भावनाएं आती है कि आखिर मेरा घर कौन सा है? माता-पिता के घर मेहमन और सुसराल में पराई बेटी। तो हमारी पहचान क्या है! हमारा वास्तविक घर कहां है!

इस कार्यक्रम में मारवाड़ी कॉलेज के कार्यवाहक प्रधानाचार्य व हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ सजल प्रसाद, प्रगतिशील लेखक संघ किशनगंज जिला इकाई के अध्यक्ष हरि दिवाकर, सेवानिवृत्त कृषि वैज्ञानिक व साहित्यकार डॉ. परमेश्वर प्रसाद सिन्हा, मध्य विद्यालय खगड़ा के सेवानिवृत्त शिक्षक श्री वासुदेव सिन्हा, नेपाल के झापा जिले के सुरजापुरी भाषा विकास प्रतिष्ठान के सदस्य संतोष कुमार गणेश, सुशीला हरि कॉलेज तुलसिया के प्रिंसिपल व साहित्यकार विवेकानन्द ठाकुर, जिला कला संघ की अध्यक्ष श्रीमती रचना सुदर्शन, कवित्री व शिक्षिका अनुपमा अधिकारी, ओरेकल इंटरनेशनल स्कूल के संचालक सफीरुद्दीन रही, समाजसेवी वकार अकरम एवं रोशनी परवीन आदि उपस्थित थे। इसके पूर्व काव्यपाठ का भी सत्र चला जिसमें कई कवि व कवयित्रियों ने काव्यपाठ किया। कार्यक्रम का सफल संचालन शमाएल नबी ने किया। डीएम में मिली कुमारी को नई पुस्तक के लिए शुभकामनाएं दी।

# विभागीय लक्ष्य शत प्रतिशत प्राप्त करने हेतु खनन और परिवहन के पदाधिकारी लगातार चलाए छापामारी अभियान – डीएम

**राहुल साह : दैनिक समाज जागरण किशनगंज**

जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स और परिवहन टास्क फोर्स की बैठक समाहरणालय स्थित उनके कार्यालय प्रकोष्ठ में आयोजित की गयी। बैठक में डीएम के द्वारा 2023 -24 में राजस्व संग्रह के लिए एजेंडावार समीक्षा की गई।

जिलांतर्गत सभी बालूघाट संचालन व अवैध उत्खनन,अवैध परिवहन, ईट भट्ठा संचालन व अवैध संचालकों पर कार्रवाई ,रॉयल्टी संग्रहण,माइनिंग ईनफोर्समेंट हेतु वन के अधिकारियों से समन्वय आदि के बिन्दु पर गहन समीक्षा हुई। वार्षिक लक्ष्य के विरुद्ध राजस्व संग्रह की समीक्षा की गई।

खनिज विकास पदाधिकारी और खान निरीक्षक को जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि लगातार क्षेत्र भ्रमण कर अवैध खनन के विरुद्ध छापामारी करें तथा विभागीय पत्र के आलोक में बालू घाट बंद रखना और ससमय खनन प्रारंभ करने समेत अन्य कार्य कराना सुनिश्चित करें। ओवरलोडिंग के विरुद्ध डीएम ने कहा कि वाहनों की जब्ती/शमन की कार्रवाई अवश्य करें।

बालू घाट नियमानुसार संचालन हेतु कार्रवाई,



खनन राजस्व संग्रहण ,अवैध इट- भट्ठा पर नियमानुसार कार्रवाई की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि यह सुनिश्चित कराएं कि खनन कार्य विभागीय प्रावधान के अनुसार ही बंद और चालू रहे। जिला खनन कोष (डीएमएफ) से विकासात्मक कार्य हेतु नियमानुसार व्यय करना सुनिश्चित करें।

डीएम ने निर्देश दिया कि वैद्य तरीके से एवं ससमय रॉयल्टी भुगतान कर रहे हैं, उन्हें किसी तरह का कठिनाई का सामना ना करना पड़े तथा सभी कार्य विभाग को एतद निदेश दिए गए है।

जिला परिवहन टास्क फोर्स के कार्यो की समीक्षा के क्रम में इस वित्तीय वर्ष में निर्धारित लक्ष्य 751.26 लाख के विरुद्ध वसूली की समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में डीटीओ को नियमानुसार राजस्व संग्रह में तेजी लाने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी द्वारा नियमित रूप से मोटर व्हीकल एक्ट के तहत सघन छापामारी /चेकिंग का निदेश दिया गया। इस बैठक में खनिज विकास पदाधिकारी,जिला स्तरीय विभिन्न विभागों के पदाधिकारी यथा खान निरीक्षक एवं इससे संबंधित अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

# फर्जी पुलिस बनकर लोगों से ठगी करने वाले गिरोह का खुलासा, गिरफ्तार तीन

**उत्तम सिंह: संवाददाता: दैनिक समाज जागरण: सिलीगुड़ी (दार्जिलिंग):**

सिलीगुड़ी प्रधान नगर थाना की सादे पोशाक की पुलिस ने शहर में खुद को पुलिस वाला बताकर लोगों से ठगी करने वाले गिरोह का पदार्फाश किया है। पुलिस के नाम पर पैसे लेने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के नाम सरजु बसाक,सौरव दे,खोखन सरकार है। उल्लेखनीय है कि गत 24 अगस्त को ऑटो में सवार कई लोगों ने खुद को पुलिस का परिचय देकर चंपासारी निवेदिता रोड में एक वाहन को रोककर वाहन में सवार व्यक्ति की तलाशी ली। इस दौरान उन्होंने उक्त व्यक्ति की जेब से 50 हजार रुपये निकाल लिये। इसके बाद घटना का शिकार हुए व्यक्ति थाने में एक लिखित शिकायत दर्ज करवाई। शिकायत के आधार पर जांच में जुटी प्रधान नगर थाना की सादे पोशाक की पुलिस ने



कमिश्नरेट भवन के पीछे प्रमोदनगर इलाके से फर्जी पुलिस की ऑटो और चालक को 25 तारीख की रात को गिरफ्तार किया। इसके बाद 26 तारीख पुलिस आरोपी सरजु बसाक को सिलीगुड़ी अदालत में पेश कर 4 दिनों की रिमांड पर लेकर पूछताछ की। पूछताछ के दौरान इस गिरोह के बाकी और दो लोगो नाम सामने आया। जिसके बाद बीते रात सौरव दे और खोखन सरकार को जंक्शन पीडब्लूडी भवन के पास से गिरफ्तार किया गया है। आज आरोपियों को सिलीगुड़ी अदालत में पेश किया गया। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

# झाड़ग्राम : रंग बिरंगी राखियों से पटा बाजार

**बिभूति भूषण भद्र दैनिक समाज जागरण झाड़ग्राम पश्चिम बंगाल**

भाई बहन के प्रेम का त्यौहार रक्षाबंधन को लेकर बाजार में चहल-पहल बढ़ गई है। झाड़ग्राम जुबली मार्केट के अलावे शहर के मुख्य मार्ग के दोनों और आकर्षक राखियों की दुकान सज गई है। बाजारों में दो रुपए से लेकर चार सौ तक की राखियां मिल रही है। बाजारों में छोटे बच्चों के लिए कई प्रकार के कार्टून वाले राखियां उपलब्ध हैं। जो बच्चों को खूब पसंद आ रही है। जैसे सुपरमैन छोटा भीम डोरेमोन मोटू पतलू आदि कार्टून वाले राखियां की अच्छी खासी डिमांड है। मुख्य मार्ग स्थित राखियों के थोक विक्रेता विलास राय ने बताया इस बार बच्चों को ध्यान में रखकर राखियां मंगवाई



गई है।युवाओं के लिए ब्रेसलेट तथा रुद्राक्ष गणपति वाले राखी, मोती तथा क्रिस्टल के राखियां की भी अच्छी मांग है। कस्टमरों के बीच ₹20 से लेकर ₹100 तक के राखी ज्यादा डिमांड है।

डिजिटल के जमाने ऑनलाइन राखी भेजने का प्रचलन भी बढ़ा है

भाई बहन के स्नेह का पर्व रक्षाबंधन आज के भाग दौड़ भरी जीवन में कामकाजी वह नौकरी पेशा बहनों के पास इतना समय नहीं है कि वह भाई के लिए बाजार से जाकर राखी पसंद करके खरीदें, फिर उसे डाकघर जाकर पोस्ट करें, इन दिनों कई ऑनलाइन कंपनी ने बहनों के लिए राखी भेजना आसान कर दिया है। कंपनी द्वारा आकर्षक राखी पैकेट के साथ टॉफी भी डिलीवरी कर रही है। जो लोगों को खूब पसंद आ रहा है।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बाढ़-सुखाड़ एवं अन्य आपदाओ की समीक्षा बैठक सम्पन्न

**राहुल : दैनिक समाज जागरण किशनगंज**

जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में बाढ़-सुखाड़ एवं अन्य आपदाओ की समीक्षात्मक बैठक समाहरणालय स्थित डीएम के कार्यालय प्रकोष्ठ में सभी सीओ के साथ वर्चुअल और जिला स्तरीय पदाधिकारी के साथ भौतिक रूप से आहूत की गई।

कोविड काल में व्यय राशि का उपयोगित प्रमाण पत्र आपदा प्रबंधन विभाग को भेजने हेतु सभी सीओ को निदेशित किया गया कि एक सप्ताह के अन्दर उपयोगिता प्रमाण पत्र भेज दे।

सभी अंचल को बकाया एसी - डीसी बिल समायोजन हेतु इसे तैयार कर महालेखाकार पटना को भेजने हेतु निर्देशित किया गया। गृह क्षति के मुआवजा की समीक्षा में वैसे अंचल जिसमें अग्नि कांड से गृह क्षति हुआ है उसका अभिलेख तैयार कर जिला आपदा शाखा को



भेजने हेतु निदेशित किया गया ताकि अभिलेख स्वीकृत होकर गृह स्वामी को मुआवजा की राशि का भुगतान कर सके। इस बैठक में सभी सीओ वीसी के माध्यम से और जिला स्तरीय पदाधिकारी डीएम के कार्यालय कक्ष में उपस्थित रहे।

# बीपीएससी की परीक्षा में 118वां रैंक प्राप्त कर ऑडिट ऑफि सर के पद पर चयनित

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

सरस्वती विद्या मंदिर मोतीबाग,किशनगंज के पूर्व छात्र सावन कुमार पिता शिव कुमार माता श्रीमती राजकुमारी देवी निवासी डुमरिया भट्टा, वार्ड 29 के बिहार लोक सेवा आयोग की परीक्षा में 118 वाँ रैंक प्राप्त कर ऑडिट ऑफि सर के पद पर चयनित हुआ हैं। वही सरस्वती विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य नागेंद्र तिवारी ने बताएं कि इनकी इस सफलता से सम्पूर्ण विद्यालय परिवार, किशनगंज शहर-



वासियो को गर्व है। प्राथमिक कक्षा से लेकर 10वीं तक की शिक्षा सरस्वती विद्या मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मोतीबाग किशनगंज से प्राप्त किया है।2012 बैच था। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष डॉ दिलीप जायसवाल , उपाध्यक्ष शिशिर कुमार दास ,सचिव रामलाल सिंह आदि ने हर्ष व्यक्त करते हुए सावन के माता पिता को भी शुभकामनाएं व बधाईयां दी।

संपूर्ण विद्यालय परिवार और लोक शिक्षा समिति बिहार की ओर से सावन कुमार को मंगलमय शुभकामनाएं और बधाई दी।

# महादेवशाल धाम में भोले बाबा का महाकाल स्वरूप श्रृंगार कर विशेष आरती किया गया

**बिभूति भूषण भद्र दैनिक समाज जागरण झाड़ग्राम पश्चिम बंगाल**

मिनी बाबा धाम के नाम से प्रसिद्ध गोईलकेरा के बाबा महादेवशाल धाम में भोले बाबा का श्रृंगार महाकाल स्वरूप में कर विशेष संध्या आरती किया गया। संध्या आरती में काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। जमशेदपुर के त्रिवेणी इंजिकन्स प्राइवेट लिमिटेड एवं गोविंद प्रसाद अग्रवाल के सहयोग से बाबा महादेव का श्रृंगार कराया गया। चक्रधरपुर के केशव राव एवं टीम के द्वारा भोले बाबा का श्रृंगार महाकाल स्वरूप में किया गया। विशेष संध्या आरती में मुख्य रूप से आदर्श दोद्राजका,



मिनिता दोद्राजका, साक्षी दोद्राजका, शिव भगेरिया, शिखा भगेरिया, गणेश पड़िया, गुलशन चुग आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# ग्रामीणों और स्कूली छात्रों ने सड़क अवरुद्ध कर राष्ट्रीय राजमार्ग 31 पर किया बिरोध प्रदर्शन।

**रंजीत कुमार पोद्दार : संवाददाता : समाज जागरण**

फांसीदेवा : टूटी सड़कें, गड्ढों से भरी सड़कें, जान जोखिम में डाल कर सफर करने को मजबुर स्थानीय लोग लेकीन कोई सुनवाई नहीं प्रशासन की, प्रशासन को बार-बार सूचित करने के बावजूद कोई फायदा नहीं होने पर अंतुजोत दनागच नयनजोत भूषनारायण सहित 10 गांवों के निवासियों ने फांसीदेवा के हांसखोवा मोड़ पर सिलीगुड़ी-कोलकाता गामी राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 31 को अवरुद्ध कर विरोध प्रदर्शन किया। स्थानीय सूत्रो से मिली जानकारी अनुसार गांव की सड़कें खराब हैं लेकिन प्रशासन इस ओर ध्यान नहीं



दे रहा है। साथ ही पुलिया टूटी हुई हैं और 50 मीटर सड़क ध्वस्त हो गई है। स्थानीय लोगों को गहरे गड्ढों से होकर गुजरना पड़ रहा है। सभी को जोखिम लेकर यात्रा करनी पड़ती है। इस दिन ग्रामीणों और स्कूली छात्रों ने अपना गुस्सा जाहिर करने के लिए सड़क अवरुद्ध कर राष्ट्रीय राजमार्ग 31 पर बिरोध प्रदर्शन किया जिस वजह से दो घंटे तक सड़क जाम रही वाहनों का परिचालन ठप रहा, बागडोगरा थाने की पुलिस और फांसीदेवा बीडीओ संजू गुहा मजूमदार मौके पर पहुंचे और प्रदर्शनकारियों को शांत कराया और बात चित कर राष्ट्रीय राजमार्ग 31 को खुलवाया गया बाद में बीडीओ और स्थानीय पंचायत प्रमुख और अन्य ने घटनास्थल का दौरा किया।

# सावन माह की अंतिम सोमवारी पर भूतनाथ गौशाला शिव मंदिर में भक्तों की उमड़ी भीड़, भक्तों ने किया जलाभिषेक

**राहुल साह : दैनिक समाज जागरण किशनगंज**

किशनगंज शहर के पूरब पाली रोड स्थित भूतनाथ गौशाला शिव मंदिर में सावन माह की अंतिम सोमवारी को लेकर भक्तों की भीड़ उमर परी. शिव भक्त बेलुवा स्थित ओदरा घाट से जल लेकर बोल बम का नारा लगाते हुए भूतनाथ गौशाला शिव मंदिर पहुंचकर शिवलिंग पर



जलाभिषेक कर पूजा अर्चना किये. वही इस दौरान कई संगठनों द्वारा शिव भक्तों के सेवा में तन मन धन से लगे हुए थे. साथ ही भूतनाथ गौशाला शिव मंदिर में भजन कीर्तन कार्यक्रम का कमेटी द्वारा आयोजन किया गया. भजन कीर्तन कार्यक्रम के दौरान लोग भगवान शिव के गाने पर नाचते झूमते दिखे.

# भारत स्काउट्स एवं गाईड्स के सदस्यों ने महादेव साल धाम में सेवाएं प्रदान की

**बिभूति भूषण भद्र दैनिक समाज जागरण झाड़ग्राम पश्चिम बंगाल**

दक्षिण पूर्व रेलवे भारत स्काउट्स एवं गाइड्स चक्रधरपुर रेल मंडल के समर्पित सदस्यों ने श्रावण माह के अंतिम सोमवार को गोईलकेरा स्थित बाबा महादेवशाल धाम मंदिर में निस्वार्थ सेवाएं प्रदान की। दक्षिण पूर्व रेलवे भारत स्काउट एवं गाइड्स की टीम अहले सुबह महादेवशाल मंदिर परिसर पहुंचकर, वहां की साफ सफाई की। श्रद्धालुओं को कतारबद्ध कराकर



भोलेनाथ का दर्शन कराना, श्रद्धालुओं के भीड़ को नियंत्रित एवं प्रबंधित करने जैसी विभिन्न सेवाएं प्रदान की गई। भारत स्काउट एवं गाइड्स के सदस्यों द्वारा महादेवशाल स्टेशन हल्ट में रेल यात्रियों को ट्रेन में चढ़ने एवं उतारने में मदद की। सदस्यों द्वारा बुजुर्ग यात्रियों की विशेष सहायता की गयी। मालूम हो भारत स्काउट एवं गाइड्स युवाओं के लिए सबसे बड़ा स्वैच्छिक संगठन में से एक है। जो पूरे वर्ष विभिन्न सेवाएं प्रदान करता है।

# सिलीगुड़ी में अतिक्रमण पर चला नगर निगम का बुलडोजर, ध्वस्त की अवैध दुकानें

**उत्तम सिंह: संवाददाता: दैनिक समाज जागरण :सिलीगुड़ी ( दार्जिलिंग):**

सिलीगुड़ी नगर निगम अतिक्रमण के खिलाफ आज बुलडोजर लेकर सड़क पर उतरी है। सिलीगुड़ी नगर निगम को खबर मिल रही थी भक्ति नगर थाना अंतर्गत ईस्टर्न बाईपास इलाके में सड़क किनारे पीडब्लूडी की जिस जमीन पर से कुछ महीना पहले जो अतिक्रमण हटाया गया था। उस जगह पर फिर से अतिक्रमण करके अवैध निर्माण तैयार किया जा रहा है। इसके बाद सिलीगुड़ी नगर निगम ने अवैध कब्जा पर सख्त रूख अपनाते हुए आज सुबह 4 जेसीबी के साथ ईस्टर्न बाईपास पहुंची और अवैध अतिक्रमण पर जेसीबी चलानी शुरू कर दी।

वहीं, अवैध अतिक्रमण को हटाने के दौरान किसी तरह की कोई समस्या न हो इसके लिए भक्ति नगर थाना की विशाल पुलिस वाहिनी तैनात किया गया।



इसके बाद नगर निगम की बुलडोजर ने एक के बाद एक अतिक्रमण को तोड़ कर जगह को खाली कराया। नगर निगम की ओर से बताया गया है कि आज कुल 9 दुकानों को हटाया गया है। नगर निगम ने कुछ महीने पहले इस जमीन को खाली कराया था। इसके बाद उस जगह पर फिर से अतिक्रमण किया जा रहा था। नगर निगम ने लोगों से कई बार जगह खाली करने के लिए कही थी। लेकिन जगह खाली नहीं की गई। जिसके बाद आज एक बार फिर से अतिक्रमण को खाली करने के लिए नगर निगम को जेसीबी चलानी पड़ी। साथ ही पुलिस प्रशासन से सरकारी जगहों पर फिर से अतिक्रमण न हो इस तरफ खास ध्यान रखने के लिए भी कहा गया है।

# नदी से बाहर निकाला गया मृत अवस्था में विजय मलिक का शव

**राहुल साह : दैनिक समाज जागरण किशनगंज**

जेल के पीछे बस्ती वार्ड नंबर 30 निवासी विजय मलिक 40 वर्षीय साफ सफाई का कार्य करता था. वही साफ सफाई करने के बाद विजय मलिक अपने घर जा रहा था. इसी दौरान रुइधासा भाटिया बस्ती पुल के समीप नदी में अचानक गिर पड़ा. वही इस दौरान विजय मलिक नदी में डूब गया. घटना की सूचना इलाके में सनसनी की तरह फैल गई. स्थानीय लोगों द्वारा विजय मलिक 40 वर्षीय की डूबने की सूचना उनके परिजनों साथ ही स्थानीय पुलिस को दी गई. घटनास्थल पर लोगों का जमावड़ा लग गया. इस दौरान एसडीआरएफ की टीम घटनास्थल पर पहुंचकर खोजबीन में लग गई है. काफी मशक्कत के बाद एसडीआरएफ की टीम के द्वारा विजय मलिक 40 वर्षीय के मृत्यु शव को नदी से बाहर निकल गया. वही शव को पुलिस अपने कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया. सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम करने के बाद शव को उनके परिजनों को सौंप दिया गया. वही इस दौरान मृत व्यक्ति के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है.

## गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी के दौरान पुलिस ने दो लीटर महुआ शराब की बरामद

**दैनिक समाज जागरण राज कुमार सिंह, कोचस रोहतास**

रोहतास जिले कोचस थाना क्षेत्र से पुलिस ने एक शराब कारोबारी के घर छापेमारी कर दो लीटर महुआ शराब को बरामद कर ली है जबकि शराब कारोबारी पुलिस को चकमा दे भागने में कामयाब रहा। इसकी जानकारी देते हुए एस आई भागीरथ कुमार ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि उक्त गांव में रामजी चौधरी का पुत्र संतोष चौधरी शराब की बिक्री कर रहा है तभी पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर उक्त गांव में छापरी की जिसमे पुलिस ने शराब कारोबारी के घर से दो लीटर देसी महुआ शराब को बरामद कर लिया जबकि सराब कारोबारी पुलिस को आते देख मौके से नौ दो ग्यारह हो गया। वहीं कोचस पुलिस ने शराब कारोबारी के विरुद्ध नामजद प्राथमिक की दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई कर रही है।

## जनता दल यूनाइटेड के तत्वाधान में कार्यक्रम संपन्न

**दैनिक समाज जागरण विकास शुक्ला,चेनारी रोहतास**



रोहतास जिले के चेनारी में मंगलवार को जनता दल यूनाइटेड के तत्वधान में ग्राम संसद सद्भाव की बातें बिहार के मुख्यमंत्री माननीय नीतीश कुमार जी के आदेश पर चेनारी प्रखंड के खुमार्बाद और फुलवरिया पंचायत में कार्यक्रम रखा गया कार्यकर्म के अध्यक्षता जेडीयू प्रखंड अध्यक्ष चेनारी धर्मेंद्र कुशवाहा ने किया साथ में जिला अध्यक्ष जेडीयू अजय कुशवाहा, और बिंद चंद्रवंशी चेनारी विधानसभा प्रभारी प्रदेश महासचिव राजेश्वर चंद्रवंशी। जिला उपाध्यक्ष डा,राजेंद्र प्रसाद जदयू प्रखंड अध्यक्ष अतिपिछड़ा चेनारी रविंदर चंदरबंसी बैरिस्टर सिंह कुशवाहा कमलेश पासी अशोक राम शैलेश कुमार पंचायत अध्यक्ष अभिमन्यु पटेल के द्वारा पंचायत के सभी सम्मानित जेडीयू कार्यकरता मौजूद थे।

## शिवालयों में किए गए भक्तिमय कार्यक्रम

**दैनीक समाज जागरण संझौली,रोहतास**

सावन मास की अंतिम सोमवारी पर आज विभिन्न शिवालयों में भक्तों की काफी भीड़ देखी गई, तो वहीं अनेक जगहों पर कीर्तन और संगीत का आयोजन भी हुआ। प्रखंड क्षेत्र के संझौली, उदयपुर, करमैनी, सिकठी सहित विभिन्न जगहों पर श्रद्धालुओं ने गंगाजल और बिल्व पत्र के साथ जलाभिषेक किया। वहीं भजन कार्यक्रम शिव सरोवर तलाब पर शिव मंदिर प्रांगण में दिन भर चलता रहा। माह का अंतिम सोमवारी होने के कारण महिलाओं ने बढ़-चढ़कर इस पूजा में भाग लिया, तो बक्सर से गंगाजल लेकर आए हुए कांवरियों ने शिवालयों में जल अर्पित किया। लोगों ने कांवरियों का श्रद्धा भाव से स्वागत किया और भजन कीर्तन कार्यक्रम में प्रसाद वितरण भी किया गया। शिव सरोवर तलाब स्थित शिव मंदिर में भक्तिमय कार्यक्रम तथा श्रद्धालु कांवरियों को जल अर्पित करते देखा गया।

## बाइक से गिरकर किशोर हुआ बुरी तरह घायल , रेफर

**दैनिक समाज जागरण अजय कुमार सोनी,करगहर रोहतास**




रोहतास जिले के करगहर थाना क्षेत्र के सासाराम- चौसा पथ पर सोमवार को स्थानीय करगहर बाजार के समीप अनियंत्रित बाईक से गिरकर एक किशोर बुरी तरह घायल हो गया। घायल किशोर को ग्रामीणों के मदद से करगहर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया गया, जहाँ के डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद घायल किशोर के हालत गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज हेतु बाहर रेफर कर दिया। जख्मी किशोर के पहचान करगहर थाना के अरूही गांव के पवन पासवान के पंद्रह वर्षीय पुत्र राधेश्याम कुमार बताया जाता है। घायल किशोर बाईक से कहीं जा रहा थी कि करगहर बाजार के अनियंत्रित बाइक से गिरकर घायल हो गया। जिसकी इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है।

## पटवन के पानी को लेकर किसानों ने किया पंचायती राज मंत्री का घेराव

**दैनिक समाज जागरण विकास शुक्ला चेनारी रोहतास**

रोहतास जिला के चेनारी प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत दुर्गावती जलाशय परियोजना



से चेनारी प्रखंड के लगभग आधा दर्जन गांव के किसानों को नहीं मिल रहा है पटवन के लिए पानी बता दें कि पेवंदी, खदौली, गणेशपुर, लांजी गांव के किसानों ने सोमवार के दिन चेनारी मल्हीपुर स्टेट हाइवे पर डोंइया ईंट भट्ठे के समीप पंचायती राज मंत्री मुरारी प्रसाद गौतम का किया घेराव । वही पंचायती राज मंत्री मुरारी प्रसाद गौतम के द्वारा जल्द से जल्द लांजी बितरण नहर में पानी छुड़ाने कि बात कही गई। पंचायती राज मंत्री के द्वारा लांजी वितरण नहर पर पहुंचकर निरिक्षण भी किया गया।और तुरंत सिंचाई विभाग के अधिकारियों को फोन कर बुलाया गया। जब तक अधिकारी नहीं आए मंत्री मुरारी प्रसाद गौतम लांजी वितरण नहर पर डंटे रहे। वही मंत्री के आश्वासन के बाद किसान मंत्री को आगे बढ़ने दिए। मंत्री के द्वारा आश्वासन दिया गया कि चार दिन के अंदर लांजी वितरण नहर में किसानो को पानी मिलेगा तब जाकर किसान शांत हुए और पंचायती राज मंत्री मुरारी प्रसाद गौतम जिंदाबाद का नारा लगाने लगे।

## पुलिस ने 20 लीटर देशी शराब साथ दो कारोबारी को किया गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण मनोज कुमार,रोहतास ब्यरो**

रोहतास जिले के काराकाट थाने की पुलिस ने देशी महुआ शराब के साथ दो कारोबारी को रंगे-हाथों पकड़ लिया। थानाध्यक्ष आदित्य कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के हटिया गांव से उपेंद्र प्रसाद एवं दीपु कुमार को गुप्त सूचना के आधार पर दोनों कारोबारी को 20 लीटर देसी महुआ शराब के साथ रंगे-हाथों गिरफ्तार कर लिया गया।गिरफ्तार दोनों आरोपियों के विरुद्ध संबंधित मामला दर्ज करते हुए जांच के उपरांत जेल भेज दिया गया।

## सावन के अंतिम सोमवारी पर उमड़ी शिवभक्तों की भीड़, जय महाकाल के जयकारों से गुंजा शिवालय

**दैनिक समाज जागरण प्रहलाद तिवारी, बिक्रमगंज रोहतास**

अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में सावन के पावन महीने के अंतिम सोमवारी पर शिवालयों में शिवभक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से ही विभिन्न शिवालयों में शिवभक्त पूजा अर्चना व जलाभिषेक के लिए पंक्तिबद्ध होकर अपनी पारी का इन्तेजार करते दिखे। साथ ही चहुंओर शिव भक्ति धार्मिक गीतों की गूंज से पूरा क्षेत्र भक्तिमय बना रहा। विभिन्न शिवालयों में शिवलिंग पर जलाभिषेक के लिए शिवभक्तों का तांता लगा रहा। भक्त हर-हर भोले,जय महाकाल और बोलबम के जयकारों से शिवालयों को गुंजायमान कर रहे थे। कई शिव मंदिर में भक्तजन खासकर महिलाओं की इतनी भीड़ थी कि स्थानीय लोगों को भीड़ पर नियंत्रण के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी। श्रद्धालु बेलपत्र, भांग, धतूरा, जल, दूध आदि लेकर अपने नजदीक के शिवालय पहुंचे। जहां श्रद्धालुओं द्वारा शिवलिंग पर जलाभिषेक कर भगवान शिव की पूजा-अर्चना की।



जिसमें युवती और महिलाओं की अधिक संख्या देखी गई है। सावन के अंतिम सोमवारी के दिन अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत स्थानीय प्रखंड के कस्तर महादेव , स्थानीय शहर के आरा रोड शिव मंदिर , सासाराम रोड डीएसपी आवास के समीप अवस्थित शिव मंदिर , नगर परिषद क्षेत्र के धारुपुर वार्ड संख्या 20 एवं 21 के मां काली व शिव मंदिर वही दूसरी ओर काराकाट प्रखंड के मुख्यालय गोराड़ी के बुढ़वा महादेव , बकस बाबा एवं देवमार्कण्डेय शिव मंदिर सहित अन्य शिवालयों में जलाभिषेक को लेकर शिवभक्तों में भारी उत्साह देखा गया। सुबह से ही शिवालयों में हर-हर महादेव ॐ नमः शिवाय , जय महाकाल के जयकारे लगाते हुए देखने को मिला। इस दौरान श्रदालुओं ने कहा कि सनातन संस्कृति में सावन महीने का बड़ा ही महत्व है। आज के दिन सभी अपने शिवलयों में पहुंच कर भगवान भोले नाथ का जलाभिषेक करते हुए अपने परिवार समाज राष्ट्र व विश्व के कल्याण के लिए कामना किए।

## सरपंच संघ 11 सूत्री मांगों के समर्थन में 5 सितंबर को करेंगे एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन

**दैनिक समाज जागरण मनोज कुमार, व्यूरो रोहतास**




बिहार प्रदेश पंच सरपंच संघ के आह्वान पर काराकाट प्रखंड मुख्यालय पर 11 सूत्री मांगों के समर्थन में 5 सितंबर को सरपंच संघ एक दिवसीय धरना का आयोजन किया जाएगा । सरपंच संघ के प्रखंड अध्यक्ष कृष्ण कुमार सिंह ने सहित प्रखंड के सभी सरपंचों ने हस्ताक्षर युक्त 11 सूत्री मांग पत्र बीडीओ राहुल सिंह को सौंपा । मांग पत्र सौंपते हुए एक दिवसीय धरना के लिए अनुमति की मांग किया । बताया गया कि 11 सुत्री मांग को लेकर मुख्यालय पर 5 सितंबर को एक धरना का आयोजन किया जाएगा।मौके पर सोनवर्षा पंचायत सरपंच प्रतिनिधि राम प्रसाद सिंह, दिनेश सिंह,मनोज कुमार गुप्ता सहित सभी सरपंच थे।

## दहेज हत्या मामले में पुलिस ने सास ससुर एवं पति को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**दैनिक समाज जागरण मनोज कुमार,रोहतास ब्यरो**

रोहतास जिला अंतर्गत कछवां थाने की पुलिस ने दहेज हत्या के मामले में सास, ससुर एवं पति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष मितेश कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के तुलसी टोला निवासी सास मीना देवी, ससुर बसंत गिरी एवं पति सुमंत गिरी को गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर आरोपी के घर से ही पुलिस ने गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार उक्त तीनो आरोपी के विरुद्ध स्थानीय थाना में मृतिका परी देवी के परिजनों के द्वारा सास ,ससुर , पति समेत सात यानी दस लोगों को दहेज हत्या के मामले में आरोपी बनाया गया था। उन्होंने कहा कि सभी आरोपियों के विरुद्ध स्थानीय थाना में कांड संख्या 111/23 के आलोक में दहेज हत्या का मामला दर्ज था। जिसमें तीन आरोपी सास, ससुर एवं पति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

## केविके में मुगीर्पालन बैकयार्ड पोल्ट्री विषय पर एकदिवसीय ओंकेंपस प्रशिक्षण आयोजित

**दैनिक समाज जागरण मनोज कुमार,रोहतास ब्यरो**

रोहतास जिले के कृषि विज्ञान केंद्र बिक्रमगंज के सभागार भवन में वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान डॉ शोभा रानी की अध्यक्षता में अनुसूचित जाति उप परियोजना के तहत मुर्गी पालन बैकयार्ड पोल्ट्री विषय पर एकदिवसीय ओंकेंपस प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें जिला के विभिन्न प्रखंडों से आई हुई 39 महिलाओं ने भाग लिया एवं प्रशिक्षण के उपरांत उन्हें मुर्गी का चूजा भी उपलब्ध कराया गया। यह चूजे मुर्गी के उन्नत प्रभेद वन राजा एवं सोनाली है। प्रशिक्षण के दौरान डॉ रामाकांत एवं डॉक्टर रतन के द्वारा मुर्गी पालन के विभिन्न पहलुओं पर जैसे खान-पान, रहन- सहन रख-रखाव



टीकाकरण एवं जलवायु परिवर्तन की स्थिति में रखे गए विशेष सावधानियां इत्यादि पर विशेष प्रकाश डाला गया। महिलाओं को यह बताया गया कि बैकयार्ड पोल्ट्री के द्वारा वह अपने परिवार के पोषण स्तर को तो ऊंचा कर ही सकती हैं एवं साथ ही आय का एक सहारा भी बना सकते हैं। इस कार्यक्रम में सूर्यपुरा, नोखा, संझौली, बिलारी, सासाराम इत्यादि जगह से आई हुई विभिन्न समूह की महिलाओं ने भाग लिया। इनमें मुख्य रूप से सुनैना देवी, रोहिणी देवी ,इंदु देवी, पार्वती कुमारी, लालसा देवी इत्यादि महिलाओं ने प्रशिक्षण का लाभ उठाया।

## रोहतास पुलिस की विशेष टीम ने टॉप 20 में शामिल 19 वें अपराधकर्मी को छपरा से किया गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण मनोज कुमार,व्यूरो रोहतास**

रोहतास एसपी विनीत कुमार ने डेहरी स्थित पुलिस अधीक्षक कार्यालय में प्रेसवार्ता के दौरान जानकारी देते हुए बताया कि टॉप 20 सूची में शामिल 19वें अपराधकर्मी प्रमोद सिंह पिता राज किशोर सिंह को रोहतास पुलिस की विशेष टीम ने छपरा से गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार अपराधकर्मी रोहतास जिले के अकोढी गोला थाना अंतर्गत बुधुवाँ महुआरी काव नदी पुल निर्माण कार्य के बेस कैम्प लूट की घटना को अंजाम दिया गया था। गिरफ्तार अपराधकर्मी कई महीनो से फरार चल रहा था। जिसकी गिरफ्तारी के लिए रोहतास एसपी विनीत कुमार ने अकोढ़ी गोला थाना एवं जिला आसूचना इकाई की विशेष टीम का गठन किया था। गठित विशेष टीम ने लम्बे समय से फरार अभियुक्त प्रमोद सिंह को छपरा से गिरफ्तार कर लिया है। इसके पूर्व में भी उक्त कांड में शामिल तीन अपराधकर्मी न्यायालय में समर्पण कर चुके हैं।

## पुलिस ने 2 लीटर महुआ शराब की बरामद, शराब तस्कर फरार

**दैनिक समाज जागरण राज कुमार सिंह,कोचस रोहतास**

रोहतास जिले के कोचस थाने की पुलिस ने सोमवार को पंडितपुरा गांव से गुप्त सूचना के आधार पर कार्यवाई करते हुए छापेमारी के दौरान एक शराब तस्कर के घर से दो लीटर देशी महुआ शराब बरामद की है। हालांकि पुलिस की भनक लगते ही तस्कर वहां से फरार हो गए।एसआई भागीरथी कुमार ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि उक्त गांव निवासी रामजी चौधरी का पुत्र संतोष चौधरी शराब की बिक्री करता है।सूचना के बाद उक्त गांव में पहुची पुलिस ने संतोष चौधरी के घर की तलाशी ली।जहां तलाशी के दौरान उसके घर से दो लीटर देशी महुआ शराब बरामद किया गया। वहीं मौका का फायदा उठाते हुए तस्कर पुलिस को चकमा देकर भागने में कामयाब रहा। वहीं पुलिस शराब तस्कर के विरुद्ध प्राथमिक की दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई कर रही है।

## प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य सुविधा के अभाव में गर्भवती महिला को भेजा गया सदर अस्पताल

**दैनिक समाज जागरण मनोज कुमार, व्यूरो रोहतास**

रोहतास जिले के राजपुर प्रखंड के स्थानीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में सोमवार को डिलीवरी हेतु आई गर्भवती महिला को सदर अस्पताल सासाराम भेज दिया गया। बताया जाता है कि प्रखंड क्षेत्र के हरिवंशपुर गांव निवासी शंकर गुप्ता की पत्नी माया कुमारी को स्वास्थ्य विभाग के टीम के द्वारा बेहतर सुविधाओं के अभाव में सदर अस्पताल सासाराम भेज दिया गया। जिसके कारण परिजनों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। गर्भवती महिला के परिजनों ने बताया कि प्रखंड स्तर पर स्वास्थ्य सुविधाओं का घोर अभाव है। जिससे परेशानियों का सामना करना पड़ता है। स्थानीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की मेडिकल टीम द्वारा नॉर्मल स्थिति में गर्भवती महिलाओं की डिलीवरी करा दी जाती है, लेकिन मामले में जरा सा भी परेशानी होने पर मरीज को जिला अस्पताल भेज दिया जाता है। इस मामले में ड्यूटी पर तैनात डॉ. सुमित कुमार ने बताया कि कर्मकिला गांव की दौलती कुमारी, छनहा की सोनाली, पड़रिया की रविता, कुशधर की अलीशा खातून व राजपुर की पूनम कुमारी समेत उक्त प्रेग्नेंट महिला डिलीवरी हेतु भर्ती हुई थी।सभी का नॉर्मल डिलीवरी अच्छी तरह से संपन्न हो गया। सदर अस्पताल भेजी गई महिला सिजर (मिर्गी) की पेशेंट थी। जिस कारण उसके शरीर में कंपन महसूस किया जा रहा था। जिसे अच्छी सुविधाओं के ख्याल रखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिससे परेशानी बढ़ने पर हालत को बेहतर ढंग से काबू में किया जा सके।मौके पर जीएनएम रीमा कुमारी,एएनएम मालती कुमारी, कर्मी नवीन गौतम समेत अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे

## युवक की हत्या कर फेके गए शव को पुलिस ने वहटूटीया से किया बरामद, पोस्टमार्टम के लिए भेजा

**दैनिक समाज जागरण राज कुमार सिंह,कोचस रोहतास**

रोहतास जिले के कोचस थाना क्षेत्र के वहटूटीया गांव स्थित काली स्थान मंदिर के समीप से सोमवार की सुबह एक युवक की हत्या कर फेके गए शव को पुलिस ने बरामद कर लिया है। युवक की पहचान विमलेश कुमार उर्फ विकी ग्राम पानापुर थाना धनसोई जिला बक्सर के रूप में हुई है।घटना के बारे में बताया जाता है कि युवक विमलेश कुमार कोचस नगर पंचायत के वार्ड नंबर 10 के एक किराए के मकान में रहकर किसी कोचिंग संस्थान में रहकर छात्र-छात्राओं को कोचिंग कराता था। की सोमवार कि अहले सुबह लोगों ने टहलने आए लोगों ने शव को देखा जिसके बाद यह बात आज की तरह फैल गई। इस घटना की जानकारी वहां के लोगों ने कोचस थाने को दी जिसमें वहटूटीया गांव के काली मंदिर के समीप से पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए परिजनों को सौंप दिया। मिली जानकारी के मुताबिक किसी युवक के द्वारा उसे बार-बार जान से मारने की धमकी



मिल रही थी जिसमें इसकी जानकारी युवक ने अपने माता को दी। मृतक के पास से एक सुसाइड नोट तथा पैकेट से सल्फास की डिबिया भी मिलने की पुष्टि हुई है। वही कोचस थाना अध्यक्ष एस आई भागीरथ ने इस संदर्भ में बताया कि युवक की हत्या कर फेंक दिया गया था जिसमें कोचस पुलिस ने थाना क्षेत्र के बहटूटीया गांव स्थित काली मंदिर के समीप से बरामद कर लिया है, इस घटना की जानकारी परिजनों को दे मृत युवक का शव परिजनों को सौंफ पोस्टमार्टम के लिए सासाराम भेज दिया गया है। थाना अध्यक्ष ने बताया कि पुलिस ने सुसाइड नोट में दिए गए नाम वाले व्यक्ति को अपने हिरासत में ले पूछ ताछ कर रही है व तीनों एंगल से मामले की छानबीन कर रही है । इस मामले मे पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद जल्द खुलासा कर हत्या मे संलिप्त आरोपियों को गिरफ्तार करेगी।

## भोलेबाबा के भक्तों ने सावन के अंतिम सोमवारी को शिवालयों में किया जलाभिषेक

**दैनिक समाज जागरण मनोज कुमार, व्यूरो रोहतास**

रोहतास जिले के काराकाट प्रखंड क्षेत्र के सभी शिवालयों में सावन के अंतिम सोमवारी को श्रद्धा भक्ति के साथ जलाभिषेक किया गया । सुकहरा गांव के बुढ़वा महादेव मंदिर में सैकड़ों की संख्या में शिव भक्तों ने गाजे- बाजे के साथ जलाभिषेक किया। बाबा महादेव युवा कमिटि सुकहरा के युवाओं, महिला पुरुष शिव भक्तों ने हाथों में जल लेकर सबसे पहले काली माता के मंदिर, बजरंग बली के मंदिर सहित गांव के सभी देवताओं को पूजा पाठ कर हाथों में जल लेकर बुढ़वा महादेव मंदिर की ओर भोलेनाथ का जयकारा लगते हुये प्रस्थान किया। बुढ़वा महादेव मंदिर पहुंच कर सभी भोले बाबा के भक्तों ने जलाभिषेक किया। बुढ़वा महादेव देवमार्कण्डेय, दनवार, गोड़ारी , मोथा, मोहनपुर, जयश्री, बुढ़वल, सहित क्षेत्र के सभी



शिवालयों में जलाभिषेक किया गया। सावन के अंतिम सोमवारी पर भोले बाबा के भक्तों में जलाभिषेक के लिए उत्साह देखा गया। वहीं क्षेत्रों के सभी शिवालयों को सजाया गया था। शिवालयों में जलाभिषेक के लिए भारी भीड़ रही। शिव भक्तों को जलाभिषेक करने के लिए किसी प्रकार को भक्तों को परेशानी न हो इसको देखते हुए व्यावस्थापक व्यवस्था में जुटे रहे। भक्तिमय माहौल में बाबा भोले को भक्तगण जलाभिषेक किये। बाबा के भक्तों में विकास पासवान, पवन सिंह, मनोज पासवान, मुन्ना साह, अखिलेश कुमार, लालबाबु सिंह, सिहासन सिंह, ललन पासवान, मंटू पासवान , भोला कुशवाहा, अविनाश कुमार, छोटु, सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।

## गरीबों को डीटीएच देने हेतु कर्मियों के साथ पंचायती राज पदाधिकारी ने की बैठक

**दैनिक समाज जागरण मनोज कुमार, व्यूरो रोहतास**

सरकार द्वारा गरीबों को मुफ्त में डीटीएच सुविधा प्रदान करने के कार्यक्रम के क्रियान्यवयन हेतु पंचायती राज पदाधिकारी सुनीता कुमारी के नेतृत्व में सोमवार को प्रखंड कर्मियों के साथ बैठक की गई। बैठक के उपरांत सात निश्चय के जेई रविरंजन कुमार ने बताया की सरकार द्वारा गरीबों को मुफ्त में डीटीएच की सुविधा प्रदान करने का



निर्णय लिया गया है। जिसके लिए प्रखंड कर्मियों की एक टीम सभी पंचायत में सर्वे हेतु प्रतिनियुक्ति की गई है। ये टीम डीटीएच प्रदान करने लायक गरीबों की सर्वे रिपोर्ट तैयार कर 31 अगस्त तक कार्यालय को उपलब्ध करायेगी। सभी पंचायतों में सर्वे कार्य के लिए चार पंचायत सचिव,दो टेक्नीशियन असिस्टेंट एवं दो विकास मित्र की प्रतिनियुक्ति हुई है।

## बिक्रमगंज के पूर्व डीएसपी भाजपा में शामिल, लोगों में हर्ष

**दैनिक समाज जागरण मनोज कुमार, रोहतास ब्यरो**

बिक्रमगंज के पूर्व डीएसपी राजकुमार सिंह ने भाजपा प्रदेश कार्यालय में भाजपा की सदस्यता गृह राज्यमंत्री भारत सरकार नित्यानंद राय एवं अन्य भाजपा के वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में ग्रहण कर लिया। जिसको लेकर अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत सभी प्रखंडों के शिक्षाविद, राजनीतिक एवं अन्य लोगों में खुशियां की लहर दौड़ गई है। सभी लोगों ने एक ही स्वर में कहा कि श्री सिंह को भाजपा में आने से भाजपा को और मजबूती प्रदान होगी।खुशियों का इजहार करने वालों में काराकाट विधानसभा के पूर्व विधायक राजेश्वर राज, भाजपा बिहार प्रदेश



कार्यसमिति सदस्य प्रो० डॉ बलिराम मिश्रा , लोकसभा संयोजक नवीन चंद साह,डॉ अमरेंद्र मिश्रा, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष मदन वैश्य , व्यापार मंडल अध्यक्ष सिद्धनाथ सिंह उर्फ जवाहर सिंह, वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय आरा सीनेट सदस्य डॉ मनीष रंजन, अखिलेश पांडेय, भाजपा नेता सिकंदर सिंह, राजेश्वर सिंह, मुन्ना पांडेय , ललित मोहन सिंह, भाजपा गोराड़ी मंडल अध्यक्ष अजीत सिंह सहित वरिष्ठ नेता व पार्टी के सभी सैकड़ो कार्यकर्ता शामिल है।

## प्रसिद्ध गुप्ताधाम में सावन की आठवीं व आखिर सोमवारी पर लगभग एक लाख श्रद्धालुओं ने शिवलिंग पर किया जलाभिषेक

**दैनिक समाज जागरण विकाश शुक्ला ,चेनारी रोहतास**

जिले के चेनारी प्रसिद्ध गुप्ता धाम में श्रावणी मेले में आखिरी सोमवारी को एक लाख शिव भक्तों ने जलाभिषेक कर पूजा अर्चना किया। इस दौरान धाम पर बज रहे हैं शंख व घंटों की आवाज से संपूर्ण कैमूर पहाड़ी गूंज उठी। हर हर महादेव के जयकारे से कैमूर पहाड़ी के जंगलों का माहौल भक्तिमय हो गया था। बाजार से लेकर गुप्ता धाम जाने वाले हर रास्ते पर गेरुआधारी नजर आ रहे थे। गुप्ता धाम विकास कमेटी द्वारा श्रद्धालुओं के लिए विशेष व्यवस्था की गई थी।



कमेटी के उपाध्यक्ष राम बच्चन सिंह खरवार ने बताया कि मेले में भारी संख्या में कांवरिया व श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। आखरी सोमवारी होने के कारण लगभग एक लाख श्रद्धालु जलाभिषेक कर भगवान शिव की पूजा अर्चना की। बता दे की श्रद्धालुओं के लिए पेयजल, सड़क, बिजली, पानी आदि की घोर अभाव है। । गुप्ताधाम में चार राज्य समेत बिहार के कई जिले से श्रद्धालु पहुंचे हैं। श्रद्धालु बलिया बक्सर गाजीपुर मऊ बनारस पटना आरा हजारों किलोमीटर दूर से आकर प्रसिद्ध शिवलिंग पर जलाभिषेक किए।

## पिकप व बाइक की टक्कर में बाईक पर सवार एक की मौत , एक जख्मी

**दैनिक समाज जागरण मनोज कुमार,रोहतास ब्यरो**

रोहतास जिला अंतर्गत दरिगांव थाना क्षेत्र के दुर्गावती जलाशय कैनल रोड स्थित सोनगांवा गांव के समीप पिकअप और बाइक की टक्कर में बाइक सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि बाइक पर सवार दूसरा व्यक्ति बुरी तरह से घायल हो गया। घटना रविवार की देर शाम की बताई जाती है। मृतक की पहचान दरिगांव थाना क्षेत्र के मलाव गांव निवासी स्वर्गीय हरिकिशन बिंद का पुत्र विद्याशंकर बिंद बताया जाता है, जबकि बाइक पर सवार घायल व्यक्ति सोनगांवा गांव निवासी गुलाबचंद बिंद का पुत्र विजेंद्र सिंह बताया जाता है। जानकारी के



अनुसार बाइक पर सवार विद्या शंकर बिंद और बिजेंदर बिंद चेनारी की तरफ से कैनाल रोड के माध्यम से लौट रहे थे इसी दौरान सामने से आ रही तेज गति की पिकअप ने जोरदार धक्का मार दिया जिससे बाइक पर सवार विद्या शंकर बिंद की मौत हो गई, जबकि बाइक पर सवार विजेंद्र बिंद पूरी तरह से घायल हो गया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल व्यक्ति को इलाज के लिए सासाराम सदर अस्पताल स्थित ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया। वही मृतक के शव को पोस्टमार्टम करने के लिए सासाराम सदर अस्पताल भेज दिया जहां सोमवार को शव का पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सौंप दिया गया।

# पीरपैंती प्रखंड के विनोबाटोला दिलौरी जाह्नवी घाट पर नहाने के दौरान प्रिंस की डूबकर हुई मौत

**समाज जागरण**

भागलपौर( बिहार) जिले के पीरपैंती प्रखंड के श्रीमतपुर हुजूरनगर पंचायत के विनोबाटोला दिलौरी जाह्नवी घाट पर बाँस की पुलिया के नीचे पानी में हरिणकोल पंचायत के छोटी दिलौरी ग्राम के शंभू यादव की चार संतानों में दस वर्षीय ज्येष्ठ पुत्र प्रिन्स कुमार अपने गाँव के साथियों के साथ नहाते समय डूबकर मर गया। बताते चलें कि विद्यालय में अवकाश रहने के कारण प्राथमिक विद्यालय, छोटी दिलौरी के वर्ग तृतीय का छात्र प्रिन्स कुमार आखिरी सोमवारी के अवसर पर अपने गाँव के दस-बारह साथियों के साथ दो ट्यूब के सहारे नहा रहा था। इसी बीच प्रिंस का हाथ ट्यूब से छूट गया और वो गहरे पानी में डूबकर बहने लगा। साथियों के द्वारा शोर मचाने पर परिजनों सहित सैंकड़ों ग्रामीणों और यात्रियों की भीड़ उमड़ पड़ी। परिजन दादा सिकंदर यादव, चाचा कुंदन कुमार, विपिन कुमार, राजीव कुमार, अजीत कुमार, नितिश कुमार ने अपने जान को जोखिम में डालकर प्रशिक्षित गोताखोरों की अनुपस्थिति में डेड बॉडी को खोजना शुरू किया। काफी मशक्कत से एक घंटे के बाद घटनास्थल से करीब पन्द्रह मीटर की दूरी पर गहरे भूतल से चाचा कुंदन कुमार ने भतीजे प्रिन्स की डेड बॉडी को पानी से बाहर निकाला। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो रहा है। यह भी बता दें कि मृतक प्रिंस कुमार के परिवार गरीबी रेखा के नीचे गुजर-बसर करने को मजबूर हैं। मृतक प्रिंस कुमार के पिता शंभू यादव मजदूरी करने पंजाब गये हुए हैं। पीरपैंती पुलिस के अधिकारी अरविंद कुमार दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और डेड बॉडी को कानूनी प्रक्रिया के लिए थाना ले गए जहां से पोस्टमार्टम के लिए जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज सह अस्पताल, भागलपुर भेजे जायेंगे। मौके पर दोनों पंचायत के मुखिया उत्तम साह और दीपक सिंह, शिवनाथ रविदास, नीतु कुमारी, पुतुल गुप्ता, ओमराम, दुर्गाचरण यादव, इंद्रदेव यादव, महेश रजक, अनिल मंडल आदि गणमान्य लोग मौजूद थे। स्थानीय ग्रामीणों ने खेद जताया कि यदि ससमय प्रशासन, अधिकारी, अधिकृत प्रशिक्षित गोताखोर आदि उपस्थित होते तो बच्चे की जान बच सकती थी। लोगों ने आगाह किया कि आगामी हर पर्व - त्योहार के मौके पर स्थानीय पदाधिकारियों, प्रशासनों, बुद्धिजीवियों, समाजसेवकों, प्रशिक्षित आपदा मित्रों आदि को इसके लिए पूर्व में ही ब्लू प्रिंट तैयार कर काम करने की आवश्यकता है।

# सावन की अंतिम सोमवारी पर जिले भर के सभी शिवालय में शिव भक्तों की उमड़ी भीड़, शहर के सभी शिव मंदिरों में किया गया जलाभिषेक,हर हर महादेव के जयकारों से गूंजा शिवालय

**समाज जागरण**
**जिला संवादाता विवेक कुमार**

भागलपुर( बिहार)भगवान शिव के प्रिय मास सावन की अंतिम सोमवारी पर जिले भर के शिवालयों में शिव भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी, अहले सुबह से ही भागलपुर व भागलपुर के आसपास के सभी शिवालयों में शिव भक्तों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था, खासकर महिलाओं में पूजा अर्चना को लेकर काफी उत्साह देखा गया, शहर समेत ग्रामीण क्षेत्र के शिवालयों में दिनभर शिव भक्तों का तांता लगा रहा, इस दौरान महिला व पुरुष श्रद्धालुओं ने शिवालय पहुंचकर भगवान भोलेनाथ पर फल फूल नैवेद्ध भांग धतूरा बेलपत्र आदि चढ़कर पूजा अर्चना किया इसके साथ ही श्रद्धालु पूजा कर के शिवलिंग पर जलाभिषेक कर अपने पूरे परिवार एवं देश की मंगल कामना की, आज शहर के सभी शिवालयों में सुबह से ही शिव भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी थी, सभी मंदिरों में दर्शन के लिए भक्तों की



लाइन लगी रही, पूजन के दौरान शिव भक्त हर हर महादेव के जयकारे लगा रहे थे, पूरा शहर हर हर महादेव के जयघोस से गूंजायमान था, शहर से लेकर गांव तक लोग शिव की भक्ति में लीन दिखे, पूजन को लेकर नगर के बुढ़ानाथ मंदिर शिव शक्ति मंदिर भूतनाथ मंदिर मनसकामना नाथ मंदिर के अलावे सभी शिवालयों में शिव भक्तों का तांता लगा रहा, वही अंतिम सोमवारी को लेकर हर शिवालयों के मंदिर कमेटी द्वारा आकर्षक लाइट व फूलों की सजावट की गई थी साथ ही इस दौरान पूजन करने आए शिव भक्तों की उत्साह भी काफी देखी गई वहीं दूसरी ओर शिव भक्तों की सुरक्षा में महिला व पुरुष पुलिस बल हर चौक चौराहे और शिवालयों में तैनात दिखे ताकि शिव भक्तों को जलाभिषेक करने में एवं पूजा अर्चना करने में किसी तरह की कोई परेशानी ना हो।

# गोनुबाबा धाम में अहले सुबह से श्रद्धालुओं की लगी रही भीड़, सांप काटे रोगी यहां से स्वस्थ होकर जाते हैं।

**समाज जागरण जिला ब्यूरो प्रभात कुमार मिश्रा**

भागलपुर (बिहार) सावन की आखिरी सोमवारी को चारो तरफ भोले बाबा



का जयजयकार का नारा गूंज रहा है । वही शिव भक्तों का जन सैलाब मंदिरों में उमड पड़ा । शहर के सभी मंदिरों के साथ-साथ जगदीशपुर के गोनू बाबा धाम में भी अहले सुबह से भक्त बाबा की पूजा अर्चना के साथ बाबा का जलार्पण कर रहे हैं। वही इस मंदिर की मान्यता है, कि अगर इलाके में कहीं भी किसी को सांप काटता है ,तो वह इस मंदिर आकर यहां का नीर पीकर मंदिर परिसर में स्नान करता है तो उसे सांप का विश नहीं लगता और वह यहां से स्वस्थ होकर जाता है। वही इस मंदिर में जो लोग मन्नते मांगते हैं उनकी मन्नत भी पूरी होती है। इसको लेकर लोगों की आस्था इस मंदिर से जुड़ी हुई है और हजारों हजार की संख्या में भक्त सावन की आखिरी सोमवारी को बाबा को जल अर्पण कर रहे हैं।

# नाथनगर प्रसिद्ध मंदिर में सावन के अंतिम सोमवारी को पूजा अर्चना कर देश में अमन जैन स्थापित हो मन्नत मांगे, पूर्व विधायक प्रत्याशी श्री पप्पू यादव

समाज जागरण

भागलपुर/ नाथनगर (बिहार) सावन की लास्ट सोमवारी को बाबा मनोकामना मंदिर नाथनगर भोला बाबा पर जल चढ़ाने भक्तों का जन सैलाव देखने को मिला। काफी संख्या में महिला , पुरूष नजर आये। शिवालायो में सावन की अंतिम सोमवारी रहने से भक्तों का तांता लगा रहा। पूजा मन्नत के लिऐ , भक्तो का जन सैलाव उमड़ पड़ी। जी हाँ सावन माह में नाथनगर का यह प्रसिद्ध मंदिर जो कि आन ,बान शान है। चूंकि जो भी भक्त सच्चे मन से जो भी मानते मांगते हैं वो मनोकामना पूर्ण होती है ।निलम देवी कहती है, प्रसिद्ध मंदिर नाथनगर मनोकामना जो कि चारो तरफ प्रसिद्ध है । इनका जय जय कार सभी जगह होता है ।कोशिश करने वाले की हार नहीं होती ठीक उसी तरह भागलपुर विकास पुरुष विधानसभा प्रत्याशी , पूजा समिति अध्यक्ष श्री पप्पू यादव बाबा नाथनगर प्रसिद्ध मंदिर बहुत ही शक्तिशाली है श्री यादव आगे कहते हैं कि कई इनका महिमा भक्तों के बीच जोकि चर्चा का विषय है, इनका शक्ति आदि नहीं अनंत है। वही पूजा समिति के लोग लगे ताकि



शांति सद्भाव भाईचारा का माहौल बना रहे । उधर झूलन गणेश पूजा विश्वकर्मा पूजा फिर दुर्गा पूजा, काली पूजा, दीपावली ,छठ पूजा, सभी त्योहार नजदीक ही है ।जिसमें पूजा समिति का अहम रोल रहता है ।शांति सद्भाव भाईचारा के लिए पूजा समिति अध्यक्ष पप्पू यादव महामंत्री देवाशीष बनर्जी ,भावेश यादव, अशोक राय, व्यास देव चौधरी, अशोक साह, शिव शंकर सिंह, जिससे पूरे बिहार की बात नही बल्कि देश की बात करे तो अमन चैन शांति सद्भाव भाईचारा का पैगाम जाता है। हम आपको बता दे कि उस समय जो भी सरकारी प्राधिकारी रहते है वो अपनी उपस्थिति मुस्तैदी के साथ सभी त्योहारों में शांति व्यवस्था बहाल करते है । ऐसे वर्तमान में जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन, एसएसपी आनंद कुमार साहेब, सिटी एसपी अमीत , एसडीओ धनंजय कुमार, थाना अध्यक्ष सभी का सहयोग रहता है।

# अंचलाधिकारी के अनुपस्थिति को लेकर जल जमाव पीड़िता लोगों को निराश होकर घर आना पड़ा।

**समाज जागरण फिरदौस अहमद**

भागलपुर/जगदीशपुर-प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत पुरैनी दक्षिणी जो मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र है और यह वर्ष 1990 से लेकर कई वर्षों तक प्र-ाकृतिक मार और भीषण बाढ़ के चपेट में इलाके का कमर तोड़ दिया है खरादी मोहल्ला पुरैनी नव निर्माण नाला एवं सफाई के नाम पर 20 से 25 लाख रुपए कागज पर ही बनकर अपना दम तोड़ दिया।

दो दिनों के बारिश से खरादी मुहल्ला में कई घरों के अंदर 2 से 3 फीट पानी बरकरार है यह जल जमाव 22 मोहल्ले की निकासी इसी खरादी मोहल्ला होकर ही निकासी का एकमात्र साधन है जो अतिक्रमणकारियों द्वारा पूरी तरह से किराए पर दुकान लगाकर चांदी काट रहा है आखिर ऐसी दुर्दशा का जिम्मेदार कौन चुनाव के समय में हर वादे किए जाते उसके बाद भूल जाते हैं। यूको बैंक मुख्य मार्ग से होते हुए मोमिन टोला सड़क अतिक्रमणकारियों द्वारा नाले निकासी को बन्द कर दुकान जूता चप्पल गोदरेज अलमारी एवं अने को प्रकार की किराए पर लगाकर अपने फायदे के चक्कर में पुरे पंचायत को नर्क में धकेल दिया है जिला पार्षद हासिम दिलकश उर्फ गुलजार एवं पुरैनी



दक्षिणी पंचायत के मुखिया सहवाज साहब नाले निकासी और वर्षा के जल जमाव को लेकर कहां के दोनों पंचायत के जनप्रतिनिधि को आगे आना होगा तभी अतिक्रमण से मुक्ति मिलेगी ।मुखिया का कहना है खजाना खाली है ऐसे में कोई भी कार्य कर पाना संभव नहीं है प्रखंड विकास पदाधिकारी का कहना है कि हम सभी प्रशासन पूरी मुस्तैदी के साथ अमीन द्वारा नापी कराकर अतिक्रमण से अस्थाई समस्या का समाधान करेंगे एक भी दुकान मकान अतिक्रमण वाले जमीन पर नहीं रहेगा ग्राम कचहरी सचिव फिरदौस अहमद वार्ड सदस्य मुस्ताक सरपंच प्रतिनिधि मेराज उर्फ लालू उप सरपंच वसीम जहांगीर शाहजहां जफर अहमद मुन्ना मसूद अहमद सामाजिक कार्यकर्ता इरशाद रिजवी इमरान अताउल हनीफ निसार अंसारी के साथ सैकड़ो ग्रामीण अंचलाधिकारी से मिलने गए थे लेकिन मिल नहीं पाए प्रखंड विकास पदाधिकारी रघुनंदन आनंद जी भरपूर मदद और कोशिश कर रहे हैं जल्दी अतिक्रमण से मुक्ति मिलेगी कुछ ग्रामीणों ने अंचलाअधिकारी के अनुपस्थिति को लेकर अंचल कार्यालय में काफी देर इंतजार करने के बावजूद भी नहीं आए थक हारकर ग्रामीण अपने-अपने घर चले आए ।

# सावन की अंतिम सोमवारी को मुखिया जूली देवी द्वारा वस्त्रादान कर किया रवाना

**समाज जागरण अमन कुमार**

पीरपैंती (बिहार) प्रखंड के ग्राम पंचायत मोहनपुर मधुबन की मुखिया श्रीमती



जुली देवी के द्वारा अपने पंचायत के युवाओं को अंग वस्त्र के साथ सावन के अंतिम सोमवारी पर झारखंड के शिवगादी धाम के लिए रवाना करते हुए किया वही मुखिया प्रतिनिधि महादेव मंडल अपने नेतृत्व में सभी युवा साथियों को शिवगादी धाम में भगवान शिव का जलाभिषेक करने के बाद वापसी के क्रम में सबसे पहले अमर शहीद सिद्धू कान्हो के शहीद स्थल, राजमहल के कन्हैया स्थान, महाराजपुर के मोती झरना का भ्रमण करते हुए देर संध्या अपने निवास स्थान पर इस कार्यक्रम को समाप्त किया कवही सभी युवाओं ने इस यात्रा का खूब आनंद उठाया।

# भाजपा ने वैज्ञानिक परिवार को किया सम्मानित

**समाज जागरण कार्यालय प्रभारी आनंद कुमार**

भागलपुर (बिहार) जिले स्थित सनौहला प्रखंड के ताराड़ गॉव के आयुष ने



यह साबित कर दिया है कि बेटा को कुछ कर गुजरने की आजादी मिले तो परिंदे की तरह वे पूरा आसमां नाप सकता हैं।

आज भाजपा पदाधिकारियों ने संन्होला जाकर परिवार के सभी सदस्यों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया।

जिला अध्यक्ष संतोष कुमार ने कहा की देश के लिए यह गौरव का पल है। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दृढ़ इच्छाशक्ति और इसरो के वैज्ञानिकों की कमर तोड़ मेहनत ने देश को सफलता दिलाई है

पूरे देश के साथ इस गांव की भी उम्मीद थी कि चंद्रयान चांद पर उतरे आयुष सहित सभी वैज्ञानिक की मेहनत सफल हो गई। भागलपुर के सौंन्होला गॉव सहित देश का नाम रोशन कर दिया। ऐसा लग रहा है हम सब चांद पर पहुंचे हैं।

आयुष की शिक्षा 10 वीं तक गॉव में हुई है,12 वीं पढ़ाई बांका से करके,उच्च शिक्षा कोटा में पूरी किया है।

परिवार में सुबोध शर्मा, माता मुन्नी देवी, दादी राजेश्वरी देवी,मामी सेलशी कुमारी को सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष उमाशंकर, नितेश सिंह, माला सिंह ने परिवार को बधाई और शुभकामनायें दिया।

# समेली में हुआ बहुजन संसद.का कार्यक्रम

**दैनिक समाज जागरण**
**श्याम कुमार ठाकुर**

बिहपुर-( बिहार) समेली-- कटिहार में सामाजिक न्याय आंदोलन बिहार के बैनर तले मनुवादी-सांप्रदायिक-कॉरपोरेट फासीवादी हमले के खिलाफ
सम्मान,हिस्सेदारी व बराबरी के लिए आज समेली विवाह भवन में बहुजन संसद आयोजित हुआ.

बहुजन संसद के प्रारंभ में अंगिका के चर्चित कवि भगवान प्रलय के अंगिका कविता संग्रह 'आस' का लोकार्पण हुआ.उनकी पुत्री असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ.नित्य प्रिया प्रलय ने भगवान प्रलय के जीवन-संघर्ष व साहित्य पर प्रकाश डाला.

बहुजन संसद में प्रारंभिक वक्तव्य रखते हुए सामाजिक न्याय आंदोलन(बिहार) के रिंकु यादव ने कहा कि मोदी सरकार बहुजनों पर मनुवादी गुलामी थोप रही है और अंबानी-अडानी जैसे कॉरपोरेटों के हाथों देश को नीलाम कर रही है.भाजपा-आरएसएस संविधान व लोकतंत्र को खत्म कर हिंदू राष्ट्र बनाने की ओर बढ़ रही है.हिंदू राष्ट्र में मनुवादी गुलामी की पुनर्स्थापित होगा,सब कुछ कॉरपोरेटों के हवाले होगा और तानाश-ाही होगी.इसे बहुजनसमाज कतई कबूल नहीं कर सकता है.

दिल्ली से आए पत्रकार-लेखक डॉ.सिद्धार्थ रामू ने कहा कि
संविधान ने मनुस्मृति को खारिज कर जाति,धर्म,लिंग या अन्य आधार पर गैरबराबरी को खत्म करने का एलान किया.आरएसएस शुरू से संविधान खिलाफ रहा है,मनुवादी शक्तियों को संविधान कबूल नहीं रहा है.इसलिए 2014 में भाजपा की अगुआई में कॉरपोरेट और आरएसएस गठजोड़ द्वारा केन्द्र की सत्ता पर कब्जा करने के बाद से संविधान व लोकतंत्र निशाने पर है.एससी,एसटी,ओबीसी व महिलाओं और मुसलमानों-धार्मिक अल्पसंख्यकों को एक-दूसरे के साथ सम्मान-बराबरी व हक-अधिकार के सवाल पर खड़ा होना होगा,तभी बड़ी एकजुटता बनेगी और संविधान बचाया जा सकेगा.

प्रसिद्ध चिकित्सक व चिंतक डॉ.पीएनपी पाल ने कहा कि
हर चुनाव महत्वपूर्ण होता है लेकिन 2024 का आम चुनाव हर 5 साल में आने वाला आम चुनाव नहीं,बल्कि इस चुनाव से यह तय होना है कि आगे चुनाव होगा या नहीं !इस चुनाव से यह तय होगा कि संविधान रहेगा या नहीं !इसलिए 2024 के चुनाव में भाजपा को सत्ता से बेदखल करना बहुजन समाज के लिए प्राथमिक कार्यभार है.बहुजन समाज के हर एक को संविधान व लोकतंत्र को बचाने की जवाबदेही लेनी होगी.

मुख्य वक्ता चर्चित बहुजन चिंतक डॉ.विलक्षण रविदास ने कहा कि भाजपा-आरएसएस वैज्ञानिक चेतना,तर्क-विवेक,सच व न्याय विरोधी है.मनुष्यता व विकास विरोधी है.समाज व देश के लिए



खतरनाक है.

उन्होंने कहा कि संविधान 'हम भारत के लोग' का है,संविधान की रक्षा हम भारत के लोगों को करना है.मोदी सरकार को संविधान को बदलने की छूट नहीं दिया जा सकता है.

उन्होंने कहा कि एहर आरक्षण संविधान के विरोध में लाया गया.इससे एससी,एसटी व ओबीसी का आरक्षण प्रभावहीन हो रहा है.शासन-सत्ता की संस्थाओ. में सवर्णों का प्रभुत्व बढ़ रहा है.सामाजिक न्याय के लिए जरूरी है कि एहर आरक्षण को खत्म किया जाए.

बहुजन संसद का संचालन कर रहे गौतम कुमार प्रीतम और अध्यक्षता करते हुए दिनेश प्रसाद यादव ने कहा कि मोदी सरकार घोर सामाजिक न्याय विरोधी है.इसलिए जातिवार जनगणना से भाग रही है.भाजपा पिछड़ों-अतिपिछड़ों को पूरा-पूरा हक-हिस्सा नहीं देना चाहती है.जातिवार जनगणना होने से यह सच सामने आ जाएगा कि समाज के किस हिस्से ने आज भी दूसरे हिस्से के हक-हिस्से पर कब्जा कर रखा है.इस सच के सामने आने के बाद भाजपा के लिए झूठ व नफरत की खेती कर सत्ता पर काबिज रहना मुश्किल हो जाएगा और मनुवादी वर्चस्व के खिलाफ सम्मान,हिस्सेदारी व बराबरी के लिए बहुजनों की लड़ाई तेज हो जाएगी.

पटना विश्वविद्यालय के छात्र नेता गौतम आनंद और कटिहार के छात्र नेता राजा आभीर ने कहा कि निजीकरण के जरिए तेज गति से निजीकरण के जरिए अंबानी-अडानी जैसे कॉरपोरेटों के हाथों रेलवे सहित तमाम सरकारी संस्थानों,संस्थाओं व कंपनियों को बेच कर रोजगार के अवसरों को खत्म किया जा रहा है.निजी क्षेत्र में आरक्षण लागू नहीं है.शिक्षा का भी निजीकरण किया जा रहा है.बहुजन छात्र-नौजवानों के लिए शिक्षा-रोजगार हासिल करने का रास्ता बंद किया जा रहा है.

धन्यवाद ज्ञापन किया-शैलजा देवी ने.

बहुजन संसद को प्रमुख तौर पर संबोधित किया-प्रो.हीरा लाल गौतम,राजद प्रखंड अध्यक्ष विनोद कुमार यादव,अशोक कुमार मंडल,बुद्धदेव मंडल,युगल मंडल,मो.रियाज,ईश्वर चन्द्र विद्यासागर,विकास कुमार जाटव,मधुसूदन,सुजीत कुमार निराला,अनुपम आशीष,बेबी कुमारी नीरज,शिबू सोरेन,विकास यादव,महेश्वरी पासवान,विनोद कुमार मंडल,अमरनाथ सिंह,जीवन शर्मा,मो.रफिक,ई.अमित पंडित,मिथिलेश मंडल,विलाश यादव,सुधीर चन्द्र शास्त्री,शशिकांत जाटव सहित कई ने.

# सावन माह के अंतिम सोमवारी पर भयहरणनाथ मंदिर मैं पूजा करने के लिए उमरी श्रद्धालुओं की भीड़

**समाज जागरण / सुमित कुमार**

बांका (बिहार) शहर में सावन माह के अंतिम सोमवारी को लेकर



भयहरणनाथ मंदिर में पूजा अर्चना को लेकर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़ सावन माह के अंतिम अवसर शिव मंदिर में पूजा अर्चना कर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी पड़ी है इस अवसर पर शहर के भयहरणनाथ मंदिर में सुबह से ही पूजा अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ देखी जा रही है सुबह हजारों की संख्या में कावरिया ने जलाभिषेक किया भयहरणनाथ मंदिर के पुजारी शंकर झा ने बताया कि अंतिम सोमवारी को लेकर श्रद्धालुओं की भीड़ उमर पड़ी है उन्होंने बताया की देर संध्या श्रृंगार पूजा भी किया जाएगा

# बज्रलेश्वरनाथ धाम मंड़वा में अंतिम सोमवारी को डेढ़ लाख से अधिक ने किया जलाभिषेक

**दैनिक समाज जागरण**
**श्याम कुमार ठाकुर**

बिहपुरः (बिहार) बिहपुर प्रखंड़ में सावन की आंठवीं सह अंतिम सोमवारी पर प्रखंड के मड़वा बज्रलेश्वरनाथ धाम में शिवभक्तों का जनसैलाब उमड़ गया था ।सोमवार को पूरे दिन बाबा मंदिर,प्रांगण व पूरा मेलाक्षेत्र हर हर महादेव व बोलबम के जयघोष से गुंजता रहा ।मंदिर कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार करीब 50 हजार डाकबमों के साथ साथ डेढ़ लाख से अधिक महिला-पुरूष शिवभक्तों ने बाबा भोले को जलार्पण किया ।वहीं सरपंच प्रतिनिधि सह कमेटी अध्यक्ष मनोहर चौधरी,सचिव श्यामसुंदर राय,कोषाध्यक्ष सह पंसस विमल शर्मा समेत गोपाल चौधरी,डब्लू राय आदि ने बताया कि मंदिर कमेटी के साथ इंसपेक्टर विनय कुमार,थानाध्यक्ष राजकुमार सिंह समेत झंडापुर ओपी प्रभारी अजीत कुमार शांति व विधि व्यवस्था की निगरानी में खुद भी सक्रिय थे ।सोमवारी को लेकर रविवार की देर रात से ही शांति व विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए मंदिर,मेलाक्षेत्र व रास्तों पर महिला व पुरूष पुलिस बलो की सुरक्षा चाक-चौबंद थी ।इधर मंदिर के गर्भगृह में पर्याप्त रोशनी व हवा के लिए पूरी व्यवस्था दुरूस्त नजर आया ।महिला व पुरूष श्रद्धालुओं को गर्भगृह में अलग अलग द्वार से प्रवेश कराया जा रहा है ।शिवभक्तों खासकर डाकबम के लिए मंदिर कार्यालय के पास निश्शुल्क चिकित्सा के अलावा निंबूपानी,चाय,गर्मपानी व शर्बत की व्यवस्था की गई है ।मंदिर के व्यवस्था संयोजन में चंदन चौधरी, मृत्युंजय पाठक, विलाश,विजय राय,सुधीर,संजय राय,अजीत कुमार व मुकेश झा आदि सक्रिय थे। बता दें कि रविवार की रात में डाकबम अगुवानी से गंगा तट से जल लेकर 40 किमी पैदल रास्ते में बिना रूके चलकर सोमवार की सुबह में मड़वा बज्रलेश्वरनाथ धाम पहुंचे ।जहां वे देवाधिदेव का जलार्पण किया।

# मिनी गन फैक्ट्री का किया खुलासा, घर में बनाए जा रहे थे अवैध हथियार

**समाज जागरण**
**जिला ब्यूरो रजनीश सिंह**

नवगछिया( बिहार) एक बार फिर मिनी गन फैक्ट्री का खुलासा किया है। नवगछिया पुलिस ने गोपालपुर थाना क्षेत्र के करचीरा गांव में गुप्त सूचना के आधार पर एसडीपीओ दिलीप कुमार के नेतृत्व में छापेमारी कर मिनी गन फैक्ट्री का उद्भेदन किया है। जिसमें निर्मित एवं अर्द्ध निर्मित हथियार सहित हथियार बनाने के कई उपकरण भी बरामद किए गये हैं। हथियार निमार्ता एवं तस्कर को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जिसको लेकर नवगछिया एसडीपीओ दिलीप कुमार ने प्रेस वार्ता कर जानकारी देते हुए बताया कि करचीरा गांव के राम ठाकुर के पुत्र मुकेश ठाकुर के घर छापेमारी की गई तो वहां से रंगे हाथ अवैध हथियार निर्माण करते हुए अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया, वहीं मौके से भारी मात्रा में अर्द्ध निर्मित एवं निर्मित देशी कट्टा व अन्य अवैध हथियार बरामद हुआ। जिसमें ड्रिल मशीन, गोली, फर्नेस का सामान भी बरामद किया गया है एसडीपीओ के द्वारा बताया गया की पुलिस को मिनी गन फैक्ट्री के बारे में एक गुप्त सूचना मिली। जिसके बाद एक छापेमारी दल का गठन किया गया। उक्त सूचना को आधार बनाते हुए पुलिस की टीम ने करचीरा गांव में धावा बोल दिया। जिसके बाद एक घर से भारी मात्रा में अवैध हथियार निर्माण करते रंगे हाथ एक व्यक्ति प्रभारी, वज्रा प्रभारी और एसएचओ खुद शामिल थे। हमारे निर्देशन में ये टीम छापेमारी करने गई, वहां पर हथियार बनाते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया, वह मार्च में भी जेल गया था और उनके घर पर



को गिरफ्तार कर लिया गया।

बता दें कि हाल फिलहाल में एक मिनी गन फैक्ट्री का उद्भेदन किया गया था उसके एक आरोपी थे जो जेल से बेल पर बाहर आए है और अपना काम फिर से शुरू कर दिए है। सूचना के अनुसार एसपी सुशांत कुमार सरोज के निर्देश पर एक टीम बनाया गया, जिसमे एएलटीएफ यह फैक्ट्री चल रही थी। इनके के द्वारा एक पूरी यूनिट के साथ हथियार बना रहे और दूसरा यूनिट जमीन में गाड़ कर रखे थे, ताकि की यदि पहला यूनिट पकड़ा भी जाता है तो दूसरे यूनिट से फिर से हथियार बनाने का काम कर सके। ये लगातार आर्म्स बनाते और सप्लाई का काम करता था'

# नवगछिया की प्रज्ञा भारती आज राष्ट्रीय खेल दिवस पर पटना में होगी सम्मानित

**दैनिक समाज जागरण श्याम कुमार ठाकुर**

बिहपुरः (बिहार) मेजर ध्यानचंद कि याद में राष्ट्रीय खेल दिवस पर कला,संस्कृति एवं युवा विभाग,बिहार सरकार के द्वारा आज 29 अगस्त को ज्ञान भवन गांधी मैदान पटना में खेल सम्मान समारोह आयोजित होगा ।जिसमें नवगछिया पुलिस जिला बॉल बैडमिंटन संघ की एक महिला खिलाड़ी प्रज्ञा भारती को भी सम्मानित किया जायेगा ।प्रज्ञा जो कि 30 मार्च से तीन अप्रैल तक मूर्तिजपुर महाराष्ट्र में आयोजित 67 वीं राष्ट्रीय जूनियर बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता में तीसरा स्थान पर रहने वाले बिहार राज्य टीम की सदस्य थी ।प्रज्ञा ने अपने प्रदर्शन से बिहार राज्य व नवगछिया पुलिस जिले का गौरव बढ़ाई थी ।यह जानकारी नवगछिया पुलिस जिला संघ के जिलाध्यक्ष मनोज कुमार लाल व राज्य प्रवक्ता सह जिला सचिव ज्ञानदेव कुमार ने दिया।

# बांका गरनिया गांव में बेटी से प्रताड़ित होकर माँ न्याय के लिए पहुंची थाने

**समाज जागरण/ सुमित कुमार**

बांका (बिहार) शहर में बेटी से प्रताड़ित होकर माँ न्याय के लिए पहुंची थाने बांका थाना क्षेत्र के गरनिया गांव के वृद्ध महिला ने मामले की शिकायत की एस आई सुमन कुमारी ठाकुर से किया जिसके बाद र क सुमन कुमारी ठाकुर वृद्ध महिला के साथ मामले की जांच के लिए गरनिया गांव पहुंची वृद्ध महिला लक्ष्मी देवी ने बताया कि उन्हें उनकी पुत्री सन्जो देवी के द्वारा लगातार प्रताड़ित किया जाता है और मारपीट भी किया जाता है वही र क सुमन कुमारी ठाकुर ने बताया कि मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी क

## मान्यताप्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ मतदान केन्द्रों के प्रस्तावित सूची को अंतिम रूप दिए जाने को लेकर डीएम ने की बैठक

**अररिया।**
समाहरणालय अररिया स्थित आत्मन सभाकक्ष में आज जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- जिला पदाधिकारी, अररिया, श्रीमती इनायत खान की अध्यक्षता में सभी मान्यताप्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ पुनरीक्षण पूर्व गतिविधियों के अन्तर्गत मतदान केन्द्रों के प्रस्तावित सूची को अंतिम रूप दिए जाने से संबंधित बैठक आहूत की गई। प्रस्तावित मतदान केंद्रों की सूची को अंतिम रूप देने के पश्चात प्रस्ताव आयोग के अनुमोदन हेतु 04 सितम्बर को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी बिहार पटना को भेजा जाना है। विदित हों कि भारत निर्वाचन आयोग के निदेशानुसार मतदान केन्द्रों के संदर्भ में युक्तिकरण/संशोधन की कार्रवाई की जानी है। अर्हता तिथि 01.01.2024 के आधार पर प्रारूप निर्वाचक सूची का प्रकाशन दिनांक-17.10.2023 को होना निर्धारित है। बैठक में जिला पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि अररिया लोकसभा



अन्तर्गत कुल-1990 मतदान केन्द्र अधिसूचित हैं। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित मानक 1500 से अधिक मतदाता होने की स्थिति में नए मतदान केन्द्रों का प्रस्ताव निर्वाचन आयोग को भेजा जाना है। बताया गया कि दावा/आपत्ति की अवधि (10 अगस्त से 19 अगस्त, 2023) के बीच प्राप्त दावा/आपत्तियों की जॉच संबंधित निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी के स्तर से अभिलेखबद्ध करते हुए निष्पादित किया गया। जिलाधिकारी द्वारा सभी राजनैतिक दल के उपस्थित प्रतिनिधियों के साथ प्रस्ताव आयोग के अनुमोदन हेतु भेजे जाने की जानकारी दी गयी एवं प्रस्तावित मतदान केंद्रों की सूची पर विचार विमर्श की गया। उन्होंने कहा कि सभी माननीय द्वारा दिए गए सुझाव एवं दावा आपत्ति का जांचोपरांत ही प्रस्ताव तैयार किया गया है। प्रभारी उप निर्वाचन पदाधिकारी, श्री अविनाष कृष्ण द्वारा पुनरीक्षण पूर्व गतिविधियों एवं कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी गई। उक्त बैठक में उप विकास आयुक्त, भूमि सुधार उप समाहर्त्ता, अररिया/फारबिसगंज, अनुमंडल पदाधिकारी, अररिया/फारबिसगंज-सह-सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी एवं सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी-सह-सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी तथा राजनैतिक दल के प्रतिनिधिगण एवं संबंधित कर्मी उपस्थित थे।

## शिव पूजन के लिए बेहद खास है सावन का अंतिम सोमवार : संजीव मिश्रा

**पैनोरमा परिवार ने बाबा भोले से देशवासियों के सुख समृद्धि की कामना की**

**पूर्णियां।**
पनोरमा ग्रुप के एमडी संजीव मिश्रा ने सावन के अंतिम और आठवें सोमवारी के मौके पर पूजा अर्चना कर बाबा भोले से देशवासियों के सुख समृद्धि की कामना की। उन्होंने कहा कि अंतिम सोमवार के शुभ मुहूर्त के दौरान विधि विधान से जलाभिषेक और रुद्राभिषेक करने के साथ-साथ शिव चालीसा का पाठ करने वाले भक्तों पर भगवान भोलेनाथ विशेष कृपा बनाए रखते हैं और उनको सुख समृद्धि प्रदान करते हैं। सनातन धर्म के ज्योतिष शास्त्र में सावन के महीने का महत्व बताया है, क्योंकि इस महीने में देवों के देव महादेव की पूजा का विशेष महत्व होता है. इस महीने में आने वाले सोमवार के दिन श्रद्धालु व्रत रखकर विधि-विधान से शिवलिंग पर जलाभिषेक कर भगवान भोलेनाथ को प्रसन्न करने का प्रयास करते हैं. वहीं सावन के महीने के अंतिम सोमवार के दिन प्रदोष व्रत पड़ने से सोमवार के व्रत का महत्व और अधिक बढ़ जाता है. प्रदोष काल में भगवान शिव की पूजा करने से भगवान भोलेनाथ प्रसन्न होते हैं और अपने भक्तों को मन चाहे फल प्रदान करते हैं.




शिव पूजन के लिए बेहद खास है सावन का अंतिम सोमवार 28 अगस्त 2023 को सावन के अंतिम सोमवार के दिन सोम प्रदोष व्रत भी है. साथ ही इस दिन कई शुभ योग भी बने हैं, जिसमें शिवजी की पूजा, व्रत और सोमवार की पूजा का महत्व और अधिक बढ़ गया है.सावन के महीने का अंतिम सोमवार 28 अगस्त 2023 के इस दिन सावन का आखरी प्रदोष व्रत भी पड़ने से रुद्राभिषेक करना बहुत ही उत्तम है। ऐसे में धार्मिक दृष्टिकोण से सावन के अंतिम सोमवार को कई मायनों में बेहद खास माना गया है।

## राष्ट्रीय खेल दिवस पर बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन आज

**अररिया।**
"राष्ट्रीय खेल दिवस" 29 अगस्त 2023 के शुभ अवसरपर जिला प्रशासन, अररिया के सौजन्य से इंडोर स्टेडियम, अररिया में बैडमिंटन प्रतियोगिता व-14 बालक एवं बालिका तथा 14 वर्ष से अधिक आयु के बालक/बालिका एवं महिला/पुरुष का आयोजन किया जा रहा है। इच्छुक खिलाड़ी अपना निबंधन (एल्ल३१८) सुबह 08:00 बजे तक इंडोर स्टेडियम, अररिया में सुनिश्चित कर सकते हैं। यह जानकारी उपाधीक्षक, शारीरिक शिक्षा, अररिया ने दी है। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों के प्रतिभा को निखारने हेतु राष्ट्रीय खेल दिवस पर बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है एवं खिलाड़ियों से अनुरोध है कि अधिक से अधिक खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में भाग लें।

## नहीं रहे भारत छोड़ो आंदोलन में भाग लेने वाले 93 वर्षीय मणि शंकर राम जी

**उदाकिशुनगंज ।**
उदाकिशुनगंज के चर्चित व्यवसायी सह समाजसेवी एवं भारत छोड़ो आंदोलन में भाग लेने वाले मणि शंकर राम जी का 93 की आयु में लंबी बीमारी से निधन। निधन पर शोक व्यक्त करने वालों में पूर्व मंत्री नरेंद्र नारायण यादव ,विधान परिषद सदस्य डॉ अजय कुमार सिंह ,पूर्व मंत्री डॉ रेणु कुशवाहा , किशोर कुमार मुन्ना, ,लोजपा नेता बिजय कुमार सिंह, प्राचार्य रविंद्र कुमार रमन, डॉ प्रो पूजा भारती, डॉ डी के सिन्हा, डॉ एसके संत, डॉ एके मिश्रा, डॉ इंदू भुषन कुमार, डॉ बिक्रम सिंह,डॉ संतोष कुमार यादव, इंटक जिलाध्यक्ष संजय कुमार सिंह, चितरंजन कुमार सिंह ,सुनित कुमार सिंह,कुल कुल सिंह , जदयू नेता सुमन कुमार सिंह, पूर्व प्रमुख जयप्रकाश सिंह,हाजी अब्दुस सत्तार,मो सलमान, पूर्व मुखिया रजनीश कुमार बबलू।



## महामहिम कुलाधिपति से अभाविप के प्रतिनिधि मंडल ने शिष्टाचार मुलाकात कर उन्हें विश्वविद्यालय के शैक्षणिक समस्याओं से कराया अवगत

भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय में आयोजित पंचम दीक्षांत समारोह के मौके पर बिहार के राज्यपाल सह कुलाधिपति राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर के आगमन के उपरांत अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के छात्र नेता का एक प्रतिनिधि मंडल ने शिष्टाचार मुलाकात की। लगभग 20 मिनट तक चले इस मुलाकात के दौरान अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के छात्र नेताओं ने भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय के शैक्षणिक समस्याओं से अवगत कराया। छात्र नेताओं ने भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय में कई नए पाठ्यक्रमों की पढ़ाई शुरू करने को लेकर चर्चा की । जिसमें एमसीए एमबीए एल एल एम,पत्रकारिता एवं जनसंचार, की पढ़ाई शुरू करने को लेकर उनसे आग्रह किया। छात्र नेताओं ने भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय के द्वारा सत्र नियमितीकरण को लेकर किए गए प्रयास की सराहना कुलाधिपति के समक्ष किया। इसके अलावा भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय के आधारभूत संरचना को विकसित करने के लिए एवं संसाधनों को की कमी की तरफ उनका ध्यान आकृष्ट किया। मंडल विश्वविद्यालय को नैक से मान्यता के लिए जिन-जिन संसाधनों की कमी है उन कमी को राजभवन राज्य सरकार के माध्यम



से पूरा करने के लिए आग्रह किया । छात्र नेताओं ने सुदूरवर्ती महाविद्यालय में आधारभूत संरचनाओं की कमी एवं कई विषयों की पढ़ाई को शुरू करने को लेकर चर्चा की इसके अलावा भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय में हुए कई भ्रष्टाचारों की तरफ भी ध्यान आकृष्ट कराया। नैक मूल्यांकन के नाम पर कई महाविद्यालयों में जमकर राशि की अवैध बंदरबाँट की गई। लेकिन अभी तक उसका कोई फलाफल हासिल नहीं हुआ। इसके अलावा भ्रष्टाचार पर बनी हुई जांच समितियां जिसका कोई परिणाम नहीं निकला तथा सिंडिकेट सीनेट एवं अनुशासन समिति में लिए गए निर्णय का कोई भी अनुपालन नहीं हो सका इन सभी प्रकार के मुद्दों एवं अन्य कई और मुद्दों के ऊपर भी चर्चा की गई। प्रतिनिधि मंडल में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रदेश मंत्री श्री अभिषेक यादव प्रांत शोध कार्य सह प्रमुख सह सीनेट सदस्य रंजन यादव, प्रदेश कार्य समिति सदस्य सुजीत सान्याल, विश्वविद्यालय संयोजक सह सीनेट सदस्य भवेश झा, विभाग संयोजक मोनू झा ,जिला संयोजक सौरभ यादव, प्रदेश कार्यकारिणी परिषद सदस्य आमोद आनंद, शिवजी कुमार समीक्षा यदुवंशी सेंट्रल काउंसिल मेंबर छात्र नेता दिलीप कुमार दिल एवं जिला संगठन मंत्री सुमित यादव मौजूद रहे।

## स्नातकोत्तर विज्ञान संकाय के कौंसिल मेंबर सह आंतरिक परिवाद समिति सदस्य बिट्टू कुमार ने बिहारीगंज रेलवे स्टेशन से पटरी लाइन विस्तार के लिए भेजा सात सूत्री मांग पत्र

**मधेपुरा।**
भूपेंद्र नारायण मंडल स्नातकोत्तर विज्ञान संकाय के कौंसिल मेंबर सह आंतरिक परिवाद समिति सदस्य बिट्टूविश्वविद्यालय, मधेपुरा के स्नातकोत्तर विज्ञान संकाय के कौंसिल मेंबर सह आंतरिक परिवाद समिति सदस्य बिट्टू कुमार ने माननीय प्रधानमंत्री,रेल मंत्री एवं मुख्यमंत्री बिहार सरकार और जीएम हाजीपुर,डीआरएम समस्तीपुर ,डीआरएम कटिहार को आवेदन भेज कर बिहारीगंज रेलवे स्टेशन से पटरी लाइन विस्तार के लिए सात सूत्री मांग पत्र भेजा है।

1. बिहारीगंज से आलमनगर होते हुए पसराहा स्टेशन ( खगड़िया) भाया सुल्तानगंज तक रेलवे पटरी लाइन का विस्तार
2. बिहारीगंज से उदाकिशुनगंज, गवालपाड़ा होते हुए मधेपुरा के लिए पटरी लाइन का विस्तार
3. बिहारीगंज से बैजनाथपुर गांव



होते हुए मुरलीगंज, भरगामा,रानीगंज एवं फारबिसगंज ( अररिया) तक रेलवे पटरी विस्तार
4. बिहारीगंज से धमदाहा ( पूर्णिया ) होते हुए कुसेर्ला कटिहार रेलवे पटरी का अभिलंब कार्य विस्तार
5. बिहारीगंज से सिमरी बख्तियारपुर (सहरसा) के लिए पटरी लाइन का अभिलंब कार्य विस्तारीकरण
6. बिहारीगंज से कुमारखंड, जदिया , त्रिवेणीगंज, पिपरा, राघोपुर, निर्मली स्टेशन के लिए पटरी लाइन विस्तार भाया दरभंगा
7. बिहारीगंज से पुरैनी, चौसा, कदवा होते हुए नवगछिया भाया भागलपुर के लिए अभिलंब रेलवे पटरी लाइन का विस्तार किया जाय ।

## माइग्रेशन पर आयी नवोदय विद्यालय माहे ,केरल से विद्यार्थियों ने उल्लास के साथ मनाया प्रसिद्ध पर्व ओणम

**अररिया।**
जवाहर नवोदय विद्यालय अररिया में माइग्रेशन पर आयी नवोदय विद्यालय माहे ,केरल से विद्यार्थियों ने प्रसिद्ध पर्व ओणम बड़े ही उत्साह व उल्लास



के साथ मनाया। इस पर्व पर बच्चों ने अपने पारंपरिक तरीके से रंग-बिरंगे फूलों व पत्तियों से इको-फ्रेंडली रंगोली बनाई। कला शिक्षक मूर्तिकार राजेश कुमार ने बताया कि यह एक लोक कला है जो शुभअवसरों पर घर के फर्श को सजाने के लिए की जाती है।केरल में फूलों की रंगोली को पुकोलम कहते हैं। यह प्रायः यहाँ के सबसे महत्वपूर्ण पर्व ओणम के दौरान विशेष रूप से किया जाता है। मलयाली शिक्षिका सुनीता सी के मार्गदर्शन में बच्चों को दक्षिण भारतीय शैली में सजने संवरने का भी सुअवसर प्राप्त हुआ। छात्र पारंपरिक पोशाक घोती में नजर आए वहीं छात्राओं ने मलयाली लोकगीत प्रस्तुत किया। जिसे देख अररिया के छात्र छात्राओं ने केरल के लोकपर्व, पोशाक और लोक संगीत के साथ खान पान का को भी जान पाएं। संगीत शिक्षिका प्रमिला कुमारी ने बच्चों को लोकसंगीत प्रस्तुत करने में अपना योगदान दी वहीं उत्तर भारतीय संगीत भी प्रस्तुत किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य सुशांत कुमार झा ने कहा ऐसे कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों में एक प्रकार का सांस्कृतिक विविधता और समानता को जानते का अवसर मिलता है। राजकुमार मिश्रा उप प्राचार्य ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि लोक पर्व हमें आपसी भाईचारे व प्रेम को बढ़ावा देती है। इस अवसर पर समाज सेवी सुशील कुमार गुप्ता, शिक्षक आर के चौधरी, तनवीर अहमद,मैं मुस्ताक, मीणा कुमारी, शमशाद आलम,सतीश कुमार ,बी देवनाथ आदि उपस्थित थे।

## छतियोना के मनोकामना महादेव पर करीबन 15 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक कर पूजा अर्चना की

**अररिया।**
वर्ष 2023 के अन्तिम सोमवारी को जिले के छतियोना मे बसे मनोकामना महादेव के नाम से सुप्रसिद्ध श्यामसुंदर धाम पहुँच कर करीब 15 हजार से अधिक श्रद्धालुओं व शिवभक्तों द्वारा

बाबा श्यामसुंदर नाथ महादेव पर जलाभिषेक करते हुए विधि विधान के साथ पूजा अर्चना किया गया। ग्रामीणों के सहयोग से अन्तिम सोमवारी को जहाँ खिचड़ी महाप्रसाद का वितरण किया गया था। वही, श्यामसुंदर धाम आने वाले सभी भक्तों के बीच ग्रामीणों के द्वारा शर्वत भी दिया गया

श्री श्याम सुन्दर धाम ( शिवमंदिर) के निर्माणकर्ता सह मंदिर के मुख्य व्यवस्थापक विनोद प्रसाद (वरीय अधिवक्ता) ने नेतृत्व में ग्रामीणों के विशेष सहयोग से अन्तिम सोमवारी को सभी पूजन कार्य शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हुआ।

श्यामसुंदर धाम शिवमंदिर के महंत कारे लाल मंडल व पुरोहित अरविन्द



मिश्रा पंडित प्रदीप झा ने संयुक्त रूप से पत्रकारों को बताया कि जिला के विभिन्न प्रखंडो सहित मुख्य रूप से रानीगंज प्रखंड के छतियोना, नारायण पुर, गितवास,हाकमलपुर, बसगरहा, बेरमोतरा, खरहट, गुणवंती, राजवैली, पचीरा, ननकार, बैतौना, म्हशैली, डोरियारे, रेहुआ, मझवा, धनियायन, कुपारी, हिंगना, परमानंद पुर आदि गांव के लोग सम्मलित हुए। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से विकास प्रकाश, विनीत प्रकाश व विवेक प्रकाश सहित वयोवृद्ध फुलेश्वर मंडल उर्फ फुलसु मंडल, घनश्याम मंडल, उमेश मंडल, सदानंद दास, देवन मंडल, भोला मंडल, लक्ष्मी मंडल, सदानंद मंडल, कारे मंडल, गोपाल मंडल, संतोष मंडल, दिलीप मंडल, अरुण मंडल, टुनटुन मंडल, रंजीत मंडल, शिवानंद मंडल, कुलानंद मंडल, युगेश्वर मंडल, किशोर मंडल आदि तन मन धन से तल्लीन रहे।

## यू वी के कॉलेज कड़ामा पहुंची नैक टीम ने किया निरीक्षण, इंस्पेक्शन टीम ने कहा होनी चाहिए यहां पीजी की भी पढ़ाई

**कड़ामा से लौटकर डा. रूद्र किंकर वर्मा।**

सोमवार को यूजीसी द्वारा निर्धारित ग्रेडिंग प्रदाता संस्था नैक की तीन सदस्यीय पीयर टीम भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय अंतर्गत संबद्धता प्राप्त उदयनाचार्य विद्याकर कवि महाविद्यालय ( यू वी के कॉलेज कड़ामा ) के निरीक्षण हेतु पंहुची। जहां समिति के सदस्यों द्वारा महाविद्यालय की व्यवस्था , इंफ्रास्ट्रक्चर, प्रयोगशाला कक्ष, पुस्तकालय, स्मार्ट क्लास, वाचनालय, प्लेसमेंट सेल, एंटी रैगिंग सेल, प्राथमिक चिकित्सा सुविधा, राष्ट्रीय सेवा योजना, आदि के कार्यों का निरीक्षण किया तथा सम्बन्धित प्रमाण पत्रों एवं गतिविधियों का अवलोकन किया गया। अवलोकन के उपरांत छात्र छात्राओं, शिक्षक व शिक्षकेत्तर कर्मचारियों एवं अभिभावकों से महाविद्यालय से सम्बन्धित जानकारियां प्राप्त की। निरीक्षण के प्रारम्भ में महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डा माधवेंद्र झा ने महाविद्यालय के स्थापना काल से वर्तमान तक के यात्रा का वर्णन करते हुए कहा कि इस सुदूर ग्रामीण क्षेत्र में काफी संघर्ष और कठिनाइयों का सामना करते हुए संस्थान को इस ऊंचाई तक लाया गया है। जिसमें महाविद्यालय के सभी शिक्षक व शिक्षकेतर कर्मचारियों ने भरपूर सहयोग किया है।

वहीं निरीक्षण करने पंहुचे नैक पीयर टीम के अध्यक्ष डॉ धर्मराजन पी के ने कहा की महाविद्यालय के क्रियाकलाप और शैक्षणिक व्यवस्थाओं से मैं पूर्णतः संतुष्ट हुआ तथा मैं महाविद्यालय को बेहतर ग्रेड के लिए अनुशंसा करूंगा और साथ




ही उन्होने कहा की ग्रामीण क्षेत्र के इस महाविद्यालय में इतने अच्छे शैक्षणिक व्यवस्था है की यहां स्नातकोत्तर (पीजी) की पढ़ाई भी होनी चाहिए इसके लिए भी मैं अनुशंसा अवश्य करूंगा। नैक टीम के सदस्य डॉ श्रीप्रभु चापके ने कहा की मुझे ऐसा लगता है कि यहां शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों को सरकार के द्वारा वेतन की सुविधा देनी चाहिए ताकि यहां काम कर रहे लोगों के बच्चों और परिवार का भविष्य उज्ज्वल हो सके। निरीक्षण दल के सदस्य डा श्री रामाबल्लभ राव ने कहा कि इस दूर दराज के इलाके में जहां संसाधनों का घोर अभाव है इतनी अच्छी शैक्षिक व्यवस्था वाले महाविद्यालय होने के बाद भी सरकार के द्वारा अभी तक इसे अंगीभूत अथवा वित्त पोषित क्यों नहीं किया गया है इसके लिए यहां के आमजन मानस को सरकार से प्रश्न पूछना चाहिए। हम अपने अधिकार की सीमा तक इस महाविद्यालय के उन्नत भविष्य के लिए उचित प्लेटफॉर्म पर अनुशंसा करेंगे।

वहीं महाविद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा नैक टीम के सदस्यों के समक्ष सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति भी की गई। छात्र छात्राओं ने इस दौरान लोक संगीत, लोक नृत्य व लोक गायन की प्रस्तुति दी। मौके पर भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय के नैक कॉर्डिनेटर प्रो डॉ नरेश कुमार, श्री कृष्णा विश्विद्यालय के कुलपति प्रो डॉ अशोक कुमार यादव, एल एन कॉलेज बनगांव के सचिव पंडित उमाशंकर खां, श्री कृष्णा विश्विद्यालय के पीआरओ मुदस्सिर सिद्दिकी, नोडल अधिकारी ई शिप्पू झा, डॉ चंद्रशेखर मिश्रा, डॉ अरुण कुमार झा, सहित सभी शिक्षक और शिक्षकेत्तर कर्मचारी मौजूद थे।

## दिल्ली में बनने वाले अमृत वाटिका हेतु हर गांव में चलने वाले मिट्टी संग्रह अभियान को सफल बनाने का भी पीएम ने किया अपील : रामनाथ प्रसाद

**फारबिसगंज ।**
प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात के 104 वें कड़ी को रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य सह वरीय समाजसेवी रामनाथ प्रसाद के आयोजकत्व पर विघटित कृषि उत्पादन बाजार समिति फारबिसगंज के सभागार में संघ से जुड़े लोगों एवम भाजपाइयों ने सुनी। सबों ने टीभी पर अवलोकन व श्रवण कर उनके विचारों को अंगीकार करने का संकल्प लेने की बात कही।

रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य बाबू रामनाथ प्रसाद ने पीएम के संबोधन की खास बातों का उल्लेख करते हुए कहा की पीएम ने मिशन चंद्रयान की सफलता आगामी जी 20 शिखर सम्मेलन, खिलाड़ियों के उत्कृष्ट व सराहनीय प्रदर्शन,मातृभाषा का महत्व, संस्कृत भाषा,देश के जीवंत डेयरी सेक्टर,मेरी माटी मेरा देश एवं हर घर तिरंगा अभियान समेत कई अन्य विषयों पर बात करते हुए उन्होंने चंद्रयान3 मिशन के उल्लेखनीय सफलता पर इसरो के वैज्ञानिकों की सराहना की और कहा



कि भारत ने साबित कर दिया है कि संकल्प के सुरज चांद पर भी उगते है मिशन चंद्रयान नये भारत के उस भावना का प्रतीक है जो हर हाल में जितना चाहता है और जितना जानता है। पीएम ने कहा कि भारत ने जी 20 को अधिक इनक्लूसिव मंच बनाया जिसके कारण पिछले एक वर्ष के दौरान 1.5 करोड़ लोग इससे सीधे जुड़े उन्होंने देश वासियों से जी20 सम्मेलन को सफल बनाने में सहयोग कर देश का मान बढ़ाने का जहां आह्वान वही हर घर तिरंगा अभियान के तहत 1.5 करोड़ तिरंगा के रिकार्ड बिक्री और पीछले वर्ष की तुलना में दोगुने यथा 10 करोड़ लोगों द्वारा तिरंगे के साथ सेल्फी पोस्ट करने की जानकारी दी।अपने संबोधन में पीएम ने मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत सितंबर माह में शहीद जवानों और बहादुर सेनानियों के याद में दिल्ली में बनने वाले अमृत वाटका हेतु हर गांव में चलने वाले मिट्टी संग्रह अभियान को सफल बनाने का भी अपील किया।

## दभडा धोबी घाट पर आरसीसी पुल बनाने की मांग

**ताराबाड़ी ।**
अररिया प्रखंड के शरणपुर पंचायत के पूरब टोला स्थित बकरा नदी के धोबी घाट पर पुल नहीं रहने से ग्रामीण व राहगीरों को आने-जाने में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है ग्रामीणों का आरोप है कि यह अररिया प्रखंड को सिकटी प्रखंड से ही नहीं जोड़ती है बल्कि 1 दर्जन से अधिक गांव को जोड़ती है बकरा नदी में आरसीसी पुल नहीं रहने से 6 माह दूसरे टोला होकर 3 किलोमीटर अतिरिक्त दूरी तय कर आना जाना पड़ता है बरसात के मौसम में छात्र एवं छात्राओं को स्कूल या कोचिंग संस्था जाने में एक हाथ में किताबों की बस्ता वह दूसरी हाथ में चप्पल लेकर घुटनों पर पानी से तैर कर स्कूल जाना पड़ता है बरसात से पहले बकरा नदी मैं आरसीसी पुल नहीं बनाई गई तो ग्रामीणों को बड़ी ही मुसीबत झेलनी पड़ेगी ग्रामीणों में पंचायत समिति प्रतिनिधि विजय मिश्र वार्ड सदस्य परवीन शर्मा बालबोध मंडल जगदीश मंडल सुरेंद्र रजक टूल आनंद रजक किशनलाल मंगल जगन्नाथ मंदिर संतोष मंडल जय बौद्ध मंडल सुनील मंडल आदि ने जिला प्रशासन एवं जनप्रतिनिधि से अभिलंब बकरा नदी में आरसीसी पुल बनाने की मांग की है

## रक्षाबंधन के दिन वीणा ऑटोमोबाइल सर्विस सेंटर का उद्घाटन , ग्रामीणों में खुशी की लहर !

**समाज जागरण जिला संवादाता लक्ष्मण पासवान**

बांका अमरपुर( बिहार) जिले के प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत डुमरामा हाई स्कूल से तारडीह जाने वाली मुख्य सड़क के किनारे किनारे शराब फैक्ट्री से कुछ ही दूरी आगे बिना ऑटोमोबाइल सर्विस सेंटर बनाया गया है ! यहां ग्राहकों को हर एक प्रकार की सुविधा दी जाएगी , सभी प्रकार के वाहनों के सभी प्रकार के मरम्मती की व्यवस्था उसके साथ यहां उचित मूल में पार्ट्स भी उपलब्ध रहेंगे यह सर्विस सेंटर सारी सुविधाओं से लैस रहेंगे , अच्छे-अच्छे अनुभवी कमी इस बिना ऑटोमोबाइल सर्विस सेंटर में काम करेंगे लोगों के कार्यों में किसी प्रकार का और सुविधा नहीं होगी , सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है ! ग्रामीण क्षेत्र के कई लोगों ने बताया कि भीड़भाड़ जगह के वनस्पत यह सर्विस सेंटर ग्रामीण क्षेत्र के ग्राहकों के लिए अच्छा जगह है होगा यहां गाड़ी लगाने से लेकर किसी भी प्रकार की समस्या नहीं है ! बता दूं कि इस बिना ऑटोमोबाइल्स सर्विस सेंटर का उद्घाटन विधिवत रूप से 31 अगस्त 2023 ई को रक्षाबंधन भाई बहन के पवित्र त्यौहार के अवसर पर शुभारंभ किया जा रहा है , रक्षाबंधन के दिन इस सर्विस सेंटर का फीता काटकर उद्घाटन भाजपा के मृणाल शेखर
के द्वारा होने की बात वीना ऑटोमोबाइल सर्विस सेंटर लक्ष्मीपुर के संचालक विशाल आनंद के द्वारा बताया गया !

## अगस्त 2023 में राष्ट्रीय करियर सेवा पोर्टल (एनसीएस) पर सक्रिय रिक्तियों में भारी वृद्धि

श्रम और रोजगार मंत्रालय के राष्ट्रीय करियर सेवा (एनसीएस) पोर्टल पर 28 अगस्त, 2023 को दस लाख से अधिक सक्रिय रिक्तियां पंजीकृत की गई। इन रिक्तियों की सूचना सार्वजनिक क्षेत्र के विभिन्न नियोक्ताओं द्वारा भी दी गई है।

एनसीएस पोर्टल पर निजी क्षेत्र में भर्ती अभी भी खुली है। एनसीएस पोर्टल पर रिक्तियां पोर्टल पर नियोक्ताओं द्वारा सीधी रिपोर्टिंग और विभिन्न निजी नौकरी-पोर्टलों के साथ एप्लीकेशन प्रोग्रामिंग इंटरफेस (एपीआई) के माध्यम से जुटाई जाती है।

दस लाख सक्रिय रिक्तियों में से, लगभग एक तिहाई रिक्तियां नए छात्रों के चयन के लिए अधिसूचित की जाती हैं, इनमें कई युवा उम्मीदवारों को उनकी शिक्षा के तुरंत बाद रोजगार के अवसर प्राप्त करने में सुविधा होगी।

एनसीएस पर पंजीकृत रिक्तियों की एक बड़ी संख्या तकनीकी सहायता एग्जीक्यूटिव, सेल्स एग्जीक्यूटिव, डेटा एंट्री ऑपरेटर, लॉजिस्टिक्स एग्जीक्यूटिव, सॉफ्टवेयर इंजीनियर, रखरखाव इंजीनियर आदि की नौकरियों से संबंधित हैं।

## शोक सभा में पहुंचे परशुराम परिषद के राष्ट्रीय संयोजक पंडित अजय झा

अररिया।
अररिया के पूर्व भाजपा ज़िला अध्यक्ष आलोक भगत जी एवं समाजिक कार्यकर्त्ता अमर भगत के दिवंगत पिताजी के संपीडन के मौके पर अयोजित शोक सभा सह शांति भोज में दिवंगत आत्मा की शांति के लिए जहां बिहार विधान परिषद सदस्य सह सिक्किम प्रदेश प्रभारी डा. दिलीप कुमार जायसवाल, अररिया के लोकप्रिय सांसद प्रदीप कुमार सिंह



सहित कई विधायक, पूर्व विधायक, पूर्व सांसद, पूर्व मंत्री पहुंचे वहीं परशुराम परिषद के राष्ट्रीय संयोजक पंडित अजय कुमार झा का पदार्पण भी आलोक जी के यहां हुआ। सबों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा तथा प्रार्थना एवं पुष्पांजलि अर्पित की । इस मौके पर शोक सभा में परिवार के सभी सदस्य मौजूद भी थे।

# बिहान दीदियों ने कलेक्टर संजीव झा को बांधे संकल्प सूत्र

## चुनई राखी तिहार : लोकतंत्र की मजबूती के लिए हर आदमी करे मतदान : कलेक्टर

## रोचक कार्यक्रम कर दिए शत प्रतिशत मतदान का संदेश

## शत प्रतिशत मतदान, बिलासपुर का अभिमान नारों से गूंज उठा शहर

**समाज जागरण ब्यूरो**

बिलासपुर घर, परिवार और समाज की बुनियाद महिलाओं के कंधों पर होती है। परिवार संभालने का पूरा दारोमदार उन्हीं पर होता है। घर की जिम्मेदारी बखूबी निभाने वाली बिहान की दीदियों ने इस बार शत प्रतिशत मतदान बिलासपुर का अभिमान सूत्र को हकीकत में बदलने की जिम्मेदारी भी ले ली है। इन दीदियों ने आज रक्षाबंधन त्यौहार के पहले चुनई राखी तिहार मनाया और स्वयं मतदान करने के अलावा अन्य लोगों को भी मतदान के लिए प्रेरित करने का बीड़ा उठाया है। प्रार्थना भवन में आयोजित चुनई राखी त्यौहार में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजीव कुमार झा, सीईओं जिला पंचायत एवं स्वीप के नोडल अधिकारी अजय अग्रवाल सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी और बड़ी संख्या में बिहान की दीदियां, कॉलेज के विद्यार्थी शामिल हुए। कार्यक्रम में नगर की समाज सेवी संस्था पायल फाउंडेशन एक नया सवेरा एवं मार्मिक चेतना संस्थाओं का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। बेहद रोचक कार्यक्रम में शत प्रतिशत मतदान बिलासपुर का अभिमान के नारे से पूरा शहर गूंज उठा।



कलेक्टर संजीव कुमार झा के निर्देश पर साल के अंत में होने वाले विधानसभा निर्वाचन में मतदाताओं की शत प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए बड़े पैमाने पर स्वीप की गतिविधियां आयोजित की जा रही है। इसी कड़ी में रविवार को चुनई राखी त्यौहार कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें बिहान की दीदियों ने स्वयं के द्वारा तैयार की गयी राखी संकल्प सूत्र बांधकर सभी से मतदान में आनी भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की। कलेक्टर ने इस अवसर पर कहा कि मतदान लोकतंत्र का आधार है। एक-एक वोट से लोकतंत्र मजबूत होता है। वोट देने का अधिकार ऐसा अधिकार है जो हमें 18 साल इंतजार करने के बाद मिलता है। हमारे पास बहुत सारी जिम्मेदारियां हैं जिनका हम बखूबी निर्वहन करते हैं। ठीक उसी प्रकार मतदान करना भी हमारी जिम्मेदारी है जो हमें संविधान ने दी है इसलिए हम सभी को अपने मताधिकार का उपयोग अवश्य करना चाहिए। उन्होंने सभी से अपील करते हुए कहा कि पात्र सभी लोग अपना नाम मतदाता सूची में अवश्य जुड़ाएं और अपने मताधिकार का इस्तेमाल करें। सीईओ श्री अग्रवाल ने कहा कि बिलासपुर में मतदान का प्रतिशत कम है। इसे बढ़ाना हम सबकी जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी से मतदान करने और अपने आस-पास के लोगों को प्रेरित करने की अपील की ताकि बिलासपुर जिला प्रदेश और देश के मानचित्र पर शत प्रतिशत मतदान से अपनी सशक्त भूमिका दर्ज कराएं।

**मतदाता शपथ**

आगामी विधानसभा निर्वाचन एवं सभी निर्वाचनों में निष्पक्ष रूप से शत प्रतिशत अपने मताधिकार का उपयोग करने की मतदाता शपथ सभी ने ली।

**भाईयों की कलाईयों में बंधेगी स्वीप राखियां**

इस रक्षाबंधन पर भाईयों की कलाईयों में बिहान दीदियों के द्वारा बनाई गई स्वीप राखियां बंधेगी। बिल्हा ब्लॉक की महिला प्रगति समूह और जलधारा समूह की महिलाओं ने धान की बालियों सहित अन्य सामग्रियों से आकर्षक राखियां बनाकर मतदाता जागरूकता का संदेश दे रही हैं।

**प्रश्नोत्तरी सहित अन्य रोचक प्रतियोगिताओं का आयोजन**

कार्यक्रम में बिहान दीदियों से मतदान से जुड़े प्रश्नोत्तरी और उंगली का दम जैसी अन्य रोचक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें विजयी प्रतिभागियों को कलेक्टर संजीव कुमार झा ने पुरस्कार भी दिया।

कार्यक्रम में समूह की दीदियों ने अपने आसपास मतदाता जागरूकता के लिए की जा रही गतिविधियों की जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने अपने विचार भी साझा किए। कार्यक्रम का सफल संचालन आरजे सुश्री संस्कृति और फीजा ने किया। इस अवसर पर अतिरिक्त तहसीलदार शशिभूषण सोनी, अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय के एनएसएस प्रभारी मनोज सिन्हा, जिला पंचायत के पीओ ओम पाण्डेय, एनआरएलएम के जिला समन्वयक रामेन्द्र सिंह गुर्जर, आशीष शर्मा सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

# टीएल बैठक में कलेक्टर श्री दुबे ने की सीएम हेल्पलाईन तथा शासकीय गतिविधियों की समीक्षा

रायसेन। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित टीएल बैठक में कलेक्टर अरविंद दुबे द्वारा समय सीमा वाले शासकीय पत्रों, सीएम हेल्पलाईन तथा आगामी विधानसभा निर्वाचन को लेकर की जा रही तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई। उन्होंने विभागवार सीएम हेल्पलाईन में लंबित आवेदनों तथा अभी तक की गई कार्यवाही की विस्तृत जानकारी लेते हुए शीघ्र संतुष्टिपूर्ण निराकरण के निर्देश अधिकारियों को दिए।

कलेक्टर ने महिला बाल विकास विभाग, जनजातीय कार्य विभाग, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, सहकारिता सहित अन्य विभागों में लंबित सीएम हेल्पलाईन आवेदनों के निराकरण में अपेक्षाकृत प्रगति नहीं होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए जिला अधिकारियों को कार्यप्रणाली और मॉनीटरिंग में सुधार लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिकारी संबंधित व्यक्ति से चर्चा कर वस्तुस्थिति जाने तथा निराकरण संबंधी कार्यवाही से भी अवगत कराएं।



आगामी विधानसभा निर्वाचन संबंधी तैयारियों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले के सभी 1226 मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर रैम्प, शौचालय, फर्नीचर, बिजली, खिड़की-दरवाजे सहित अन्य सभी जरूरी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराएं। उन्होंने स्वीप के तहत जिले में की जा रही मतदाता जागरूकता गतिविधियों की जानकारी लेते हुए सभी वयस्क नागरिकों के नाम मतदाता सूची में दर्ज हो, इसके लिए नागरिकों को प्रेरित करें। साथ ही आगामी विधानसभा चुनाव में मतदान करने के लिए जागरूक करें। कलेक्टर श्री दुबे ने सभी अधिकारियों से कहा कि निर्वाचन संबंधी जो भी पत्र, निर्देश प्राप्त हो रहे हैं उनका भलीभांति अध्ययन करें तथा पालन संबंधी कार्यवाही करें। बैठक में स्वास्थ्य, शिक्षा, पीडब्ल्यूडी, कृषि सहित अन्य विभागों की गतिविधियों की समीक्षा की गई। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अंजू भदौरिया, अपर कलेक्टर अभिषेक दुबे सहित जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

# मध्य प्रदेश सरकार की लाडली बहना योजना के अंतर्गत रायसेन नगर पालिका ने आयोजित किया राखी के संग पाती कार्यक्रम का भव्य आयोजन

## देश में मध्य प्रदेश ऐसा पहला राज्य जहां सरकार ने लालड़ी बहनों को दिया सम्मान,,,, जिला भाजपा अध्यक्ष राकेश शर्मा

रायसेन। मध्य प्रदेश सरकार द्वारा माता बहनों के हित में चलाई गई यशस्वी लाडली बहना योजना के अंतर्गत जिला मुख्यालय स्थित अयोध्या बस्ती के मंगल भवन में नगर पालिका परिषद द्वारा राखी संग पाती कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में माता बहनों ने उत्साह के साथ कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए जिला भाजपा अध्यक्ष राकेश शर्मा ने माता बहनों को संबोधित करते हुए कहा कि बहनों पूरे देश में हमारा मध्य प्रदेश एक ऐसा राज्य है जहां सरकार ने माता बहनों के हित में कल्याणकारी लाडली बहना योजना लागू कर माता बहनों का गौरव और सम्मान बढ़ाया है निश्चित तौर पर इस योजना को मूर्त रूप देने में हमारे प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री शिवराज सिंह जी चौहान द्वारा इस प्रकार की योजना लागू की गई है कि जिससे माता बहनों को आर्थिक रूप से और ज्यादा आत्मनिर्भर बनाया जा सके। वास्तव में लाडली लक्ष्मी योजना की जितनी सारी ना की जाए उतनी कम है मैं तो कहता हूं कि पूरे प्रदेश में हमारे मुख्यमंत्री शिवराज सिंह जी चौहान द्वारा लाडली बहना योजना बनाकर इसे क्रियान्वित करते हुए बहुत ही सराहनीय कार्य किया है जिससे आज हमारी माता बहनों को योजना के अंतर्गत एक एक हजार की राशि मिलने लगी है और रक्षाबंधन के अवसर पर उन्होंने₹250 की अतिरिक्त राशि और बहनों के खातों में डलवाई है ऐसे मुख्यमंत्री आपको कहां मिलेंगे मैं तो कहता हूं बहनों का भाई हो तो शिवराज जी जैसा आज के आधुनिक दौर



में जहां सगे भाई कई जगह अपनी बहनों को सम्मान नहीं दे पा रहे हैं वही हमारे मुख्यमंत्री श्री चौहान द्वारा पूरे प्रदेश की माता बहनों को सम्मान दिलाने के लिए लाडली बहन योजना लागू कर उन्हें आर्थिक रूप से भी मजबूत बनाने का काम किया जा रहा है, बहुत ही सराहनीय है । उन्होंने कहा कि आगे चलकर हमारी सभी बहनों को ₹3000 की राशि मुख्यमंत्री श्री चौहान उनके खातों में भिजवाएंगे। जिला भाजपा अध्यक्ष श्री शर्मा जब लाडली लक्ष्मी योजना के अंतर्गत मुख्यमंत्री श्री चौहान द्वारा दिए जा रहे सहयोग के मामले में बता रहे थे इसी दौरान कार्यक्रम में मौजूद कई माता बहनों के आंखों से प्रेम के आंसू वह पड़े और बहने भी अपने मुख्यमंत्री भाई शिवराज की पहल का उत्साह के साथ स्वागत करते देखी गई इस अवसर पर श्री शर्मा ने विस्तार के साथ लाडली बहना योजना के मामले में कार्यक्रम में मौजूद माता बहनों को समझाया उन्होंने सभी माता बहनों से आह्वान करते हुए कहा कि आप भी रक्षाबंधन के इस पवित्र मौके पर अपने भैया शिवराज सिंह जी के लिए एक चिट्ठी लिखकर पहुंचाएं और उन्हें इस बात का धन्यवाद दे की उन्होंने बहनों के हित में सराहनीय पहल करते हुए लाडली बहना योजना की शुरूआत की, जिसका लाभ हजारों बहनों को मिल रहा है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर पालिका परिषद अध्यक्ष श्रीमती सविता सेन ने कहा कि मध्य प्रदेश सरकार द्वारा लाडली बहन योजना चलाकर माता बहनों के सम्मान की दिशा में सराहनीय कदम उठाया गया है जिससे माता बहने अब पूरे तरीके से आत्मनिर्भर होकर काम कर सकेंगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह जी चौहान द्वारा लाडली बहन योजना के तहत सभी बहनों के लिए एक एक हजार की राशि उनके खातों में डलवाई है जिससे बहने आत्मनिर्भर बन सके, इसके अलावा रक्षाबंधन के त्यौहार को देखते हुए उन्होंने 250 रुपए की राशि अतिरिक्त बहनों के खातों में भेज दी है जो हमारी माता बहनों के लिए प्राप्त भी हो चुकी है।

**माता बहनों ने स्क्रीन पर भी देखा राज्य स्तरीय राखी संग पाती कार्यक्रम,,,,**

आयोजित किए गए राखी संग पाती कार्यक्रम के दौरान प्रदेश स्तर पर होने वाले कार्यक्रम का प्रसारण स्क्रीन पर किया जा रहा था जिसमें प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान सहित पार्टी के कई वरिष्ठ नेता और महिला मोर्चा के प्रदेश स्तरीय पदाधिकारी एवं हजारों की संख्या में माता बहने मौजूद थी। इस कार्यक्रम को लाइव बहनों ने देखा। लाइव प्रसारण देखकर बहनों ने भी उत्साह के साथ प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर कार्यक्रम में जिला भाजपा अध्यक्ष राकेश शर्मा के अलावा भाजपा नेता एवं विधायक प्रतिनिधि जमना सेन, पूर्व नपा अध्यक्ष श्रीमती मंजू सिंह कुशवाह, धीरेंद्र सिंह कुशवाह, चंद्र कृष्ण रघुवंशी, नगर मंडल अध्यक्ष आदित्य जीतू शर्मा, वार्ड 11 की पार्षद श्रीमती नेहा आदित्य चावला, बृज बिहारी मिश्रा, ब्रज विश्वकर्मा, मनोज यादव सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में माताएं एवं बहने मोजूद रही

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने दिव्यांगजनों को बताया मतदान का महत्व

## मतदान हेतु दिव्यांगजनों को मिलने वाली सुविधाओं की भी दी जानकारी

रायसेन। जिले में आगामी विधानसभा निर्वाचन में अधिक से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करें, इसके लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद दुबे के निदेशानुसार मतदाता जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसी क्रम में जिला प्रशासन के समन्वय से आरंभ संस्था द्वारा रायसेन में दिव्यांगजनों के लिए मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें कलेक्टर श्अरविंद दुबे द्वारा दिव्यांगजनों को मतदान का महत्व बताते हुए मतदाता सूची में नाम जुड़वाने तथा वोट डालने के लिए प्रेरित किया गया।

कलेक्टर श्री दुबे ने उपस्थित दिव्यांगजनों से कहा कि लोकतंत्र में एक-एक वोट का महत्व होता है। मतदान प्रत्येक नागरिक का अधिकार भी है और कर्तव्य भी। सभी मतदाताओं को अपने मतदान अवश्य करना चाहिए और इसके लिए मतदाता सूची में नाम दर्ज होना जरूरी है। उन्होंने उपस्थित दिव्यांगजनों से मतदाता सूची में नाम होने की जानकारी लेते हुए बताया कि 31 अगस्त तक मतदाता सूची में नाम जोड़ने के आवेदन लिए जा रहे हैं। कलेक्टर श्री दुबे ने दिव्यांगजनों को मतदाता सूची में नाम जोड़ने हेतु आवेदन की प्रक्रिया की जानकारी दी गई। साथ ही उपस्थित अधिकारियों से कहा कि जिन दिव्यांगजनों के नाम मतदाता सूची में नहीं हैं, उनके नाम जोड़ने की कार्यवाही की जाए।

कलेक्टर श्री दुबे ने बताया कि देश का प्रत्येक नागरिक चाहे वह दिव्यांग हो, वृद्धजन हो, बीमार हो, वह मतदान कर सकें इसके लिए निर्वाचन आयोग द्वारा अनेक सुविधाएं दी गई हैं। दिव्यांगजनों के लिए भी निर्वाचन आयोग द्वारा अनेक सुविधाएं दी गई हैं। उन्होंने बताया कि जो दिव्यांगजन, वृद्धजन मतदान केन्द्र पर जाकर वोट डालने में सक्षम नहीं है, उन्हें घर पर ही मतदान करने की सुविधा प्रदान की जाती है। इसके अलावा जो दिव्यांगजन मतदान केन्द्र पर आकर वोट डालना चाहते हैं, उनके लिए वाहन से मतदान केन्द्र तक लाने और वोट डालने के उपरांत वापस घर तक छोड़ने की सुविधा दी जाती है। मतदान केन्द्रों पर दिव्यांगजनों, वृद्धजनों के लिए रैम्प, व्हील चेयर, पेयजल, बैठक व्यवस्था सहित अनेक सुविधा उपलब्ध कराई जाती हैं। उन्होंने मतदान करने के लिए दिव्यांगजनों को दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में विस्तार से बताते हुए मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही दिव्यांगजनों द्वारा मतदान के संबंध में पूछे गए प्रश्नों का समाधान भी किया। कलेक्टर श्री दुबे ने आरंभ



संस्था द्वारा दिव्यांगजनों के लिए किए जा रहे कार्यो की सराहना भी की। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक श्री विकास शहवाल, जिला पंचायत सीईओ तथा स्वीप नोडल अधिकारी श्रीमती अंजू भदौरिया सहित संबंधित अधिकारी, आरंभ संस्था के प्रमुख अनूप किशोर सहाय सहित संस्था के अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

**मतदान करने की दिलाई शपथ**

कलेक्टर श्री दुबे द्वारा सभी दिव्यांगजनों को लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मयार्दा रखने तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ दिलाई गई।

# उदयपुरा विधानसभा क्षेत्र से भाजपा नेता सुरेश पाठक ने अपने समर्थकों के साथ प्रदेश भाजपा अध्यक्ष के समक्ष की टिकट के लिए दावेदारी

**सीएल गौर, संभागीय ब्यूरो, समाज जागरण**

रायसेन। आगामी समय में होने वाले मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के चलते इस बार जिले की उदयपुरा विधानसभा सीट पर सियासत जोर शोर के साथ शुरू हो गई है फिलहाल यह सीट कांग्रेस पार्टी के कब्जे में हैं यहां से देवेंद्र पटेल कांग्रेस के विधायक हैं परंतु इस बार इस क्षेत्र में बदलाव की लहर दिखाई दे रही है । भारतीय जनता पार्टी हर हालत में उदयपुरा विधानसभा क्षेत्र के लिए ऐसा दमदार प्रत्याशी खोज रही है जो कि वहां से जीत हासिल कर सके, इस क्षेत्र के लिए वर्तमान दौर में देखा जाए तो बरेली तहसील मुख्यालय निवासी वरिष्ठ भाजपा नेता सुरेश पाठक का नाम जोर-शोर के साथ क्षेत्र में चल रहा है इतना ही नहीं श्री पाठक उदयपुर सीट से टिकट पाने के लिए पूरी जी जान के साथ लगे हुए हैं अभी कुछ दिन पूर्व अपने दर्जन और समर्थकों के साथ प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा से भी मुलाकात करने पहुंचे और उन्हें उदयपुरा सभा क्षेत्र की गतिविधियों के बारे में विस्तार के साथ अवगत कराया इसके अलावा वरिष्ठ भाजपा नेता जिला भाजपा अध्यक्ष राकेश शर्मा से भी जिला भाजपा कार्यालय मिलने पहुंचे और उन्हें वस्तु स्थिति से अवगत कराया है । वैसे देखा जाए तो समाज सेवा के क्षेत्र में सुरेश पाठक अग्रणी रहे हैं समाज सेवा की बात करें तो वह दो बार नगर परिषद बरेली के अध्यक्ष भी रहे हैं और इसके अलावा दो बार श्री हिंदू उत्सव समिति बरेली के अध्यक्ष पद पर भी रह चुके हैं इससे पूर्व भाजपा आर्थिक व्यापारी प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष भी रहे हैं और एक सक्रिय भाजपा नेता की भूमिका निभाते हुए उदयपुरा विधानसभा क्षेत्र में अपनी सेवाएं देते रहे हैं। इस क्षेत्र की जनता के लिए भी वह पूरे समय सक्रिय रहकर जो



भी मदद बन पड़ती है वह करते आ रहे हैं एक तरह से कहा जाए की इस बार के होने वाले विधानसभा चुनाव में वरिष्ठ भाजपा नेता सुरेश पाठक उदयपुर सीट के लिए दमदार प्रत्याशी साबित हो सकते हैं सामाजिक दृष्टि से देखा जाए तो उदयपुरा विधानसभा क्षेत्र में 25 से 30 हजार ब्राह्मण समाज के मतदाता निवास करते हैं इसके अलावा अन्य समाज भी इस क्षेत्र में अपना प्रभाव रखती हैं किरार समाज के मतदाता भी काफी संख्या में है परंतु इस सबसे अगर ऊपर आकर देखा जाए तो सभी वर्गों के बीच सुरेश पाठक मिलकर काम करते रहे हैं उन्होंने कभी समाजवाद की राजनीति नहीं की यही कारण है कि उन्हें उदयपुरा विधानसभा क्षेत्र की सभी समाज का भरपूर समर्थन मिल रहा है अगर भारतीय जनता पार्टी इस बार के होने वाले विधानसभा चुनाव में वरिष्ठ भाजपा नेता सुरेश पाठक को उदयपुरा विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी घोषित करती है तो निश्चित तौर पर उदयपुर सीट भाजपा के कब्जे में आ सकती है। इस तरह की चचाएं पूरे उदाहरण विधानसभा क्षेत्र में आम जनता के बीच सुनाई दे रही हैं। मृदु भाषी और मिलनसार व्यक्तित्व के धनी सुरेश पाठक के मामले में कहा जा सकता है कि वह हर समाज हर समाज वर्ग के लोगों के साथ मिलकर काम करते आ रहे हैं और सभी को एक साथ लेकर चलते हैं उनका इस क्षेत्र में विरोध भी नहीं है सभी लोगों ने अपना समझते हैं अब वह भारतीय जनता पार्टी हाई कमान जाने की वह उदयपुरा विधानसभा क्षेत्र में किसको टिकट देती है परंतु अभी फिलहाल में तो उदयपुरा विधानसभा क्षेत्र के लिए जो नाम सबसे दमदार ओवर कर आया है वह सुरेश पाठक का है जिनकी चर्चा पूरे क्षेत्र में हो रही है।

# मुख्यमंत्री जनसेवा मित्रो का लोक सेवा केंद्र से संबंधित सेवाओ के लिए हुआ प्रशिक्षण

रायसेन। लोक सेवा केन्द्र रायसेन में जन सेवा मित्रों की एक दिवासीय प्रशिक्षण दिया गया अटल बिहारी वाजपई सुशासन एवं नीति विश्लेषण संस्थान भोपाल से चयनित मुख्यमंत्री जन सेवा मित्रों को सीएम फैलो आदर्श कुमार के निदेशानुसार एवं ब्लॉक समन्वयक राहुल लोधी के नेतृत्व में सभी जन सेवा मित्रों को लोक सेवा केंद्र रायसेन में एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें एसडीएम मुकेश सिंह एवं लोक सेवा केंद्र के शैलेन्द्र शक्या ने लोक सेवा केन्द्र से संबंधित जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में मुख्यमंत्री जन सेवा मित्रों को अवगत कराया गया साथ ही साथ मुख्यमंत्री जन से मित्रों को बताया गया कि अधिक से अधिक ग्रामीण क्षेत्र में विजिट के दौरान इस सारी जानकारी को विस्तृत रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर जानकारी दे ताकि अधिक से अधिक लोगों को लाभ मिल सके और वकीलों के झांसे में आकर ग्रामीण क्षेत्रों के लोग अपना समय और पैसा बर्बाद ना करें जिससे कि जनमानस को आर्थिक नुकसान होता है हम सब मिलकर लोगों को आर्थिक नुकसान से बचाने का प्रयास करेगें, और बताया गया कि प्रदेश की सरकार यह सारी जन कल्याणकारी योजना लोगों के हित में चलाया जा रहा है जिससे कि लोगों का काम आसान हो सके और लोगों को अधिक से अधिक लाभ मिल सके लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में इन सारे चीजों की जानकारी नही मिल पा रही है, इसलिए हमने जन सेवा मित्रों को प्रशिक्षण देकर जमीनी स्तर तक प्रदेश सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने का प्रयास करेगें ताकि लोगों को लाभ मिल सके और प्रदेश सरकार के लिए लोगों के मन में अच्छा संदेश जा सकें। जिसमें मुख्यमंत्री जन सेवा मित्र ब्लॉक समन्वयक राहुल लोधी,शिवानी नाविक,आशीष यादव,शिखा शाक्य, निकिता उपाध्याय, जुनेद,ज्योति,फराह,दशरत,विद्या, अभिषेक,आदि मौजूद रहे।



# जिले में अब तक 856.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज बीते 24 घंटे में हुई 4.3 मिलीमीटर औसत वर्षा

**रायसेन, 28 अगस्त 2023**

जिले में 01 जून 2023 से 28 अगस्त 2023 तक 856.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है जो कि गत वर्ष इसी अवधि में हुई औसत वर्षा से 470.8 मिलीमीटर कम है। जिले की वर्षा ऋतु में सामान्य औसत वर्षा 1197.1 मिलीमीटर है। अधीक्षक भू-अभिलेख द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 01 जून 2023 से 28 अगस्त 2023 तक जिले के वषार्मापी केन्द्र रायसेन में 629.8 मिलीमीटर, गैरतगंज में 954.6, बेगमगंज में 942.6, सिलवानी में 736, गौहरगंज में 587.3, बरेली में 1165, उदयपुरा में 1089.5, बाड़ी में 748, सुल्तानपुर में 685.4 तथा वषार्मापी केन्द्र देवरी में 1028.3 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

**बीते 24 घंटे में 4.3 मिलीमीटर औसत वर्षा**

जिले में बीते 24 घंटे में 28 अगस्त 2023 को प्रातः 08 बजे तक 4.3 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। इस दौरान वषार्मापी केन्द्र रायसेन में 3.4 मिलीमीटर, गैरतगंज में 0, बेगमगंज में 2.6, सिलवानी में 0.6, गौहरगंज में 4.6, बरेली में 2.6, उदयपुरा में 11, बाड़ी में 0, सुल्तानपुर में 1.1 तथा वषार्मापी केन्द्र देवरी में 17.1 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

# कलेक्टर, एसपी सहित अधिकारियों ने निःक्षय मित्र बनकर टीबी मरीजों को दिया पोषण आहार

रायसेन। प्रधानमंत्री टीवी मुक्त भारत अभियान अंतर्गत कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित कार्यक्रम में कलेक्टर अरविंद दुबे के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक विकास शहवाल, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अंजू भदौरिया सहित जिला अधिकारियों द्वारा निश्चय मित्र बनकर टीवी मरीजों को पोषण सहायता उपलब्ध कराई गई। इस अवसर पर सीएमएचओ डॉ दिनेश खत्री सहित अन्य चिकित्सा अधिकारी भी उपस्थित रहे।



केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा टीवी रोग उन्मूलन हेतु जन भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से कलेक्टर अरविंद दुबे एवं जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अंजू भदौरिया के निर्देशन में सामुदायिक स्तर पर गैर सरकारी संगठन, कॉरपोरेट जनप्रतिनिधि, सरपंच, ग्राम के समृद्ध परिवार एवं अन्य व्यक्ति को निश्चय मित्र बनने हेतु स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रोत्साहित किया गया। यह अभियान टीबी रोग से जुड़ी भ्रांति एवं छूत-अछूत की भावना को समाज से दूर कर मरीज को जांच, उपचार एवं पोषण सहायता उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 9 सितंबर 2022 को लांच किया गया था। इस कार्यक्रम का प्रथम वर्ष पूर्ण होने पर जिले के समस्त टीवी रोगियों को पोषण सहायता उपलब्ध कराने का दृढ़ संकल्प जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा लिया गया। निक्षय मित्र बनने वाले व्यक्ति को अथवा संस्था को उपचार के दौरान 6 माह के लिए अपने क्षेत्र के टीबी मरीज को गोद लेकर उन्हें पोषण सहायता जांच में सहयोग अथवा अन्य मदद उपलब्ध कराना होता है। निःक्षय मित्र द्वारा केवल उन्हीं टीवी मरीजों को गोद दिया जाता है जिनके लिए मरीज की सहमति प्राप्त होती है।

# विधिक साक्षरता शिविर में छात्र-छात्राओं को दी गई नॉलसा, पॉक्सो, किशोर न्याय बोर्ड सहित बाल अधिकारों की जानकारी

रायसेन, 28 अगस्त 2023 जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्रधान जिला न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री अनीश कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में एवं जिला न्यायाधीश और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव श्रीमती संगीता यादव की उपस्थिति में शासकीय हाई स्कूल कलेक्ट्रेट कॉलोनी रायसेन में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित किया गया। जिसमें जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव रायसेन श्रीमती संगीता यादव द्वारा नालसा की बाल मैत्रीपूर्ण विधिक सेवा योजना, पॉक्सो अधिनियम, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, किशोर न्याय बोर्ड के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। शिविर में उपस्थित अधिवक्ता श्री सनत कुमार पांडेय द्वारा कार्यपालिका, विधायिका एवं न्यायपालिका एवं विधि क्षेत्र में कैरियर के संबंध में जानकारी दी गई। शिविर में नालसा एवं सालसा द्वारा संचालित विभिन्न योजनाएं, नालसा मोबाइल ऐप, नेशनल लोक अदालत आदि के विषय पर भी जानकारी दी गई। शिविर में विद्यालय के प्राचार्य श्री आरपी राजपूत सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहीं।

# सावन के आखिरी सोमवार पर कानपुर के मंदिरों में उमड़े शिव भक्त ,सुरक्षा के भी कड़े इंतजाम

सुनील बाजपेई कानपुर। आज यहां सावन के आखिरी सोमवार को शहर के सभी शिव मंदिरों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजामों के बीच भोले बाबा के दर्शनों के लिए भक्तों की भीड़ बीती देर रात से ही उमड़ती दिखाई पड़ी।

इस बीच सभी प्रमुख मंदिरों में सीसीटीवी और ड्रोन से पल-पल की निगरानी की भी व्यवस्था की गई है। साथ ही पुलिस, पीएसी और आरएएफ का कड़ा पहरा भी रहा , ताकि भक्त सुरक्षित तरीके से मंदिरों में दर्शन कर सकें।कुल मिलाकर यहां के शिव मंदिरों में आज सावन की आखिरी सोमवार पर देर रात से ही लाइन लगना शुरू हो गई थी। अफसरों ने देर रात से ही मंदिरों की निगरानी शुरू कर दी। इसी तरह से देहात में कहिंजरी के महाकालेश्वर मंदिर, सुभाष नगर के महादेवन मंदिर, असालतगंज के द्रोणेश्वर मंदिर, खेड़ाकुर्सी के संगमेश्वर शिव मंदिर, कृष्णदत्त निवादा के शिव मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ रही। इसी क्रम में जिनई के वाणेश्वर धाम मंदिर में आसपास के गांवों के लोगों की काफी भीड़ रही। डेरापुर के कपालेश्वर मंदिर में पूजन किया गया। शिवली के महाकालेश्वर मंदिर बैरी सवाई, भागवतेश्वर कडनी, बाघपुर के योगेश्वर, शिवली के साकेतधाम, ओमकारेश्वर, महाकालेश्वर मंदिर, मानसिला मंदिर में पूजन किया गया। शहर की तरह देहात के मंदिरों में भी सुरक्षा के तगड़े इंतजाम किए गए थे।

# अपराधियों पर कसा जाएगा शिकंजा उनका स्थान सिर्फ सलाखों के पीछे, कमलेश कुमार प्रजापति,

, **संवाददाता, नारायण तिवारी,** कुठौंद जालौन, जालौन पुलिस अधीक्षक डॉ ईराज राजा द्वारा जनपद में सभी थानों में आदेश दिए गए कि सुरक्षा के मद्देनजर समय-समय पर पैदल मार्च कर लोगों को एहसास दिलाएं कि वह सुरक्षित हैं एवं अपराधियों को एहसास दिलाएं उनके लिए हम कितने घातक हैं क्योंकि पुलिस अधीक्षक द्वारा चलाए गए ऑपरेशन लंगड़ा व ऑपरेशन पाताल ने अपराधियों की कमर तोड़ रखी है। जिससे सभी अपराधी अपराध करने से कतरा रहे है। इसी सुरक्षा के मद्देनजर कुठौंद थाना प्रभारी निरीक्षक कमलेश कुमार प्रजापति ने पुलिस बल के साथ कुठौंद कस्वा में पैदल गस्त कर लोगों को सुरक्षा का एहसास दिलाया एवं अपराधियों, संदिग्ध वाहन, संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग कर सघन चेकिंग अभियान चलाया तथा कुठौंद थाना प्रभारी निरीक्षक कमलेश कुमार प्रजापति ने आम जनमानस से अपील की कि यदि कोई संदिग्ध व्यक्ति दिखाई देता है या अपराधी किस्म का व्यक्ति नजर आता है तो उसकी सूचना तुरंत ही पुलिस को दें जिससे अपराध होने से पहले ही उसे पकड़ा जा सके। कुठौंद थाना प्रभारी निरीक्षक कमलेश कुमार प्रजापति पुलिस विभाग में अपनी साफ-सुथरी छवि रखने वाले थाना प्रभारियो में आते हैं जिन्हें कुछ दिन पूर्व जालौन पुलिस अधीक्षक इराज राजा ने कुठौंद थाना का कारभार सोपा है कुठौंद थाना प्रभारी निरीक्षक कमलेश कुमार प्रजापति ने पत्रकार वार्ता में बताया की शासन की मंशा के अनुरूप अपराधियों को किसी भी सूरत में बक्सा नहीं जाएगा उनका स्थान सिर्फ सलाखों के पीछे होगा

## पुरानी पेंशन वहाली के लिए शिक्षक संघ ने उठायी आवाज ।।

**माधौगढ़ :- सोमवार को पुरानी पेंशन बहाली के लिए बीआरसी माधौगढ़ में शिक्षक संघ ने आवाज बुलंद करते हुए शंखनाद रैली में दिल्ली चलने की हुंकार भरी।**

बीआरसी माधौगढ़ में एकत्रित हुए शिक्षक संघ ने पेंशन बहाली के लिए अपनी आवाज बुलंद की शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अजय निरंजन ने हल्ला बोलते हुए कहा कि 1 अक्टूबर को पेंशन शंखनाद रैली दिल्ली चलने की पूर्ण तैयारी है सरकार अब तक पुरानी पेशन बहाली के लिए चुप्पी साधे है जिसका शिक्षा संघ कई बार प्रदर्शन भी कर चुका है लेकिन इसका कोई असर सरकार पर नही पड़ा जिला महामंत्री हरेंद्र यादव एवं जिला प्रवक्ता मीडिया



प्रभारी हर्षित यादव एक अक्टूबर को विशाल पेंशन रैली में प्रतिभाग करने का आव्हान किया इस असर ना पढ़ने की स्थिति में संघ अब विशाल पेंशन रैली एक अक्टूबर को प्रतिभाग करेगी तो वही ब्लॉक अध्यक्ष अनूप गोयल ने पेंशन विहीन साथियों से अटेवा की सदस्यता लेने का अनुरोध किया ब्लाक कार्यकारिणी के विस्तार के लिए आधे सैकड़ा से अधिक शिक्षक एकत्रित हुए नितिन चतुर्वेदी, अवनीश तिगुनायक, अजय भदोरिया, माधवी , आलिफ ,भगत सिंह ,मनीष, अंजू ,धीरेंद्र चौहान,अमित राठौर, मनीन्द यादव,आदि शिक्षक मौजूद रहे।

## अति प्राचीन एंव ऐतिहासिक शिव मंदिर के महंत ने किया पत्रकार को सम्मानित

**बिकास राय**
**ब्यूरो चीफ**
**दैनिक समाज जागरण**

जनपद गाजीपुर के बाराचँवर ब्लॉक में ग्राम मोहम्मदपुर -खारा की सीमा पर स्थित यह प्राचीन मंदिर अपने परिदृश्य में विभिन्न प्रकार की लीलाओं को धारण किए हुए और अनेकों चमत्कारों की ऐतिहासिक कथाओं से विख्यातित्त है।

28 अगस्त 2023 सावन के अंतिम सोमवार को श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी हुई थी, इसी दौरान पत्रकार विकास राय( प्रभु जी) भोलेनाथ का आशीर्वाद लेने के लिए मंदिर के प्रांगण में पहुंचे तो वहां के मंहत अविकार नाथ गिरी (मुकेश बाबा) जी ने अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। महंत जी के उपस्थिति में



बिकास राय के द्वारा तीनों शिव मंदिर में जलाभिषेक किया गया। विकास राय प्रभु जी के यूट्यूब चैनल बेबाक भारत न्यूज ने 4 महीने में 100000 सब्सक्राइबर पूरा कर लिया और ढाई महीने में पुनः 100000 सब्सक्राइबर पूर्ण कर लिया।सावन के अंतिम सोमवार को इनके 204000 सब्सक्राइबर पूर्ण हो गया।जिससे प्रसन्न होकर महंत अविकार नाथ गिरी मुकेश बाबा जी ने विकास राय प्रभु जी को सम्मानित किया। इस मौके पर अमरनाथ सेठ, हरि प्रकाश सिंह, विनोद सिंह, राजकुमार यादव, गुड्डू यादव, लालू यादव , विपिन वर्मा, राम कृत कुशवाहा योगेंद्र सिंह,कृष्ण मोहन पाल, समेत सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे।

## रानी सुषमा देवी महिला महाविद्यालय में आयोजित हुई संगोष्ठी

**डेटा एक्सपर्ट टीम**
**अमेठी**

अमेठी। संस्कृत सप्ताह के अंतर्गत रानी सुषमा देवी महिला महाविद्यालय में संस्कृत विभाग की तरफ से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि संस्कृत विद्यालय देवीपाटन की प्रधानाचार्या डॉ० नीलम तिवारी ने दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्राचार्या डॉ० पूनम सिंह ने पुष्प गुच्छ प्रदान कर मुख्य अतिथि का स्वागत किया। स्वागत भाषण संस्कृत विभागाध्यक्ष डॉ० कंचना पाण्डेय ने



प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि ने संस्कृत भाषा और विषय की महत्ता को वैदिक काल से लेकर वर्तमान समय तक प्रासंगिकता को छात्राओं के सम्मुख विस्तार से प्रकट किया। इस अवसर पर छात्राओं ने संस्कृत गीत, भाषण, नाटक आदि की मनमोहक प्रस्तुत की। प्राचार्या डॉ० पूनम सिंह ने संस्कृत के ग्रंथों में वर्णित वैज्ञानिक तथ्यों को आज के वैज्ञानिक युग में उनकी सार्थकता को स्पष्ट किया। आभार प्रकाशन श्री शशांक त्रिपाठी ने ज्ञापित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक एवं प्राध्यापिकाएं उपस्थित रहे।

# रक्षा सूत्र बांध कर लिया हिन्दू धर्म की रक्षा का संकल्प।

अजमल हसन दैनिक समाज जागरण अफजलगढ/रेहड़ आगामी रक्षाबंधन पर्व से पूर्व हिन्दू धर्म की रक्षा के लिये रक्षा सूत्र बांधकर व पत्रक वितरित धर्म रक्षा का संकल्प लेकर धर्म रक्षाबंधन उत्सव मनाया गया।धर्म रक्षाबंधन उत्सव में वक्ताओं ने हिन्दू धर्म को विश्व का सबसे पवित्र प्राचीन धर्म बताते हुए सनातन संस्कृति को अक्षुण बनाए रखने का आह्वान किया। जानकारी अनुसार रेहड़ क्षेत्र अन्तर्गत बादीगढ़ चौराहे पर स्थित साई मंगल वाटिका में धर्म जागरण समन्वय मेरठ प्रांत व समन्वय विभाग धामपुर के संयुक्त तत्वावधान में धर्म रक्षाबंधन उत्सव आयोजित किया गया। जिसमें सुखदयाल सिंह ने बौद्धिक यज्ञ के साथ साथ वैदिक मंत्रों के साथ रक्षा सूत्र बांधकर सभी को भेद भाव दूर कर, धर्म, संस्कृति एवं समाज की रक्षा का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम मौजूद वक्ताओं ने अपने अभिभाषण में कहा हिन्दू धर्म पर आज अनेक



संकटों से घिरा हैं। संकीर्णतावादी विधर्मी शक्तियाँ हिन्दू धर्म को खंडित करने का सुनियोजित प्रयास कर रही हैं।मिशनरियों व गैर हिन्दू संगठन भय, प्रलोभन एवं आतंक द्वारा हिन्दुओं को मतांतरित कर रहें हैं।और बड़े स्तर पर अशिक्षा एवं गरीबी का लाभ उठाकर षडयंत्रपूर्वक मतान्तरण की कुचेष्टायें चल रही हैं।वक्ताओं ने कहा कि हिन्दुओं का मतांतरण राष्ट्र की सुरक्षा के लिये गंभीर संकट हैं मौके पर प्रमुख धर्म जागरण ईश्वर दयाल सिंह, प्रांत प्रमुख ओमपाल सिंह, प्रांत संयोजक जगेन्द्रदत्त शर्मा, विभाग प्रमुख विराट कुमार, प्रांत प्रशासनिक प्रमुख सत्यवीर गुप्त, सहविभाग प्रमुख संजय कुमार, पूर्व विधायक डा. इन्द्रदेव सिंह,सहित सैकड़ों महिला व पुरुष मौजूद रहें। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला संयोजक राजीव शर्मा व अध्यक्षता महेंद्रमान शेखावत (बिड़ला फार्म अध्यक्ष) ने की।

# आरोप: घर में महिला को बंधक बनाकर लूटपाट सोना और नगदी लूट ले गए

अजमल हसन दैनिक समाज जागरण अफजलगढ। नगर में दिनदहाड़े बदमाशों ने एक घर में घुसकर छुरे की नोंक पर लूटपाट की वारदात को अन्जाम दिया घटना के समय घर पर महिला अकेली थी। बदमाश कान के कुंडल लूट लें गए पीड़ित ने पुलिस तहरीर देकर कार्यवाही की मांग करी। जानकारी अनुसार नगर के मोहल्ला बेगम सराय गांव मेघपुर मोड़ निवासी फरमान पुत्र नफीस अली ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि सुबह सवेरे खेत पर काम करने गया था घर के सभी बच्चे स्कूल गए थे उसकी मां शाहिदा घर अकेली थी समय करीब 8:30 बजे एक बदमाश घर में कूद कर आया और धारदार हथियार मां के गले में



रख दिया और घर में रखे 8 हजार रुपए और गुल्लक फोड़ कर सैफ अलमारी में रखे 26000. रू तथा मां के कान से सोने के कुंडल कान से छीनकर ले गया। बदमाश में ने महिलाओं को बताया कि उनके तीन साथी घर से बाहर खड़े हैं शोर मचाया तो जान से मार दूंगा एक ही व्यक्ति छुरे की नोक पर लूट की घटना को अंजाम देकर घर के पीछे खेतों की ओर मैघपुर गांव की तरफ भाग गया। सूचना पाकर पहुंचे एस-।आई गंगाराम गंगवार ने घटना की जानकारी हासिल कर लुटेरे बदमाश की तलाश शुरू कर दी है

## साहब: दबंगो में चकरोड तोड़कर अपने खेतों में मिलाया

कोंच (जालौन) कोंच तहसील के चांदनी गांव में खेतों की ओर जाने वाले चकरोड को तोड़कर दबंग किसानों ने अपने खेत में मिला लिया है। जिससे आगे खेतों वाले किसान आने जाने के लिए परेशान हैं। पीड़िता ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर चकरोड की पैमाइश करा।कर उसे दबंगों के कब्जे से मुक्त कराने की मांग की है। पिरौना निवासी शीला देवी ने एसडीएम कोंच को शि।कायती पत्र देकर बताया कि चांदनी मौजा में उनकी खेती है। उनके खेतों पर जाने के लिए चकरोड बना था। लेकिन पास के कुछ दबंग किसानों ने जबरन चकरोड पर कब्जा जमाकर उसे तोड़ डाला और चकरोड अपने खेत में मिला लिया है। जिससे खेतों पर जाने के लिए



अन्य किसानों को परेशानी हो रही है। वह अपने कृषि कार्य नहीं कर पा रहे हैं। इतना ही नहीं चकरोड न होने के कारण वह कृषि उपकरण भी नहीं जा पा रहे हैं। जिससे उनकी खेती नष्ट हो रही है। दबंग लोगो को जब चकरोड तोड़ने से मना किया गया। तो वह लड़ाई, झगड़े व मारपीट पर आमादा हो गए। पीड़ित महिला ने एसडीएम से चकरोड की पैमाइश कराकर चकरोड को दबंगों के कब्जे से मुक्त कराने की मांग की है।

**गलत पैमाइश करने का लेखपाल पर भी लगाया आरोप**

वही शीला देवी ने उपजिलाधिकारी कोंच को बताया कि मौजा चांदनी लेखपाल ने सही से पैमाइश नही की। जबकि वर्तमान में खेत तक आने जाने के लिए चकरोड था लेकिन लेखपाल ने गलत पैमाइश की जिससे दबंग लोगो ने चकरोड को तोड़ कर अपने खेतों में मिला लिया।

## , अपराधियों पर कसा जाएगा शिकंजा उनका स्थान सिर्फ सलाखों के पीछे, कमलेश कुमार प्रजापति,

**संवाददाता, नारायण तिवारी,** कुठौंद जालौन, जालौन पुलिस अधीक्षक डॉ ईराज राजा द्वारा जनपद में सभी थानों में आदेश दिए गए कि सुरक्षा के मद्देनजर समय-समय पर पैदल मार्च कर लोगों को एहसास दिलाएं कि वह सुरक्षित हैं एवं अपराधियों को एहसास दिलाएं उनके लिए हम कितने घातक हैं क्योंकि पुलिस अधीक्षक द्वारा चलाए गए ऑपरेशन लंगड़ा व ऑपरेशन पाताल ने अपराधियों की कमर तोड़ रखी है। जिससे सभी अपराधी अपराध करने से कतरा रहे है। इसी सुरक्षा के मद्देनजर कुठौंद थाना प्रभारी निरीक्षक कमलेश कुमार प्रजापति ने पुलिस बल के साथ कुठौंद कस्वा में पैदल गस्त कर लोगों को सुरक्षा का एहसास दिलाया एवं अपराधियों, संदिग्ध वाहन, संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग कर सघन चेकिंग अभियान चलाया तथा कुठौंद थाना प्रभारी निरीक्षक कमलेश कुमार प्रजापति ने आम



जनमानस से अपील की कि यदि कोई संदिग्ध व्यक्ति दिखाई देता है या अपराधी किस्म का व्यक्ति नजर आता है तो उसकी सूचना तुरंत ही पुलिस को दें जिससे अपराध होने से पहले ही उसे पकड़ा जा सके। कुठौंद थाना प्रभारी निरीक्षक कमलेश कुमार प्रजापति पुलिस विभाग में अपनी साफ-सुथरी छवि रखने वाले थाना प्रभारियो में आते हैं जिन्हें कुछ दिन पूर्व जालौन पुलिस अधीक्षक इराज राजा ने कुठौंद थाना का कारभार सोपा है कुठौंद थाना प्रभारी निरीक्षक कमलेश कुमार प्रजापति ने पत्रकार वार्ता में बताया की शासन की मंशा के अनुरूप अपराधियों को किसी भी सूरत में बक्सा नहीं जाएगा उनका स्थान सिर्फ सलाखों के पीछे होगा

## महाकालेश्वर नाथ मंदिर पर रविवार को संगीतमय अखंड हरीकिर्तन का आयोजन सम्पन्न

बिकास राय
ब्यूरो चीफ
दैनिक समाज जागरण

गाजीपुर जनपद के बाराचवर ब्लाक क्षेत्र के मुहम्मद पुर खारा स्थित महाकालेश्वर नाथ मंदिर पर रविवार को संगीतमय अखंड हरीकिर्तन का आयोजन किया गया ।सावन मास के अंतिम सोमवार को हरीकिर्तन के समापन के पश्चात हवन पूजन एवं आरती के बाद प्रसाद का वितरण किया गया ।सावन के सोमवार के दिन भोर से ही शिव भक्तों के आने का क्रम शुरू हो गया ।जो सुबह के साथ साथ बढ़ता गया ।सुबह आठ बजे तक शिव मंदिर परिसर शिव भक्तों से भर गया ।लोग बारी बारी से दर्शन पूजन जलाभिषेक दुग्धाभिषेक कर मंदिर से बाहर निकलते रहे। क्षेत्र के लोगों की इस महाकालेश्वर मंदिर के प्रति अपार श्रद्धा है ।इस कार्यक्रम में रविदेव गिरी पत्रकार,रमेश यादव, गुड्डू नेता, गुड्डू वी आईपी, राजकुमार यादव,ओम प्रकाश यादव,शिव कुमार यादव,राम रतन यादव,लालू यादव,



रामाशीष यादव,अनिल जायसवाल, अध्यक्ष अमरनाथ वर्मा,रवि प्रकाश यादव, गणेश यादव, चन्द शेखर यादव, योगेन्द्र सिंह,रामकृत कुशवाहा,दुर्गेश सिंह,राम निवास यादव,अंगद यादव, आनंद यादव, यशवंत सिंह प्रबंधक आर एस कान्वेंट स्कूल बाराचवर,बिकास राय पत्रकार,महंत महाकालेश्वर मंदिर मुकेश बाबा समेत ढेर सारे लोग उपस्थित रहे।

## अधिक यूरिया के प्रयोग के प्रति जागरूकता अभियान कार्यक्रम

**ब्यूरो शमीम अहमद सिद्दीकी**
**दैनिक समाज जागरण**
**बिजनौर**

नजीबाबाद- विकास खंड में विकास खंड स्तरीय गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमे मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख श्री तापराज सिंह द्वारा की गई , किसानों को संबोधित करते हुए उन्होंने यूरिया के अधिक मात्रा में किए जा रहे उपयोग के बारे में किसानों को आवाहन किया कि यूरिया के अधिक प्रयोग से जल प्रदूषण, वायू प्रदूषण व भूमि के पी एच में बदलाव हो रहा है , अत किसानों को यूरिया काई प्रयोग आधा करके नैनों यूरिया व नैनों डी ए पी का प्रयोग करना चाहिए ।

कार्यक्रम में सर्वप्रथम उपमहा प्रबंधक श्री शैलेंद्र सिंह जी द्वारा सभी का स्वागत करते हुए कार्यक्रम की शुरूआत की गई सर्वप्रथम श्री शैलेंद्र सिंह (उप महाप्रबंधक) ने किसानों से रसायनिक उर्वरको के प्रयोग को कम करने के साथ ही नैनों उर्वरकों ,जैविक उर्वरक,सागारका, प्रयोग करने की अपील की ।

एडी ओ सहकारिता श्री जायवीर सिह ने सहकारी समितियो द्वारा किसानों को दी जा रही सुविधाओं की जानकारी दी तथा अधिक से अधिक किसानों से समिति का सदस्य बनाने का आह्वान किया

राहुल सिह ने गन्ने के लाल सड़न, विभिन्न फसलो में लगाने वाले कीट व बीमारी से बचाव एवं उपाय के बारे में विस्तृत चर्चा की गई।

तत्पश्चात कुलवंत सिह अध्यक्ष जसवंतपुर द्वारा सभी गण मान्य सचिवों से नैनो आधारित उर्वरक को किसानों के बीच अधिक से अधिक प्रचार करते हुए अधिक बिक्री करने के निर्देश दिए गए जिससे की हमारे किसान भाइयों की लागत कम करके अधिक उत्पादन और विष मुक्त अनाज प्राप्त कराया जा से साथ ही सब्सिडी के रूप में भारी धनराशि जो विदेशों में जाती है उसे काम करके उस धनराशि से विकास कार्य किया जा सके।

मुख्य अतिथि महोदय द्वारा सभी से पारंपरिक उर्वरक के प्रयोग को कम करते हुए आधुनिक नैनो उर्वरक आधारित उर्वरकों के प्रयोग को बढ़ाने का अनुरोध किए।

अंतिम कड़ी में इफको द्वारा उपस्थिति गण मान्य को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कार्यक्रम का अंतिम रूप दिया गया।। कार्यक्रम में ब्लॉक की सभी समितियों के प्रगतिशील कृषकों एव प्रतिनिधियों एव प्रबंध निदेशकों ने भाग लिया ।

# मुखिया महासंघ का अपने राज्यव्यापी हड़ताल के तहत अम्बेदकर प्रतिमा के समक्ष धरना कार्यक्रम

जयनगर नित्यानंद झा राजू

बिहार प्रदेश मुखिया महासंघ के आह्वान पर मधुबनी जिला मुखिया महासंघ जिला मुख्यालय स्थित अम्बेदकर प्रतिमा के समक्ष मंगलवार 29 अगस्त को धरना देकर प्रदर्शन करेगी। इस बाबत मधुबनी जिला मुखिया महासंघ के सचिव जीतेन्द्र कुमार सिंह ने जिला पदाधिकारी मधुबनी, जिला पंचायत पदाधिकारी मधुबनी और अनुमंडल पदाधिकारी मधुबनी को आवेदन देकर सूचित करते हुऐ अनुमति मांगा है और सहयोग का अनुरोध किया है।

बिहार प्रदेश मुखिया महासंघ मुखिया के अधिकारों में कटौती और राज्य सरकार की गांधीजी के ग्राम स्वराज के सपनों के विपरीत नीतियों के विरोध में 16 अगस्त से 31 अगस्त तक अपने राज्यव्यापी हड़ताल पर है साथ ही पंचायत के कार्य का बहिष्कार कर रही है।` बिहार प्रदेश मुखिया महासंघ पटनो और मधुबनी जिला के मुखिया महासंघ मधुबनी16 अगस्त 2023 से 31 अगस्त 2023 तक सभी बैठक, कार्य का बहिष्कार, शांति पूर्ण, असहयोग ,बहिष्कारे आंदोलने ग्राम पंचायतों के अधिकार में हो रहे दिन प्रतिदिन कटौती का विरोध गांधीजी जी के आदर्शों के अनुरूप कर रही है। मधुबनी जिला मुखिया महासंघ की अध्यक्षा रुपम कुमारी ने बताया कि ग्राम पंचायतों के अधिकारों में कटौती एवं महात्मा गांधी के ग्राम पंचायत के सपनों के विपरित कार्य के खिलाफ 29 अगस्त मंगलवार को जिला मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन किया जायेगा। जिलाध्यक्ष रुपम कुमारी ने कबीर अंत्येष्टि योजना, सभी प्रकार के सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना, पंचायत में जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र बनने की व्यवस्था, मनरेगा के मजदूरों के हित में कार्य, मनरेगा मजदूरों की संख्या एवं दैनिक मजदूरी में वृद्धि और समय पर भुगतान की व्यवस्था, प्रधानमंत्री मंत्री आवास योजना इंदिरा गांधी आव

## प्रचार-प्रसार की मची धूम, जत्थों के साथ प्रत्याशी मांग रहे वोट

उरई (जालौन) चुनाव प्रचार को लेकर प्रत्याशियों के बीच जबरदस्त होड़ है। पूरी ताकत झोंक कर जत्थों की शक्ल में चुनाव प्रचार कर रहे हैं। समाजवादी पार्टी के कार्यकताओं ने पूरी ताकत प्रचार प्रसार और जनसंपर्क में झोंक दी है। वही समाजवादी पार्टी से रंजना को जिला पंचायत सदस्य से



टिकट मिला जिसको लेकर समाजवादी पार्टी के कार्यकताओं ने गांव गांव में वोट मांगे। वही ग्रामीण भी जनसंपर्क के दौरान उनके साथ रहे। इसी दौरान इगुई खुर्द, परैछा और बसोब में बड़ी संख्या में समाजवादी पार्टी के कार्यकताओं ने वोट मांगे। जिसमे सैकड़ो की संख्या में गाड़ियां रही।

## ग्राम पंचायत मे हुए नरेगा व पक्के काम ।।

माधौगढ़ :- विकास खंड माधौगढ़ की ग्राम पंचायत जमरेही अब्बल मे ग्रामीणों ने बताया कि शासन द्वारा चलाई जा रही समुचित योजना का लाभ अब तक ग्रामीणों को प्रधान ने उपलब्ध कराया है जिसमे नरेगा व पक्के काम भी शामिल है ।



ग्राम प्रधान ने बताया कि ग्राम पंचायत मे नरेगा व पक्के कार्य हुए है जिनकी जानकारी ग्रामीणों से की जा सकती है जबकि विपक्षियों ने अधिकारियों से कार्यों का व्योरा मांगते हुए जाँच कराने की मांग की है हालांकि देखा जाये ग्राम पंचायत मे जो भी कार्य हुए है वह सभी धरातल पर मौजूद है जिनका रिकार्ड ऑनलाइन भी दशार्या गया है नरेगा मे हुए कार्यों की बात की जाये तो तालाब की खुदाई , चकरोड़ , इंटरलॉक नाली आदि कार्य हुए है जिनका रिकार्ड ब्लाक की जारी की हुई बेबसाइड पर मौजूद है जिसका आँकालन किया जा सकता है कि ग्राम पंचायत मे कितना कार्य अबतक हुआ है।

## डिवाइडर से टकराई कार:नींद की झपकी बनी हादसे का कारण, बाल-बाल बचे कार सवार

अजमल हसन दैनिक समाज जागरण अफजलगढ़। थाना क्षेत्र के अन्तर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग कार चालक को नींद आ जाने के कारण कार संकेत बोर्ड तोड़कर डिवाइडर पर चढ़ी चालक गंभीर रूप से घायल राहगीरों ने घायल को नगर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया कार में चालक का पूरा परिवार बैठा था बड़ी घटना होने से बच्ची प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार प्रातः लगभग 10:00 बजे बरेली से कोटद्वार जा रहे बरेली निवासी रिटायर आई वेयर अधिकारी जेडी सूथा अपनी निजी कार



चला रहे थे वैगन आर वढ25अइ7274 कार जैसे ही जिकरीवाला के समीप पहुंची तो चालक सुथा को नींद आ गई कार संकेत सिग्नल तोड़ते हुए डिवाइडर पर जा टकराई यदि संकेत सिग्नल नहीं होते तो बड़ी गंभीर घटना घट सकती थी सुथा का पूरा परिवार कार में सवार था उनकी पत्नी शीला व बेटी स्वाति मामूली रूप से चोटिल हो गई। गंभीर रूप से घायल जेडी सुथा को राहगीरों मौहम्मद फुजैल व शहजाद अहमद ने नगर के निजी एम टी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उनका इलाज जारी है।

## इफको एमसी ने मनाया स्थापना दिवस

**ब्यूरो शमीम अहमद सिद्दीकी**
**दैनिक समाज जागरण**
**बिजनौर**

नजीबाबाद- इफको एमसी का 9वाँ स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर नजीबाबाद ब्लॉक परिसर में एक किसान गोष्टी का आयोजन किया गया, जिसमे मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख तपराज देशवाल जी उपस्थित रहें,इस शुभ अवसर पर सभी किसान भाईयो को इफको एमसी प्रतिनिधि श्री राहुल चौहान जी द्वारा इफको एमसी की उपलब्धियों के बारे में बताया गया,साथ ही इफको एमसी के किसान सुरक्षा बीमा योजना एवं फसलो में लगने वाले कीटो और रोगों में उपयोग होने वाले अपने उत्पादों के बारे जानकारी दी गयी,इसके बाद इंफको के क्षैत्रिय अधिकारी श्री शैलेंद्र जी द्वारा इंफको नैनों यूरिया,नैनों डी॰ए॰पी॰ एवम् जलविलय उर्वरकों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी,इसके पश्चात परिसर में उपस्थित सभी किसान भइयो कों ब्लॉक प्रमुख नजीबाबाद तपराज देशवाल जी द्वारा धन्यवाद दिया गया!

## मतदान केन्द्रों का युक्तिकरण कार्यक्रम को लेकर किया गया बैठक

**दैनिक समाज जागरण मनोज कुमार,व्यूरो रोहतास**

रोहतास जिलान्तर्गत सभी 7 (सात) विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के मतदान केन्द्रों के युक्तिकरण कार्यक्रम अन्तर्गत सोमवार को प्रारूप प्रकाशित मतदान



केन्द्रों की सूची पर प्राप्त दावा आपत्ति के निष्तार से संबंधित बैठक की गई। जिसमे जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला दण्डाधिकारी रोहतास की अध्यक्षता में माननीय सांसदगण/माननीय विधायकगण एवं जिलास्तरीय मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के अध्यक्ष/सचिव के साथ आयोजित की गई। उक्त दावा/आपत्ति के आलोक मे रोहतास जिला के मात्र तीन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों यथा - 208 - सासाराम विधानसभा सभा निर्वाचन क्षेत्र के अलख निरंजन, प्रवक्ता, जनता दल यूनाईटेड द्वारा 01 दावा/आपति, 210-दिनारा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के माननीय विधायक श्री विजय मंडल द्वारा 01 दावा/आपति एवं 213 - काराकाट विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के स्थानीय नागरिकों द्वारा - 02 दावा आपत्ति प्राप्त हुई। दावा/आपत्ति के निष्पादन से संबंधित आयोजित बैठक मे बिन्दुवार सभी आपत्तियों पर विमर्श किया गया तथा उक्त तीनों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों से प्राप्त दावा/आपत्तियों का निष्तार कर लिया गया है। जिस पर सभी उपस्थित माननीय विधायक/अध्यक्ष/सचिवों द्वारा सहमति व्यक्त की गई। उक्त बैठक में, माननीय विधायक विजय मंडल, दिनारा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, 208झसासाराम विधानसभा, 210-दिनारा विधानसभा एवं 213-काराकाट विधानसभा, उप निर्वाचन पदाधिकारी रोहतास क्यूक्यूटी ,जिलाध्यक्ष आम आदमी पार्टी हेमन्त कुमार, जिला अध्यक्ष राष्ट्रीय जनता दल रामचन्द्र ठाकुर, जिला अध्यक्ष इंडियन नेशनल कॉग्रेस कन्हैया सिंह , जिला सचिव कम्यूनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (मार्कसिस्ट लेबनिस्ट) नंद किशोर पासवान, जिला अध्यक्ष लोक जनशक्ति पार्टी (पारस गुट ) एवं भारतीय जनता पार्टी, रोहतास के जिला महामंत्री अशोक साह आदि उपस्थित हुए।

# लोकसभा चुनाव की तैयारी पर कुचाई में कांग्रेसियों ने बैठक कर कसा कमर

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

खरसावां आगामी 2024 में लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर कुचाई के आम बगान में सोमवार को कांग्रेस पार्टी के कुचाई प्रखंड अध्यक्ष फागु मुंडा के अध्यक्षता पर एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में 2024 में होने वाली लोकसभा चुनाव की तैयारी के साथ पार्टी की मजबूती पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में प्रखंड अध्यक्ष फागु मुंडा ने कार्यकताओं को निर्देश देते हुए कहा कि बुथ व पंचायत स्तर पर संगठन की विस्तार व मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य से ही हमें आगे बढ़ना है। ताकि आगामी 2024 में लोकसभा चुनाव पर कांग्रेस की जीत सुनिश्चित हो। उन्होंने



कहा कि आज देश में शिक्षा स्वास्थ्य कंप्यूटर विजली मनरेगा जैसे विभिन्न प्रकार की योजना कांग्रेस पार्टी की देन है। जिसकी सीधा लाभ अंतिम पायदान पर खड़े गरीब मजदूर जैसे लोगों को मिल रहा है। भाजपा पुंजी पतियों का सरकार है।देश में मोदी सरकार गरीबों व किसानों व घुटना टेकने पर मजबूर कर दिया है। बैठक में मुख्य रूप से अध्यक्ष फागु मुंडा,सुमित कुमार महतो, राजीव महतो, कुशल समाड, सोनाराम बोदरा, विकास बांकिरा,शंकर बांकिरा,मुन्ना समाड,कृष्णा चंद्र सोय,अमृत हेंब्रम, जगमोहन मुंडा,नामसी सोय,रामचंद्र मुंडा, आदि उपस्थित थे।

# राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन के हाथों सम्मानित हुए छऊ गुरु तपन पटनायक

## - छऊ नृत्य कला के क्षेत्र में विशेष योगदान के लिये रांची में किया गया सम्मानित

खरसावां : राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने सरायकेला के छऊ गुरु तपन कुमार पटनायक को रांची में आयोजित एक कार्यक्रम में मोमेंटो व प्रशस्ति पत्र दे कर सम्मानित किया. राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने छऊ नृत्य कला के क्षेत्र में गुरु तपन पटनायक के योगदान की भी सराहना की. रांची में बिरसा कृषि विश्वविद्यालय (बीएयू) और झारखंड राज्य पत्रकार संघ के संयुक्त तत्वावधान में कृषि और संबद्ध क्षेत्रों के विशेष संदर्भ में भारत को गौरवान्वित करने में झारखंड की भूमिका विषय पर सेमिनार का भी आयोजन किया गया था. इस दौरान छऊ नृत्य कला के क्षेत्र में विशेष योगदान के लिये छऊ गुरु तपन पटनायक को सम्मानित किया गया. इस दौरान बिरसा कृषि विश्व विद्यालय के कुलपति समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे. तपन पटनायक राजकीय छऊ कला केंद्र, सरायकेला के निदेशक रहे है. वह पिछले वर्ष सेवानिवृत हुए है. गुरु तपन पटनायक को पूर्व में संगीत नाटक अकादमी अवार्ड से सम्मानित किया जा चुका है. कला के प्रति समर्पण और योगदान के कारण गुरु तपन पटनायक को इससे पूर्व कई पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है. सरायकेला छऊ महोत्सव को राजकीय महोत्सव घोषित कराने में तपन पटनायक की महत्वपूर्ण भूमिका रही है.



वह पिछले पांच दशक से छऊ नृत्य के प्रति समर्पित हो कर कार्य कर रहे है. गुरु तपन पटनायक देश-विदेश में छऊ नृत्य का प्रदर्शन कर चुके है. साथ ही दर्जनों युवा कलाकारों को छऊ नृत्य सिखा चुके है.तपन पटनायक न केवल सरायकेला बल्कि खरसावां और मानभूम शैली छाऊ नृत्य के विकास में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है.महिलाओं को छऊ नृत्य में शामिल कराने में उनकी बड़ी भूमिका रही है.

# जामजोरी पंचायत के राधामट गाँव में मनसा पूजा को लेके एक दिवसीय क्रिकेट टूनार्मेंट का हुआ आयोजन।

**दैनिक समाज जागरण प्रखण्ड संवाददाता विपुल कुमार गोस्वामी फतेहपुर ,जामताड़ा (झारखण्ड)**

फतेहपुर प्रखण्ड के जामजोरी पंचायत के ग्राम राधामट खेल मैदान में अष्टमा मंगला मनसा पूजा के शुभ अवसर पर एक दिवसीय क्रिकेट टूनार्मेंट का आयोजन किया गया। जिसमें 8 टीम ने भाग लिया।क्रिकेट खेल मुख्य अतिथि के रूप में जामजोरी पंचायत के मुखिया प्रमिला मुर्मू ने उद्घाटन किया।फाइनल मैच घुघीकाटा और बान्दों के बीच खेला गया जिसमें घुघीकाटा ने 6 ओवर में 55 रन बनाया। जबाव में बान्दों ने लक्ष्य का पीछा करते हुए 4 ओवर 2 बल में जीत हासिल किया।विजेता



टीम को मुखिया प्रमिला मुर्मू ने ट्रॉफी देकर सम्मानित किया ।साथ उपविजेता टीम को मुखिया प्रतिनिधि द्वारा ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया एवं उप मुखिया ने पूरा टूनार्मेंट में अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी को भी सम्मानित किया गया।नंदू और मंगल मास्टर ने भी खिलाड़ियों को सम्मानित किया। मौके पर क्रिकेट समिति के अध्यक्ष राम किशोर राय, सचिव संतोष राय,कार्तिक पांडे,प्रभात मरांडी, श्रवन कोल, अर्जुन सिंह राजकुमार, लखींदर, सुरेश, दुर्योधन, पाणेशर टुडू, लाल बहादुर, रोमयो साथ ही लोकप्रिय कॉमेंटेटर एलियास अंसारी आदि मौजूद थे।

# सावन के अंतिम सोमवारी पर महादेव मठ कुंदा में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**दैनिक समाज जागरण निशांत तिवारी जिला संवादादाता चतरा**

चतरा(झारखंड)28अगस्त 2023:-जिले के कुंदा मे सावन के अंतिम सोमवारी के अवसर पर्यटक स्थल महादेव मठ मंदिर में श्रद्धालुओं की काफी भीड़ रही.बाबा भोलेनाथ के दर्शन के लिये अहले सुबह से ही श्रद्धालुओं भक्तों का आवागमन शुरू हो गया था,जो दिन भर भक्तों का आना जाना लगा रहा.श्रद्धालुओं ने सहस्त्र शिवलिंग समेत अन्य देवी देवताओं पर जलाभिषेक कर फूल बेलपत्र व पुष्प अर्पित कर नमन किया.पूजा को लेकर मन्दिर परिसर में हर हर महादेव,जय जय भोलेनाथ के जयघोष से पूरा मन्दिर परिसर गुंजयमान हो उठा.वही अंतिम सोमवार के अवसर पर प्रतापपुर से सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रतापपुर स्थित अमझर नदी से जल भरकर 20



किमी पैदल यात्रा कर कुंदा स्थित महादेव मठ स्थित भोलेनाथ पर जलाभिषेक किया.श्रद्धालुओं ने डीजे साउंड के साथ नाचते-गाते झूमते बाबा के दरबार पहुँच कर दर्शन किया.श्रद्धालुओं ने बताया कि महादेव मठ स्थित भोलेनाथ के दर्शन करने से मांगी हुई हर मुरादे पूरी होती है.

वही मंदिर पूजा समिति की ओर से मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं को नीबू-पानी पिलाया।

# सरायकेला खरसावां जिला में बालू का त्रासदी से मजदूर लोगो का जीना बेहाल हो गया हैं

**दैनिक समाज जागरण ,दयाल लायक ,ब्यूरो चीफ सराइकेला (झारखंड )29अगस्त2023**

बता दे सालडीह बस्ती रामदास भट्टा के समीप झोपड़ी में रहने वाली महिला और पुरुष अपने बच्चों को दो वक्त का रोटी देने के लिए बालू घाटों से बोरा के सहारे कुछ बालू निकालकर उसे बेचा करते हैं` मगर सरकार द्वारा बालू घाटों में प्रतिबंध होने से पुलिस द्वारा कार्रवाई की गई है` जिसमें एक लूना, साइकिल एवंदो व्यक्तियों को पकड़ा गया हैं` जिसके कारण महिलाएं अपने बच्चों के साथ आदित्यपुर थाना के परिसर में आकर बैठ गई थी` वहीं दो वक्त का रोटी पानी के लिए थाना प्रभारी से गुहार लगा रही है

इस संबंध में महिलाओं ने बताया कि कई साल पहले हरदेव सिंह ईटा भट्ठा में मजदूर का कार्य करने के लिए आए थे` भट्ठा बंद हो जाने के बाद बालू घाटों में चलने वाले गाड़ियों में मजदूरी का कार्य भी करते



थे` मगर कई सालों से बालू घाट बंद हो जाने के कारण मजदूर बेरोजगार हो गए हैं`वहीं दूसरी जगह काम मांगने पर रोजगार भी नहीं मिलता है जिसके कारण विवश होकर छोटे-छोटे बच्चों को पालने के लिए बालू घाटों का सहारा लेना पड़ता है

कुछ महिलाओं की आंखो से आंसू इतनी ज्यादा निकल रही थी कि जिसे उन्हें रोक पाना भी मुश्किल हो रहा था` वे लगातार दो वक्त की रोटी पानी के लिए थाना प्रभारी से गुहार लगा रही है` किंतु बालू घाटों में प्रत्यूष बंद होने के कारण भी आदित्यपुर थाना प्रभारी भी असमर्थ दिखाई दे रहे हैं

वही आदित्यपुर थाना में गुहार लगाने के बाद सरायकेला एस पी एवं डी सी महोदय के पास गयी थी

# हमारी जड़ें गांवों से शुरू होती है इसे हमे जीवित रखना होगा - कलाकार सौरभ प्रामाणिक*

## ग्रामीण परिवेश को जीवित रखने का काम कर रहे है चांडिल के कलाकार सौरभ

**शशि भूषण महतो, दैनिक समाज जागरण, अनुमंडल संवाददाता (चांडिल)**

चांडिल : सराईकेला खरसावां जिला के चांडिल अनुमंडल क्षेत्र के एक छोटे से गांव चैनपुर के रहने वाले युवा कलाकार सौरभ प्रामाणिक ग्रामीण परिवेश को जीवित रखने का काम कर रहे है . ग्रामीण परिवेश के कई बुजुर्ग आदमी और अलग अलग ग्रामीण स्थान जाकर लाइव पेंटिंग जलरंग के माध्यम से हुवाहु उकेरते है जिसे देखकर लोग काफी सराहना के साथ आशीर्वाद देते है .कलाकार सौरभ प्रामाणिक बताते है की हमारी जड़ें गाँवों से ही शुरू होती इसे हमे जीवित रखना चाहिए .कलाकार सौरभ अपनी कल्पना के साथ





समाज की समस्या को भी समय-समय पर उजागर करते रहते है . कलाकार सौरभ प्रामाणिक जमशेदपुर में स्थित टैगोर स्कूल ऑफ आट्र्स में फाइन आट्र्स में 6 साल का डिप्लोमा कर चुके है और अभी फिलहाल आदित्यपुर में स्थित श्रीनाथ विश्वविद्यालय में बैचलर ऑफ फाइन आट्र्स की पढ़ाई कर रहे है . इन्होंने अबतक कई चित्र बनवाए है जिसमें समाज में हो रही परेशानी ,ज्वलंत मुद्दों से लेकर कई ग्रामीण पर्व जैसे - करम परब,सोहराई, जितवा पर्व और टुसू आदि जैसे पर्वों को अपने कला के माध्यम से उकेरने का प्रयास किया है .

# *मध्य विद्यालय रंगोगोड़ा मे बच्चे के प्लास्टिक से आँख की पपनी जलने पर उपायुक्त नें लिया संज्ञान, प्रधानाध्यापक पर करवाई के दिए निदेश

**बच्चे का स्थिति बिलकुल समान्य है, बच्चे की दोनों आँख सुरक्षित है, बेहतर इलाज के लिए पूर्णिमा अस्पताल किया गया है रेफर- उपायुक्त**

***बच्चे के परिवार को मुख्यमंत्री चिकित्सा सहायता योजना के तहत मिला तत्काल ₹20000 की सहयोग राशि**

**दैनिक समाज जागरण ,दयाल लायक ,ब्यूरो चीफ सराइकेला (झारखण्ड) 28 अगस्त 2023**

आज दिनांक 28 अगस्त 2023 को मध्य विद्यालय रंगोगोड़ा खरसावां के गुरदिप्प महतो (पिता सुनील महतो उम्र- 10 वर्ष) के प्लास्टिक जलाने के क्रम मे आँख पर आग की लगने की सूचना मिली, जिसपर उपायुक्त



नें तत्काल संज्ञान लेते हुए बच्चे का बेहतर इलाज हेतू सिविल सर्जन को निदेशित किया वही जिला शिक्षा पदाधिकारी को सम्बन्धित विद्यालय के प्रधानाचार्य पर जांचोपरान्त कर-वाई करने के सम्बन्ध मे निदेशित किया। बच्चा के सदर अस्पताल मे आने के क्रम मे उपायुक्त नें सम्बन्धित चिकित्सको से वार्ता की इस दौरान चिकित्सको द्वारा बताया गया की बच्चे के आँख की सिर्फ पापनी जली है, दोनों आँख की रौशनी ठीक है। बच्चे की स्थिति समान्य है, बच्चे के बेहतर इलाज के लिए पूर्णिमा अस्पताल मे रेफर किया जा रहा है।

इस दौरान उपायुक्त के निदेशानुसार परियोजना निदेशक आईटीडीए श्री संदीप कुमार दुरईबुरु के द्वारा सदर अस्पताल पहुंच बच्चे के परिजन को मुख्यमंत्री चिकित्सा सहायता योजना के तहत तत्काल ₹20000 राशि का लाभ दिया

# सरदार वल्लभभाई पटेल फुटबॉल टूनार्मेंट का किया गया भव्य शुभारंभ

## खेल मनुष्य को शारीरिक तथा मानसिक रूप से स्वस्थ बनाते हैं: श्री तिवारी

**दैनिक समाज जागरण निशांत तिवारी जिला संवाददाता चतरा**

चतरा(झारखंड)28अगस्त2023:- जिले के यूनाइटेड क्लब गिद्धौर द्वारा आयोजित सरदार वल्लभभाई पटेल फुटबॉल टूनार्मेंट का भव्य शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि ज़िप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी ने फीता काट व फुटबॉल को किक मार कर किया. इस दौरान उद्घाटन मैच चतरा बनाम हजारीबाग के बीच खेला गया मुख्य अतिथि श्री तिवारी ने कहा कि फुटबॉल से शारिरिक और मानसिक दोनों का विकास होता है. ऐसे आयोजन से ग्रामीण क्षेत्रों के खिला-ड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलता है। मौके पर चतरा मुख्यालय डीएसपी केदार राम, यूना-इटेड क्लब के अध्यक्ष विनोद पास-



वान, अंचल अधिकारी जयशंकर पाठक, गिद्धौर थाना प्रभारी कन्हैया कुमार, यूनाइटेड क्लब के सचिव कपिल कुमार दांगी,यूनाइटेड क्लब के निर्देशक मनोज कुमार कुश-वाहा,भाजपा नेता सुजीत भारती, राजेश कुमार दांगी,सत्येंद्र कुमार दांगी, सगीता देवी, विधायक प्रतिनिधि महादेव जी,गिद्धौर पंचायत के उप मुखिया मंजू देवी दांगी ,भाजपा नेता लखन दांगी,नागेश्वर दांगी, काशीराम दांगी, यूनाइटेड क्लब के सदस्य संतोष कुमार राजेश कुमार ,अखिलेश कुमार,जीतू कुमार, गोलू कुमार, राहुल कुमार, सुमित कुमार, कमलेश दांगी,मोती कुमार, रिंटू कुमार, दयानंद कुमार ,संजय राणा, प्रवीण कुमार समेत सैकड़ों खेल प्रेमी उपस्थित थे।

# बोड़ाम के ऐतिहासिक डुलडुडुंगरी का विधायक ने बीडीओ संग किया निरीक्षण, पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की है योजना

**नंदा रजक, दैनिक समाज जागरण , बामनी संवाददाता, पटमदा**

पटमदा : बोड़ाम प्रखंड की गौरडीह पंचायत अंतर्गत रूपसान गांव स्थित ऐतिहासिक डुलडुडुंगरी को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने को लेकर सोमवार को जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने बीडीओ नाजिया अफरोज एवं टीएसी सदस्य सह ग्राम प्रधान विश्वनाथ सिंह स-रदार के साथ निरीक्षण किया। इसी मुद्दे पर उन्होंने पिछले कई माह पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं पर्यटन मंत्री हफीजुल हसन को ज्ञापन भी सौंपा था। उसके बाद ही विषय को संज्ञान में लेते हुए राज्य सरकार के पर्यटन विभाग ने उक्त स्थल का निरीक्षण कर प्रखंड प्रशासन को रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया है।

निरीक्षण के बाद विधायक व बीड-ीओ ने स्थानीय ग्रामीणों के साथ बैठक करते हुए डुलडुडुंगरी के इतिहास को जाना। ग्रामीणों से मिली



जानकारी को बीडीओ द्वारा रिपोर्ट तैयार करते हुए जिला प्रशासन के माध्यम से संबंधित विभाग को भेजा जाएगा। विधायक ने बताया कि यह स्थल पर्यटन के रूप में विकसित होने के बाद आसपास के गांवों के बेरोजगार युवाओं को भी रोजगार का साधन उपलब्ध होगा।

मौके पर बीस सूत्री अध्यक्ष श्यामापद महतो, मुखिया आरती सिंह, रामु कुंभकार, शिव शंकर महतो, विनय मंडल, मंटू महतो, किष्टो कुंभकार, भगवान सिंह, दिलीप महतो व कृतिवास प्रमाणिक समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

# आदित्यपुर : कुछ दिन पूर्वी ही सरायकेला जिला में उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला व एसपी डॉ विमल कुमार द्वारा सड़क सुरक्षा को लेकर अहम बैठक की गई थी

**दैनिक समाज जागरण ,दयाल लायक ,ब्यूरोचीफ सराइकेला (झारखंड )29अगस्त2023**

जिसमें उपायुक्त व एसपी द्वारा सभी थाना प्रभारी को निर्देश दिया गया था कि सभी ऑटो चालक एकत्रित कर स्थानीय थाना में बैठक की जाए` जिसमें सोमवार के दिन आदित्यपुर थाना में झारखंड शिक्षित बेरोजगार एसोसिएशन के संरक्षक सुजीत कुमार,अध्यक्ष ओम सिंह, उपाध्यक्ष एवं 90 से भी अधिक ऑटो चालक उपस्थित रहे`

बैठक में शहर के सड़को पर अवैध पार्किंग आदि की समीक्षा हुई अवैध पार्किंग होने से हादसा होने की आशंका रहती है` इसलिए सड़क पर अवैध पार्किंग को रोका जाए` बैठक में लाल बिल्डिंग, आकाशवाणी चौक, इमली चौक, असयाना व अन्य सड़कों पर पार्किंग के समस्या को लेकर भी चर्चा हुई

ऑटो एसोसिएशन के प्रतिनिधियों को वाहन परमिट से जुड़े कागजात सही



रखने और जिला परिवहन कार्यालय से कागजात की जांच कराने का निर्देश दिया गया`ऑटो संघ के प्रतिनिधियों के साथ भाड़ा के गुला-इजेशन पर भी चर्चा हुई. संघ से प्रश-ासन ने ऑटो किराया यात्रियों के लिए निर्धारित दर की सूची देने का निर्देश दिया गया वही समिति के सदस्य के साथ ऑटो पार्किंग स्थल से ही सवा-री को उठाने की बात रखी गई` फिलहाल आदित्यपुर क्षेत्र में एक भी पार्किंग स्थल ऑटो के लिए उपलब्ध नहीं है जिसे भविष्य में उपायुक्त व एसपी द्वारा पार्किंग स्थल निर्धारित किया जाएगा

# दलमा सफारी परियोजना को पूर्णतः रद्द करने के लिए 136 गांव के ग्रामीणों ने लिखित ज्ञापन डीएफओ दलमा विल्ड लाइफ सेंचुरी को सौपा

शशि भूषण महतो, दैनिक समाज जागरण, अनुमंडल संवाददाता(चांडिल)

चांडिल:दलमा बचाओ समिती के बैनर तले ग्रामीणों दलमा सफारी परियोजना को पूर्णतः रद्द करने को लेकर दलमा विल्ड लाइफ सेंचुरी के खिलाफ लगातार बैठक कर विरोध कर रहे है । आन्दोलन के पूर्व दलमा से प्रभावित 136 गांव के लोग के हस्ताक्षर के साथ सोमवार को लिखित ज्ञापन दिया गया तथा श्री अभिषेक कुमार ड-



ीएफओ दलमा विल्ड लाइफ सेंचुरी को दलमा मे सफारी परियोजना का पूर्णता रद्द करने की अपील किया और योजना के प्रति विरोध किया । मौके पर क्षेत्र के ग्रामीण और दलमा बचाओं समिति के प्रतिनिधि शामिल थे ।

**दलमा में सफारी 1 सितम्बर से लागू:-.**

दलमा में सफारी की सुविधा एक सितंबर से शुरू हो सकती है। वन विभाग ने 90 लाख की लागत से 6 सफारी वाहनों की खरीदारी की है। जिसका संचालन करने की जिम्मेदारी जेएसआर ऑन व्हील्स कंपनी को मिली है। पांच एजेंसियों ने सफारी चलाने के लिए टेंडर भरा था। कंपनी को दलमा के फंड में प्रत्येक साल 1.51 लाख जमा करने होंगे ।

# शिकायत निवारण कार्यक्रम में बांकादा की वृद्धा सीधे उपायुक्त से बात की

**नंदा रजक, दैनिक समाज जागरण , बामनी संवाददाता, पटमदा**

पटमदा : जिला प्रशासन पूर्वी सिंहभूम की ओर से शिकायत निवारण कार्यक्रम की शुभारंभ सोमवार को किया गया। इस कार्यक्रम के तहत ग्रामीणों की समस्या का समाधान ऑनलाइन माध्यम से ही हो जायेगा जो प्रत्येक सप्ताह में सोमवार को जिला प्रश-ासन की ओर से आयोजित होगा जिसमें ग्रामीण प्रज्ञा



केंद्र से वर्चुअल माध्यम से जुड़ कर अपना समस्या जिला प्रशासन से रख सकता है। सोमवार को शिकायत निवारण कार्यक्रम में बोड़ाम प्रखंड के बांकादा गांव की वृद्धा श्रीमती गूंजा वाला रजक अपनी पेंशन की समस्या को लेकर सीधे उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री से बात की, उपायुक्त ने तुरंत समस्या को लेते हुए वृद्धा महिला को अपनी सभी पेंशन की सभी कागजात को प्रखंड कार्यालय, बोड़ाम में जमा करने को कहा। प्रज्ञा केंद्र, बंगई संचालक कृष्ण पद महतो ने कहा कि शिकायत निवारण कार्यक्रम(टॉक टू डीसी) बहुत ही अच्छा कार्यक्रम है, इस कार्यक्रम से ग्रामीणों को बहुत फायदा होगा क्योंकि अपना समस्या का समाधान सीधे जिला प्रशासन से बात कर सकते है।

# आजादी के 77 वर्ष में एक बार भी पक्का रास्ता नही बना टिपुटाड़ से झिंझीरगौड़ा तक का सड़क

**नंदा रजक , दैनिक समाज जागरण , बामनी संवाददाता, पटमदा**

पटमदा : बोडाम प्रखंड के चामटा मुख्य सड़क से टिपुटाड़ होते हुए झिंझीरगौड़ा तक लगभग 5 किलोमीटर रास्ता भारत के आजादी के 77 वर्षों में एक बार भी पक्का रास्ता नहीं बना जिसके चलते गांव -सोमाडीह, टोला - टिपुटाड़ का गांववालों को हर दिन गड्ढे रास्ते से आना - जाना करना पड़ता है और बरसात के दिनों में तो



ये रास्ता काफी जर्जर हो जाता है । ग्राम प्रधान अधर सिंह ने कहा कि प्रशासन अधिकारी और स्थानीय जनप्रतिनिधी इस सड़क को जल्द से जल्द पक्का करें , ताकि ग्रामीणों को जो परेशानी हो रही है उसका समाधान हो। इस बीच घासीराम सोरेन, नीलकांत सिंह, हेमन्त सिंह, सुसेन सिंह, गौतम महतो, प्रफुल्ल सिंह, बच्चन सिंह आदि उपस्थित थे।

# भामसं ने पर्यावरण संरक्षण को लेकर आम्रपाली परियोजना क्षेत्र में किया वृक्षारोपण

**दैनिक समाज जागरण निशांत तिवारी जिला संवाददाता चतरा**

चतरा(झारखंड)28अगस्त2023:-जिले के टंडवा मे सोमवार को भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध ईकाई झारखंड ग्रामीण मजदूर कल्याण संघ व सीसीएल कोलवरी कर्मचारी संघ द्वारा संयुक्त रूप से आम्रपाली -चंद्रगुप्त



परियोजना क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण के अंतर्गत वृक्षारोपण किया गया।बताया गया कि मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद सीसीएल कल्याण बोर्ड के सदस्य मुकेश कुमार, क्षेत्रीय अध्यक्ष संजय कुमार व सचिव शिव कुमार सिंह समेत अन्य वक्ताओं ने पर्यावरण संरक्षण की आवश्यकता पर बल देते हुए अधिकाधिक वृक्षारोपण करने की जरुरत बताए। वहीं पर्यावरण संरक्षण व संतुलन बनाए रखने हेतु शीघ्र हीं संघ द्वारा अभियान चलाकर बड़े पैमाने पर पेड़ों को लगाने तथा लोगों को जागरूक करते हुए उत्कृष्ट कार्य करने वालों को प्रोत्साहित किया जाएगा। वहीं अपनी प्रतिबद्धता जताते हुए माइन्स क्षेत्र में संघ के अधिकारियों व कर्मियों ने कई पेड़ों को लगाया। इस मौके पर पवन कुमार, रमेश वर्मा,जगेश्वर आतेराम,महेन्द्र कुमार सॉ, दीपक कुमार, अभिषेक कुमार, अवध कुमार, ओम कुमार समेत अन्य मौजूद थे।

# भूला में महिला समूहों के लिए विधायक निधि से बनेगा भवन : मंगल कालिन्दी

**नंदा रजक, दैनिक समाज जागरण , बामनी संवाददाता, पटमदा**

पटमदा : बोड़ाम प्रखंड अंतर्गत भूला पंचायत मंडप परिसर में सोमवार को जुगसलाई विधायक मंगल कालिन्दी का 4 पंचायतों की महिलाओं ने अभिनंदन करते हुए अपनी समस्याओं से अवगत कराया। इस दौरान विधायक ने उन समस्याओं प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने का आश्वासन देते हुए भूला संकुल (4 पंचायतों) की महिलाओं की नियमित बैठक एवं अन्य सुविधा हेतु विधायक निधि से पंचायत भवन के बगल में एक भवन निर्माण कराने का आश्वासन दिया।



मौके पर पूर्व जिला परिषद सदस्य स्वपन कुमार महतो, मुखिया मंगल सिंह, झामुमो कार्यकर्ता बहादुर सहिस, आदित्य कुंभकार, रीता प्रमाणिक, पद्मावती भगत, पार्वती सिंह, चित्रसेन भगत, उमा रानी बहादुर, जानकी महतो, बापी सहिस, मंगली मुर्मू, अष्टमी सिंह, प्रियंका दास, शोभा रानी महतो व ऋतुपर्णा महतो आदि उपस्थित थे।